RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 291
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 02 दिसंबर, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana





विनम्रता से परिपूर्ण
पेज - 11


## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,684 | ▲ | 620 | |
| निफ्टी | 17,166 | ▲ | 184 | |
| सोना | 46,048 | ▼ | 302 | /10 gm |
| चांदी | 61,031 | ▼ | 81 | /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 22.01°C
न्यूनतम 14.01°C

## क्विक न्यूज

### दो लाख के इनामी बदमाश धर्मेंद्र का हाईवोल्टेज ड्रामा

**जींद।** जींद के श्याम सुंदर हत्याकांड में बुधवार को 2 लाख के इनामी बदमाश धर्मेंद्र पहलवान को लेकर दिल्ली के रोहिणी में हाई वाल्टेज ड्रामा हुआ। फेसबुक पर लाइव चले एक वीडियो मे कुछ लोग फरार धर्मेंद्र को पकड़ते दिख रहे हैं और वो खुद को छुड़वाने का प्रयास कर रहा है। बाद में परिजनों ने उसे रोहिणी में पुलिस को सौंप दिया। कहा जा रहा है परिजन इसको लेकर भयभीत थे कि कहीं पुलिस धर्मेंद्र का एनकाउंटर न कर दे। जींद के एसपी नरेंद्र बिजरानिया ने धर्मेंद्र पहलवान के सरेंडर की पुष्टि की है। जींद पुलिस उसे लेने के लिए दिल्ली रवाना हो रही रही है। श्याम सुंदर हत्याकांड में यह दूसरी गिरफ्तारी है। इससे पहले पोकरी खेड़ी के नरेश को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

### श्रीनगर में ट्रैफिक पुलिस के जवान पर फायरिंग

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में बुधवार शाम आतंकी वारदात सामने आई है। घाटी के राजौरी कदाल इलाके में एक संदिग्ध आतंकी ट्रैफिक पुलिस के जवान मोहम्मद अब्दुल्लाह पर फायरिंग कर मौके से फरार हो गया। हमले में पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे अस्पताल में भर्ती किया गया है। गोलीबारी करने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने आतंकी के खिलाफ सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

### परमबीर सिंह पर कसता जा रहा शिकंजा

**मुंबई।** मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह का निलंबन जल्द ही हो सकता है। राज्य के गृहमंत्री दिलीप वलसे-पाटील ने कहा कि उनके खिलाफ अनुशासनहीनता और अनियमितता के कई आरोप हैं। हमने विभागीय और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके अलावा चांदिवाल कमेटी में पेशी के दौरान सिंह और सचिन वाझे के बीच हुई एक घंटे की बातचीत को लेकर गृहमंत्री वलसे-पाटील ने कहा कि मुंबई पुलिस आयुक्त हेमंत नागराले को निर्देश दे दिए गए हैं कि दोनों के बीच हुई मुलाकात की जांच कराएं। उन्होंने कहा, न्यायिक हिरासत में भेजा गया एक आरोपी और सह आरोपी की इस तरह मुलाकात नहीं हो सकती। चांदीवाल समिति के सामने अनिल देशमुख की वकील ने भी सिंह और वाझे की मुलाकात पर आपत्ति जताई थी।

### जयपुर के ज्वैलरी ग्रुप से पांच सौ करोड़ की ब्लैक मनी जब्त

**जयपुर।** इनकम टैक्स डिपार्टमेंट (आईटी) ने ज्वैलरी और रंगीन रत्न पत्थरों के एक्सपोर्ट से जुड़े जयपुर के ग्रुप पर छापेमारी की है। छापेमारी में 500 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध इनकम का पता चला है। सीबीडीटी ने बुधवार को बताया कि 23 नवंबर को हुए रेड के दौरान आईटी ने करीब 50 परिसरों की तलाशी ली थी। समूह के खिलाफ कार्रवाई में 4 करोड़ रुपये कैश और 9 करोड़ रुपये की ज्वैलरी भी जब्त की गई है। 500 करोड़ रुपये में से 72 करोड़ रुपये की अवैध इनकम को ग्रुप ने स्वीकार किया है।

### मनजिंदर सिंह सिरसा ने थामा भाजपा का दामन

**नई दिल्ली।** शिरोमणि अकाली दल के नेता और दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा भाजपा में शामिल हो गए हैं। केंद्रीय मंत्रियों धर्मेंद्र प्रधान और गजेंद्र सिंह शेखावत की मौजूदगी में उन्होंने भाजपा का दामन थामा। इस दौरान सिरसा ने अमित शाह और जेपी नड्डा को धन्यवाद दिया। भाजपा में शामिल होने से पहले सिरसा ने दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी से इस्तीफा दिया। वह प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष थे।

---

**हरियाणा के दो किसान भाइयों का जज्बा बेमिसाल**

# 10 गज के कमरे में केसर उगाकर लाखों रुपये कमाए

**सुधीर बैसला।** हिसार





**हरियाणा** के दो किसान भाइयों का जज्बा बेमिसाल है। इन्होंने अलग हटके ऐसा कर दिखाया है, जो इस बात को चरितार्थ करता है कि यदि इंसान कुछ ठान ले तो 'जहां चाह वहां राह' वाली बात भी जमीन पर उतर आती है। किसान प्रवीण सिंधु और नवीन सिंधु ने अपने घर के एक दस गज के कमरे में केसर की खेती ही उगा डाली। यह एक ईरानी तकनीक है। इन्होंने पहले इसे सीखा और अब इसे साकार भी कर दिखाया। इस बेमिसाल खेती की एयरोफोनिक पद्धति से खेती करके दोनों भाइयों ने लाखों रुपये का मुनाफा कमाया है। खुद की कामयाबी के बाद हिसार के ये दोनों भाई दूसरे किसानों के लिए भी न केवल मददगार साबित हो रहे हैं, बल्कि उन्हें प्रोत्साहित भी कर रहे हैं।

सिंधु बंधू का दावा है कि अगर कोई किसान इस पद्धति को बारिकी से समझकर खेती करें, तो वह महज दस गज के कमरे से ही आठ से नौ लाख रुपये प्रति वर्ष कमा सकता है। बता दें कि केसर की खेती प्राय: जम्मू-कश्मीर के बर्फीले इलाके में होती है। दरअसल, एयरोफोनिक तकनीक से ईरान में केसर की खेती घरों में ही की जाती है। दोनों भाइयों ने इंटरनेट से सभी जानकारियां जुटाकर हिसार आजाद नगर में केसर की खेती की। इस दौरान उन्होंने शीशे के रैक में तकनीक के अनुरूप बेस बनाकर केसर के बीज बोए, जो पौध बनी। इन पौध को तकनीक के अनुसार फिर रोपा गया। ध्यान रहे केसर की खेती में पौध को ज्यादा धूप से बचाना बहुत जरूरी है और ठंडक भी जरूरी है। लिहाजा 10 गज के कमरे में एसी भी लगाने पड़े। क्योंकि अच्छे उत्पादन के लिए दिन का तापमान 17 डिग्री और रात का तापमान 10 डिग्री होना चाहिए।

### कई बीमारियों में लाभदायक है केसर

आज के दौर में केसर हाइपरटेशन, खांसी, मिर्गी दौरे, कैंसर, यौन क्षमता को बढ़ाने, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों की आंखों की रोशनी के लिए और ह्रदय रोग के लिए लाभदायक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि किसानों की आय दो गुणा हो। ऐसे में किसान इस प्रकार की खेती करके अपनी आय को बढ़ा सकते हैं। आज के दिन केसर की कीमत मार्केट में साढ़े तीन लाख रुपये प्रति किलो तक है। प्रवीण ने बताया कि पिछले साल भी खेती की थी, जिसमें सात से आठ लाख रुपये का मुनाफा हुआ था।

---

# चन्नी-सिद्धू और जाखड़ को हाईकमान ने दिल्ली तलब किया

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़




**पंजाब** कांग्रेस में विवाद नहीं थम रहा है। नया विवाद पंजाब कांग्रेस प्रधान नवजोत सिद्धू के जिला प्रधानों के नाम खुद ही तय करने से जुड़ा है। इससे कुछ वरिष्ठ नेताओं की नाराजगी को देखकर कांग्रेस हाईकमान ने सीएम चरणजीत चन्नी, पार्टी प्रधान नवजोत सिद्धू और पूर्व पार्टी प्रधान सुनील जाखड़ को दिल्ली तलब कर लिया है।

सूत्रों के अनुसार, दिल्ली में पार्टी के विवाद पर कोई बड़ा फैसला लिया जा सकता है। पंजाब कांग्रेस प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू की ओर से तैयार की गई जिला कांग्रेस समितियों के अध्यक्षों की सूची पार्टी हाईकमान के पास अटक गई है। माना जा रहा है कि हाईकमान सिद्धू की तैयार की गई सूची और कार्यकारिणी के मॉडल को लेकर सहमत नहीं है। इस बीच, पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने भी सिद्धू का नाम लिए बिना ट्वीट के जरिए एक कटाक्ष किया कि 'आपके बंदर, आपकी सर्कस' मैं इस कहावत पर अमल करता हूं, मैंने न किसी को कोई सुझाव दिया है और न ही दूसरे के 'शो' में हस्तक्षेप किया है।

---

**पवार से मिलने के बाद ममता की दो टूक**

# हम नरेंद्र मोदी के खिलाफ सक्षम विपक्ष तैयार कर रहे

**एजेंसी।** मुंबई



**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने कांग्रेस और उसके युवराज राहुल गांधी पर बुधवार को दो टूक अंदाज में तंज कसा और उसके अस्तित्व पर ही सवाल खड़े कर दिए। ममता ने एनसीपी चीफ शरद पवार से मिलने के बाद कांग्रेस नेतृत्व वाले यूपीए को लेकर कहा कि अब यूपीए कोई गठबंधन नहीं है। यह खत्म हो चुका है। इससे पहले टीएमसी प्रमुख ने राहुल गांधी पर सिविल सोसाइटी के सदस्यों से मुलाकात के दौरान निशाना साधा। उन्होंने राहुल का नाम लिए बिना कहा कि अगर कोई कुछ करता नहीं है, विदेश में रहता है तो कैसे चलेगा। इसीलिए हमें कई दूसरे राज्यों में जाना पड़ा है।

शरद पवार और ममता के बीच सिल्वर ओक अपार्टमेंट में तकरीबन एक घंटे तक बातचीत हुई। इस मुलाकात के बाद एनसीपी चीफ शरद पवार ने कहा कि महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल का पुराना नाता रहा है। पवार ने कहा, मंगलवार को चीफ मिनिस्टर ममता बनर्जी की आदित्य ठाकरे और संजय राउत से मुलाकात हुई और बुधवार को ये एक पॉलिटिकल डिस्कशन के लिए यहां आई हैं। उन्होंने बंगाल में हुई जीत को लेकर अपने एक्सपीरियंस को हमसे शेयर किया है। पवार ने कांग्रेस को भी विपक्ष के इस नए मोर्चे में शामिल करने को लेकर कहा कि जो भी भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ हैं, वह हमारे साथ खड़े होकर भाजपा का मुकाबला कर सकते हैं। 2024 में नेतृत्व कौन करेगा, यह बाद का मुद्दा है। पहले सबको एक मंच पर आने की जरूरत है।

इसी दौरान ममता बनर्जी ने कहा कि हम भगवान से प्रार्थना करते हैं कि हॉस्पिटल में भर्ती उद्धव ठाकरे जल्दी फिट होकर हमारे सामने आए। उन्होंने आगे कहा कि हम भाजपा के खिलाफ एक फोर्स बनाने जा रहे हैं। शरद पवार एक सीनियर लीडर हैं और मैं उनके साथ एक राजनीतिक मशविरा करने के लिए यहां आई हूं। हम नरेंद्र मोदी के खिलाफ एक सक्षम विपक्ष तैयार कर रहे हैं। इससे पहले ममता ने मुंबई के वाईबी चव्हाण हॉल में सिविल सोसाइटी के लोगों से मुलाकात की। यहां उन्होंने कहा, अगर सभी रीजनल पार्टीज एक साथ आ जाएं तो भाजपा को आसानी से हराया जा सकता है। उन्होंने कहा, मैंने बहुत बार कांग्रेस को कहा कि एक एक्सपर्ट टीम बनाओ, जो हमें गाइड करे, लेकिन कांग्रेस सुनती ही नहीं है।

### विपक्ष का चेहरा बनने के सवाल पर बनर्जी बोली, मैं एक छोटी वर्कर हूं

ममता से जब यह पूछा गया कि क्या वे केंद्र सरकार के विरुद्ध विपक्ष का चेहरा बनेंगी, तो उन्होंने कहा कि वे एक छोटी वर्कर हैं और वर्कर ही बनी रहना चाहती हैं। हालांकि वे यह भी बोलीं कि जो खुद पर भरोसा रखते हैं, वही सब कुछ कर पाते हैं। ममता की कांग्रेस से बढ़ती दूरी और तीसरे मोर्चे की आहट के बीच पवार के साथ उनकी मुलाकत के कई सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। ये मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब अगले साल पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। मंगलवार को ममता आदित्य ठाकरे और संजय राउत से भी मिली थीं। इस मुलाकात के बाद आदित्य ठाकरे ने पत्रकारों से कहा था कि हम उनका मुंबई में स्वागत करते हैं। हम इस दोस्ती को आगे बढ़ाना चाहते हैं।

**अब यूपीए नहीं रहा, कोई विदेश में रहे तो नहीं चलेगा**

---

# मुख्यमंत्री मनोहर से नहीं होगी किसानों की बैठक

**गृह मंत्रालय ने रखी थी पहले आंदोलन से उठने की घोषणा करने की शर्त**

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़




**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की किसान नेताओं से होने वाली बैठक पर संशय है। किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने स्पष्ट किया है कि गृह मंत्रालय से कॉल आई थी कि शाम पांच बजे सीएम से मिल सकते हैं। यदि उससे पहले आप उठने की घोषणा कर सकते हैं, तो आप मिल सकते हो। चढ़ूनी ने कहा कि उन्होंने साफ कर दिया कि पहले सरकार केस वापसी की बात करे और मांगें पूरी करने की घोषणा करे। इसलिए मुख्यमंत्री से मिलने से इनकार कर दिया।

चढ़ूनी ने कहा कि हरियाणा के सीएम से कोई फोन नहीं आया। जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक आंदोलन खत्म नहीं होगा। हालांकि इससे पहले संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं ने कहा था कि किसान आंदोलन पर सीएम हरियाणा के साथ उनकी बुधवार को बैठक होगी। हरियाणा के किसान नेता चढ़ूनी पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि हरियाणा के किसान बॉर्डर से तब तक नहीं लौटेंगे, जब तक कि किसान आंदोलन में दर्ज हुए मुकदमे वापस नहीं लिए जाते। यदि सरकार ने अब मुकदमे वापस नहीं लिए, तो जाट आंदोलन की तरह बाद में मुकदमे भुगतने पड़ेंगे। हालांकि, सीएम मनोहर लाल भी मंगलवार को यह बात कह चुके हैं कि मुकदमे को लेकर डाटा जुटाया रहा है।

### एमएसपी पर संयुक्त मोर्चा जो फैसला लेगा, माना जाएगा

संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक के दौरान भाकियू नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने प्रदेश का पक्ष रखा। उन्होंने साफ किया कि कुछ निर्णय हरियाणा प्रदेश सरकार ने लेने हैं। इसके लिए वे पंजाब के फैसले के साथ नहीं जा सकते। जब तक प्रदेश सरकार उन्हें बुलाकर उनकी मांगों को नहीं सुनती और उन्हें नहीं मानती वे आंदोलन जारी रखेंगे। एमएसपी पर संयुक्त किसान मोर्चा जो फैसला लेगा, उसको माना जाएगा। इसके अलावा प्रदेश सरकार हरियाणा में किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस ले, शहीद किसानों के परिवार को मुआवजा दे और शहीद किसानों का स्मारक बनाने के लिए जगह तैयार तय करके किसानों को बताए। सरदार गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा ने अपनी वार्ता पर चर्चा के लिए बुलाया है। 4 दिसंबर तक का समय दिया गया है। तब तक सरकार क्या फैसला लेते ही, इंतजार किया जाएगा।

---

## सीरम ने बूस्टर डोज के रूप में कोविशील्ड के लिए मंजूरी मांगी

**नई दिल्ली।** पुणे की सीरम इंस्टीट्यूट (सीआई) ने भारत में बूस्टर डोज के रूप में कोवीशील्ड वैक्सीन के लिए डीजीसीआई से अनुमति मांगी है। इससे पहले कंपनी के सीईओ अदार पूनावाला ने मंगलवार को कहा था कि ओमिक्रॉन वैरिएंट से निपटने के लिए सीरम इंस्टीट्यूट कोविशील्ड का बूस्टर डोज बना सकता है।

पूनावाला ने कहा था, ओमिक्रॉन पर स्टडी की जा रही है। इस पर और जानकारी मिलने में अभी 2 हफ्ते का समय लगेगा। ऑक्सफोर्ड के साइंटिस्ट्स भी नए वैरिएंट पर रिसर्च कर रहे हैं। उनके रिजल्ट्स के आधार पर हम नई वैक्सीन ला सकते हैं, जो 6 महीने के अंदर बूस्टर डोज के तौर पर लगाई जा सकेगी। रिसर्च के परिणाम सामने आने के बाद तीसरी और चौथी डोज के बारे में भी जानकारी मिल सकती है।

---

# अंतरराष्ट्रीय उड़ानें 15 दिसंबर से शुरू नहीं होंगी

**एजेंसी।** नई दिल्ली/जिनेवा

**भारत** में इंटरनेशनल फ्लाइट्स की आवाजाही 15 दिसंबर से शुरू नहीं होगी। एविएशन रेगुलेटर डीजीसीए ने कहा, फिलहाल 15 दिसंबर से चालू होने वाली इंटरनेशनल फ्लाइट्स के फैसले पर रोक लगा दी गई है। नई तारीख जल्द ही घोषित की जाएगी। यह फैसला कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन की वजह से लिया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 नवंबर को ओमिक्रॉन को लेकर समीक्षा बैठक की थी। इसमें 15 दिसंबर से अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू करने के फैसले की समीक्षा करने के लिए कहा गया था। पीएम ने विदेश से आने वाले लोगों की सख्त निगरानी करने की बात भी कही थी। कोरोना का नया वैरिएंट ओमिक्रॉन

### तेजी से फैल रहा ओमिक्रॉन

**23 देशों में पहुंचा कोरोना का नया वैरिएंट**

दुनियाभर में तेजी से फैल रहा है। पिछले एक हफ्ते में ही यह दक्षिण अफ्रीका से लेकर 23 देशों में पहुंच चुका है। प्रभावित देशों के अलावा अब तक कुल 30 से ज्यादा देशों ने इस वैरिएंट को रोकने के लिए ट्रैवल बैन सहित अपने बॉर्डर तक सील कर दिए हैं। ओमिक्रॉन अब तक ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, बोत्सवाना, कनाडा, चेक गणराज्य, डेनमार्क, जर्मनी, हांगकांग, इजराइल, इटली, जापान, नीदरलैंड, नाइजीरिया, पुर्तगाल, रीयूनियन, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, स्पेन, स्विट्जरलैंड, स्वीडन, और ब्रिटेन में पहुंच चुका हैं।

---

## पंजाब चुनाव से पहले अकाली दल को बड़ा झटका

**पटियाला।** पंजाब चुनाव से पहले शिरोमणि अकाली दल को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के कद्दावर नेता और दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा ने अकाली दल से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया है। सिरसा ने दिल्ली सिख गुरुद्वार मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है। उन्होंने इस्तीफे के पीछे की वजह का खुलासा नहीं किया है। इस्तीफा देने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि देश और दुनिया के सिखों ने काफी मान बक्शा है। अगले चुनाव से भी खुद को दूर रखूंगा।

## दिल्ली में पेट्रोल आठ रुपये सस्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने बुधवार को कैबिनेट बैठक में पेट्रोल के दाम घटाने का फैसला लिया है। पहले दिल्ली में पेट्रोल का दाम 103.97 रुपये प्रति लीटर था, जिसे घटाकर 95.97 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। दिल्ली की जनता को दिए राहत वाले फैसले के बाद 1 लीटर पेट्रोल अब 8 रुपये सस्ता हो गया है। दिल्ली सरकार का यह फैसला बुधवार रास से लागू हो गया।

## उत्तराखंड में 18 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन करेंगे मोदी

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार दिसंबर को देहरादून का दौरा करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री 18 हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसमें करीब 8300 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कारिडोर का शिलान्यास भी शामिल है। दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कारिडोर की वजह से दिल्ली और देहरादून के बीच ट्रैवल टाइम 6 घंटे से घटकर करीब 2.5 घंटे हो जाएगा। इसमें कनेक्टिविटी के लिए हरिद्वार, मुजफ्फरनगर, शामली, यमुनानगर, बागपत, मेरठ और बड़ौत जैसे शहर भी शामिल होंगे।

---

# थानों में इंस्पेक्टर ही लगेंगे एसएचओ

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**चहेतों एसआई को नहीं मिलेगी अब थाने की कमान**

**गृह विभाग की आपत्ति के बाद पुलिस महानिदेशक ने लिया अहम फैसला**

**जिले** के थानों में एसएचओ की नियुक्तियों को लेकर पुलिस महानिदेशक पीके अग्रवाल ने अहम फैसला लिया है। अब थानों में इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारियों को ही थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। अभी तक पुलिस अधीक्षक थानों में अपनी पसंद के मुताबिक, सब इंस्पेक्टर या इससे नीचे के रैंक के पुलिस मुलाजिमों को भी थाना प्रभारी लगा देते थे। पुलिस महानिदेशक ने यह फैसला गृह विभाग की आपत्ति के बाद लिया है, जिससे तत्काल प्रभाव से अमल में लाने के आदेश जारी किए गए हैं।

डीजीपी ने गुरुग्राम, फरीदाबाद और पंचकूला के पुलिस आयुक्त, सभी जिलों के एसपी और रेलवे के एसपी को लिखित आदेश जारी कर दिए हैं। नियमत: इंस्पेक्टर को ही थाने का इंचार्ज बनाया जा सकता है। प्रदेश में थानों की तुलना में पर्याप्त संख्या में इंस्पेक्टर रैंक के पुलिस अधिकारी हैं। इसके बावजूद विभिन्न कारणों के चलते स्थानीय स्तर पर पुलिस अधीक्षकों ने अपने चहेते सब इंस्पेक्टरों को थाने की कमान सौंपी हुई है और इंस्पेक्टरों को पुलिस लाइन या दूसरे स्थानों पर लगाया हुआ है। इस पर आपत्ति जताते हुए डीजीपी ने साफ हिदायत दी है कि थाने का इंचार्ज इंस्पेक्टरों को ही बनाया जाए। जिन स्थानों पर सब इंस्पेक्टरों को प्रभारी बनाया गया है, वहां तुरंत प्रभाव से इंस्पेक्टरों को थाने की कमान सौंपी जाए। बताया जाता है कि इस बारे में शिकायतें आने के बाद गृहमंत्री अनिल विज ने डीजीपी को उचित कार्यवाही करने के आदेश दिए थे, जिसके बाद डीजीपी ने यह परिपत्र जारी किया है।

---

# हाईकोर्ट पहुंची आर्ट एंड क्राफ्ट शिक्षकों की भर्ती

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**विभाग और कर्मचारी चयन आयोग को जारी किया नोटिस**





**एचपीएससी** भर्ती घोटाले के बाद से निशाने पर आई आर्ट एंड क्राफ्ट शिक्षकों की भर्ती को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। याचिका में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से डिस्टेंस एजुकेशन के माध्यम से डिप्लोमा करने वाले उम्मीदवारों के चयन को रद्द करने की मांग उठाई है। बुधवार को हाईकोर्ट की जस्टिस लीजा गिल ने याचिका पर सुनवाई करते हुए हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, निदेशक प्राथमिक शिक्षा और हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

हाईकोर्ट ने यह नोटिस सोनीपत निवासी मनोज कुमार व अन्य द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए जारी किया। याचिका में हाईकोर्ट को बताया गया हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने 14 नवंबर को 816 आर्ट एंड क्राफ्ट टीचर्स की भर्ती का परिणाम घोषित किया था। इस भर्ती के लिए परिणाम के दौरान साफ लिखा गया था कि जिन उम्मीदवारों ने कुरुक्षेत्र विवि कुरुक्षेत्र से डिस्टेंस मोड के माध्यम से आर्ट एंड क्राफ्ट का डिप्लोमा किया है, उनका चयन इस डिप्लोमा को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले निर्भर करेगी।

याचिका के अनुसार 24 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कुरुक्षेत्र विवि से डिस्टेंस मोड के माध्यम से आर्ट एंड क्राफ्ट का डिप्लोमा करने वालों को अमान्य करार दिया। याची ने इसी फैसले के आधार पर कर्मचारी चयन को आर्ट एंड क्राफ्ट टीचर्स भर्ती का परिणाम संशोधित कर नए सिरे से जारी करने की मांग की है, क्योंकि काफी संख्या में ऐसे उम्मीदवारों का चयन हो गया था, जिन्होंने कुरुक्षेत्र से डिस्टेंस मोड के माध्यम से आर्ट एंड क्राफ्ट का डिप्लोमा किया था। उनकी योग्यता रद्द होने के बाद मेरिट के अनुसार नए उम्मीदवारों का चयन करने की भी मांग की गई है। हाईकोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आधार पर प्रतिवादी पक्ष को जवाब देने का आदेश दिया है।

Good Morning!
# फरीदाबाद पायनियर
हरियाणा, बृहस्पतिवार, 02 दिसंबर, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

**शहर का तापमान**
- अधिकतम 22.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 14.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**
- बीके अस्पताल की ओपीडी शुरू: सुबह 9 बजे
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेश कैम्प: सुबह 10 बजे
- कोरोना जांच प्रयोगशाला में जांच शुरू: सुबह 9 बजे
- वुमेंस पावर की तरफ से सेक्टर-23 में आर्ट एंड क्राफ्ट कक्षा: 2 बजे

**निवेश गुरु**

**म्यूचुअल** फंड योजनाओं को व्यक्तियों की विविध और विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। परिणामस्वरूप, कई म्युचुअल फंड योजनाएं हैं। एक दृष्टि से, म्यूचुअल फंड योजनाओं को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। उनमे शामिल हैइक्विटी फंड,ऋण निधि, और संकर धन। इक्विटी फंड वे हैं जो इक्विटी और इक्विटी से संबंधित उपकरणों में अपने कॉर्पस का निवेश करते हैं। दूसरी ओर डेट फंड, ऐसी योजनाएं हैं जो अपने निश्चित आय के साधनों जैसे कि ट्रेजरी बिल, सरकारी बॉन्ड, वाणिज्यिक पत्र और बहुत कुछ निवेश करती हैं।

**यूटीलिटी न्यूज**

### जेसी बोस के जीवन से ले सीख

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने आज आचार्य जगदीश चंद्र बोस को उनकी 163वीं जयंती पर याद किया तथा श्रद्धांजलि अर्पित की। जगदीश चंद्र बोस भारत के आधुनिक विज्ञान के अग्रदूत और बेतार संचार के जनक थे। कुलपति राज नेहरू ने विवि में जगदीश चंद्र बोस को पुष्पांजलि अर्पित की और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति ने कहा कि जेसी बोस अपने समय से काफी आगे थे। उन्होंने कहा कि आचार्य बोस का जीवन युवा शोधकर्ताओं के लिए आदर्श होना चाहिए और उन्हें महान भारतीय वैज्ञानिक के जीवन और कार्यों से सीखना चाहिए। उल्लेखनीय है कि आधुनिक विज्ञान के क्षेत्र में जगदीश चन्द्र बोस की उपलब्धियों को मान्यता देते हुए राज्य सरकार ने वर्ष 2018 में इस महान वैज्ञानिक के नाम पर विवि का नामकरण किया था।

**क्विक न्यूज**

### विकास कार्यों का उद्घाटन

**फरीदाबाद।** जननायक जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष तेजपाल डागर, शहरी जिला अध्यक्ष अरविंद भारद्वाज, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य धर्मवीर तेवतिया ने उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला द्वारा जिला फरीदाबाद को डी प्लान के तहत विकास कार्यों के लिए 26 करोड़ की रकम के कार्यों का नारियल फोड़कर उदघाटन किया। तेजपाल डागर व अरविंद भारद्वाज ने सेक्टर 15ए में आरडब्ल्यूए की मांग पर पार्क में इंटर लॉकिंग ट्रैक और एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर 6 की गली नंबर 1 व 2 जो कि कई वर्षों से खस्ता हालत में थी उनको डी प्लान के तहत लगभग 12 लाख रुपये की लागत से बनने वाली इंटर लॉकिंग टाइल्स से बनाई जाएंगी जिनका आज नारियल फोड़ कर उद्घाटन किया गया। तेजपाल डागर ने बताया कि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला हरियाणा प्रदेश के साथ साथ फरीदाबाद के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

# जानलेवा साबित हो रहे हैं फ्लाइओवर और सड़कों पर बने गड्ढे

## निगमायुक्त की डेडलाइन खत्म होने के बाद भी नहीं हुई सड़कों की मरम्मत

**राजेश दास।** फरीदाबाद



बल्लभगढ़ रेलवे फ्लाइओवर पर बने गड्ढे।



बड़खल रेलवे फ्लाइओवर पर जानलेवा हो चुके हैं गड्ढे।

**शहर** को स्मार्ट सिटी बनाने के नाम पर विभिन्न विभागों की तरफ से फिजुल के कामों में करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाया जा रहा है। लेकिन सबसे ज्यादा जरूरी शहर की सड़कों की तरफ कोई ध्यान देने की जरूरत महसूस नहीं कर रहा है। शहर की सड़के पहले ही खस्ता हालत में थी। रही सही कसर इस साल हुई भारी बरसात ने पूरी कर दी। लेकिन बरसात को मौसम खत्म हुए भी करीब दो महीने से ज्यादा समय गुजर चुका है। लेकिन सड़कों की मरम्मत करवाना तो दूर गडढों को भरवाने का भी कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। यहां तक शहर के चारों रेलवे फ्लाइओवर की सड़कें भी जर्जर हालत में पहुंच चुकी है। इनमें से कुछ स्थानों पर एक एक फुट गहरे गड्ढे बने हुए हैं।

शहर के लोगों द्वारा लगातार शिकायतें किये जाने के बाद नगर निगम आयुक्त ने निगम के संबंधित अधिकारियों को 30 नवंबर तक सभी सड़कों की मरम्मत करवाने और गडढों को भरवाने के आदेश दिये थे। लेकिन डेड लाइन खत्म होने के बावजूद न तो सड़क के गडढों को भरवाया गया है और न ही सड़कों की मरम्मत करवाई गई है। निगम की लापरवाही के कारण सड़कों पर बने गड्ढे जानलेवा साबित हो रहे हैं।

### फ्लाइओवर पर हादसों का इंतजार

**नगर** निगम के अधिकारी जिस तरह से शहर का विकास कर रहे हैं, उसे देखकर लगता है कि उन्हें किसी बड़े हादसे का इंतजार है। एनआईटी इलाके को हाइवे से जोड़ने के लिए शहर में चार रेलवे फ्लाईओवर ब्रिज हैं। इनमें बड़खल रेलवे फ्लाईओवर, नीलम फ्लाईओवर, बाटा रेलवे फ्लाईओवर और बल्लभगढ़ रेलवे फ्लाईओवर ब्रिज शामिल है। चारों ही फ्लाईओवरों का निर्माण वर्षो पहले नगर निगम और रेलवे की तरफ से करवाया गया था। लेकिन पिछले कुछ सालों के दौरान इन पुलों की कई बार मरम्मत करवाई जा चुकी है। मरम्मत के कामों में नगर निगम द्वारा करोड़ों रुपये खर्च किये जा चुके हैं। लेकिन इसके बावजूद पुल कुछ ही समय बाद फिर से जर्जर होने शुरू हो जाते हैं। नगर निगम द्वारा समय पर रख रखाव न करने की वजह से पुलों की हालत थोड़े ही समय में खस्ता हो जाती है। क्योंकि एक बार मरम्मत करवाने के बाद निगम द्वारा दोबारा ध्यान देने की जरूरत महसूस नहीं की जाती। जिससे स्थिति दयनीय होती जा रही है। बड़खल और बल्लभगढ़ फ्लाइओवर पर बने गहरे गडढों के कारण कभी भी हादसा हो सकता है।

### खतरनाक हो चुके हैं सड़क के गड्ढे



नीलम फ्लाइओवर पर भी जगह जगह बने हैं गड्ढे।

**शहर** की ज्यादातर सड़कों पर गड्ढे बने हुए हैं। इनमें से कुछ स्थानों पर बने गड्ढे काफी खतरनाक हो चुके हैं। जवाहर कालोनी की गुरूद्वारा रोड, सारन स्कूल रोड और नंगला रोड पिछले लंबे समय से लगातार सीवर का गंदा पानी भरा रहने की वजह से बुरी तरह जर्जर हालत में पहुंच चुकी है। इन तीनों ही सड़कों पर जगह जगह गहरे गहरे गड्ढे बन चुके है। गंदा पानी भरा होने की वजह से गड्ढे वाहन चालकों को दिखाई नहीं देते। ऐसे में दोपहिया वाहन चालक इनमें फंस कर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। इसी तरह सारन थाने के सामने सड़क टूट जाने से वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही है। शहर के पॉश सेक्टर 21 सी में हाल ही के सालों में बनी कई आरएमसी सड़कों की हालत भी बद से बदतर हो चुकी है। सेक्टर 22-23 के चौक पर स्पीड ब्रेकर टूटने से खतरनाक गड्ढे बने हुए हैं। इस तरह की परेशानिया ओल्ड प्रैस कालोनी से ईस्ट इंडिया चौक की ओर जाने वाली सड़क पर बनी हुई है।

### ठेकेदारों को दे रहे हैं फायदा

**पर्यावरण** के लिए नुकसान दायक होने की वजह से आरएमसी सड़कों के निर्माण पर सरकार ने कई साल पहले प्रतिबंध लगा दिया था। वहीं आरएमसी सड़कों के निर्माण में तारकोल की सड़कों से करीब दस गुणा ज्यादा लागत आती है। लेकिन इस सबके बावजूद ज्यादा चलने की दुहाई देते हुए नगर निगम अथवा एचएसवीपी द्वारा शहर में जगह जगह आरएमसी सड़कों का ही निर्माण करवाया जाता है। लेकिन संबंधित विभागों के ठेकेदारों द्वारा ज्यादा मुनाफे के चक्कर में घटिया सामाग्री का इस्तेमाल किया जाता है। जिसके कारण सड़के बनने के कुछ समय बाद ही टूटने लगती है। शहर की ज्यादातर आरएमसी सड़कों का निर्माण वर्ष 2018 और 2019 में हुआ है। इनमें से ज्यादातर सड़के दो साल के भीतर ही टूट चुकी हैं। सड़कों के रख रखाव और मरम्मत की पांच साल तक जिम्मेदारी निर्माण करने वाले ठेकेदार की होती है। लेकिन इस समय अवधि के भीतर सड़के टूट जाने के बावजूद निगम द्वारा ठेकेदारों को नोटिस जारी करने की बजाय समय गुजारते हुए ठेकेदारों को लगातार लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जाता है।

### सरकारी धन का दुरुपयोग



**सेक्टर** 21 सी आरडब्ल्युए के प्रधान जगदीश चौहान का कहना है कि सरकार आरएमसी सड़कों के निर्माण पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। लेकिन सड़के निर्माण के कुछ समय बाद ही टूट रही है। जिससे साफ है कि सरकारी धन का दुरूपयोग किया जा रहा है। बड़खल समेत शहर के अन्य फ्लाइओवरों पर बड़े बड़े गड्ढे बने हुए है। इन फ्लाइओवर से दिन भर अधिकारियों का आवागमन लगा रहता है। लेकिन इसके बावजूद मरम्मत करवाने की जरूरत कोई महसूस नहीं कर रहा है।

# स्कूल अपग्रेड होने पर विधायक का स्वागत

## गांव बडौली के माध्यमिक स्कूल के उच्चतर माध्यमिक होने पर ग्रामीण खुश

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



गांव बडौली में स्कूल को अपग्रेड कराने पर तिगांव के विधायक का स्वागत करते ग्रामीण।

**गांव** बड़ौली के निवासियों ने तिगांव के भाजपा विधायक राजेश नागर का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि नागर ने गांव के माध्यमिक स्कूल को उच्चतर माध्यमिक करवा कर उन्हें बड़ी सौगात दी है। अब बड़ी संख्या में गांव के बच्चों को पढ़ने के लिए दूर दूर नहीं जाना पड़ेगा।

विधायक नागर ने कहा कि हमारे बच्चे बच्चियों को 11वीं व 12वीं की पढ़ाई करने के लिए दूर-दूर जाना पड़ रहा था। जिससे ग्रामीण बड़े परेशान थे। हमने यह बात अपनी सरकार में रखी। जिस पर तुरंत फैसला होने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल और शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर का मैं धन्यवाद व्यक्त करता हूं। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वह अपनी जनसमस्याओं को लेकर कभी भी उनसे मिल सकते हैं। मैं हर समय आपके लिए उपलब्ध हूं। नागर ने कहा कि इससे पहले की सरकारों ने फरीदाबाद में शिक्षा को लेकर कोई बड़ा कदम नहीं उठाया था। जिसे आज हमारी सरकार निरंतर शिक्षा के मंदिरों को प्राथमिकता से लेकर लोगों की शिक्षा की राह आसान कर रही है।

हमने ग्रेटर फरीदाबाद क्षेत्र के गांववासियों की मांग पर तिगांव के डिग्री कॉलेज को शहीद स्मारक कॉलेज करवाया और वहां कई कोर्स बढ़वाए और सीटों में भी बढ़ोतरी करवाई। जिससे आज हजारों बच्चों को लाभ मिल पा रहा है। इसके अलावा गांवों के स्कूलों को भी अपग्रेड किया गया है। तिगांव में प्रदेश की पहली मॉडर्न आईटीआई बन रही है। इसके लिए हम उनके धन्यवाद हैं। चौ रणबीर सिंह चंदीला, चौ महेंद्र चंदीला, चौ बाबा जीत सिंह, बाबा राजा, चौ जुगेंद्र चंदीला, राजेंद्र मैंबर, कैलाश मास्टर, सतबीर सरपंच, विक्रम चंदीला, सन्तू चंदीला, मस्तू चंदीला, जयवीर मौजूद रहे।

# जेसी बोस विवि में विश्व एड्स दिवस पर निकाली जागरुकता रैली

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



जेसीबोस विवि में एड्स दिवस पर आयोजित जागरूक रैली में भाग लेते छात्र-छात्राएं।

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विविविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कम्युनिकेशन एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विवि एड्स दिवस के अवसर पर एक जागरूकता रैली निकाली, जिसमें पत्रकारिता एवं सामाजिक कार्य पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस रैली का शुभारंभ कम्युनिकेशन एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा, कम्प्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. कोमल भाटिया, प्रोक्टर प्रो. मुनीश वशिष्ठ तथा एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पवन सिंह मलिक की उपस्थित में किया गया। रैली के दौरान प्रतिभागियों द्वारा एचआईवी पॉजिटिव एवं एड्स से पीड़ित लोगों के साथ एकजुटता के वैश्विक प्रतीक के रूप में रैड रिबन पहने हुए थे। कुलपति राज नेहरू ने एड्स जागरूकता के लिए छात्रों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि विवि एड्स दिवस हर साल 1 दिसंबर को एड्स के खिलाफ जागरुकता फैलाने और एड्स से पीड़ित लोगों के लिए समर्थन दिखाने के लिए मनाया जाता है। इस बीमारी से रोकथाम के लिए निवारक उपायों के बारे में सही जानकारी होना जरूरी है, जिसके लिए जन-जागरूकता आवश्यक है।

# चलाएंगे एड्स जागरुकता अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



विश्व एड्स दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में फांउडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया के महासचिव रविंद्र डुडेजा के साथ अथिति।

**एड्स** दिवस है व सबसे ज्यादा खतरा एड्स का थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चो को ही बना रहता है। कारण जैसा की एड्स एक रक्त संचारित बीमारी है व बच्चों को बार बार रक्त चढ़ाया जाता है।

फॉउंडशन अगेंस्ट थैलेसीमिया के महासचिव रविंद्र डुडेजा ने बतया की आज से ठीक एक वर्ष पहले आज ही के दिन स्वस्थ मंत्री-स्वस्थ एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से प्रार्थना की गयी थी कि थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चो को एनएटी टेस्टेड रक्त उपलब्ध करवाया जाये। ताकि थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चो को एचआईवी-एड्स से बचाया जा सके। जिस पर अभी तक कोई करवाई नहीं हो पायी है। आज एक बार फिर से स्वस्थ मंत्री से प्रार्थना की गयी कि देश के सभी ब्लड बैंक्स को हिदायत दी जाएगी कि वो एनएटी टेस्टेड ब्लड ही दिया जाये।

विशेष रूप से थैलसीमिया ग्रस्त बच्चो को तो एनएटी टेस्टेड रक्त ही दिया जाये। क्योंकि इन बच्चों को लगातार रक्त चढ़ाया जाता है इस कारन उनको इस बात का खतरा उन्हें हर समय ही बना रहता है की उनको एचआईवी हो सकता है। संस्थ के प्रधान हरीश रतरा ने बताया की फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया के सदस्य व् देश में थैलेसीमिया पर काम कर रही संस्थाओं का एक प्रतिनिधि मंडल स्वस्थ मंत्री से मिलेगा व् थैलसीमिया ग्रस्त बच्चो को हो रही समस्याओ से अवगत कराया जायेगा।

# ग्रैंड कोलंबस स्कूल में तकनीकी प्रयोगशाला आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



सेक्टर 16 स्थित ग्रेड कोलंबस इंटर नेशनल स्कूल में आयोजित तकनीकी प्रयोगशाला में भाग लेने वाले बुर्जुगों के साथ अथिति।

**तकनीकी** ज्ञान के इस दौर में ग्रैंड कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल में तकनीकी ज्ञान के प्रशिक्षण के लिए टेक्नो शाला शीर्षक के अंतर्गत भव्य प्रयोगशाला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों के दादा दादी को तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

प्रयोगशाला में लगभग 50 बुजुर्गों ने भाग लिया तथा कक्षा 9वीं और 11वीं के छात्रों द्वारा उपस्थित अतिथियों को प्रशिक्षण दिया गया। छात्र शिक्षकों ने उपस्थित जनसमूह को मोबाइल के प्रयोग के बारे में तथा कंप्यूटर के प्रयोग के लिए प्रशिक्षण दिया। जिसमें उन्हें इंटश्रनेट का प्रयोग करना, इंटरनेट बैंकिंग, ऑनलाइन कक्षा हेतु प्रशिक्षण भी दिया। प्रयोगशाला में उपस्थित बुजुर्गों को विद्यालय के निर्देशक सुरेश चंद्र तथा प्रधानाचार्य दीपिका शर्मा ने संबोधित किया। प्रधानाचार्य ने अपने संभाषण में कहा कि आज के इस प्रगतिशील युग में तकनीकी ज्ञान के बिना हम अधूरे हैं। आज हमारे जीवन का हर हिस्सा इंटरनेट से प्रभावित होता है और यदि हमें इसका प्रयोग करना सही तरह से आजा होगा तो हमारा जीवन काफी हद तक सुखमय और आसान हो सकता है। डिजिटल इंडिया में इस ज्ञान के माध्यम से ही हम आगे बढ़ सकते हैं। ग्रैंड कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल द्वारा किया गया। यह प्रयास अत्यधिक प्रभावित रहा। उपस्थित सभी अतिथियों ने प्रयोगशाला की प्रशंसा की और इसके अध्ययन को प्राप्त करके उन्हें अत्यधिक संतोष तथा संतुष्टि हुई। विद्यालय की प्रधानाचार्य दीपिका शर्मा ने कहा कि इस तरह की प्रयोगशाला आयोजित करके हम जन-जन में तकनीकी ज्ञान का प्रसार कर सकते हैं।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

**नज़रिया**



**दिनेश रघुवंशी, कवि**

दु:खों में होंसला रखते हैं हम तो मुस्कुराने का
हुनर है त्रासदी में भी नये सपने सजाने का
हमारे ही लहू से सरहदों की माँग सजती है
पसीना हम बहाकर पेट भरते हैं ज़माने का

# एचआईवी से बचने को एबीसी का सिद्धांत अपनाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



ट्रक चालकों और लेबर को विश्व एड्स दिवस पर बीमारी से बचने की जानकारी देते जज्बा फाउंडेशन के सदस्य।

**जज्बा** फाउंडेशन के सहयोग से बुधवार को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर शहर के अलग-अलग स्थानों (नेहरू ग्राउंड स्टील मार्केट, टाटा स्टील, बाई पास रॉड, एवम झुगी बस्ती) पर जाकर ट्रक ड्राइवर्स, झुगी बस्ती में रहने वाले लोग, लेबर्स, सेक्युरिटी गार्ड्स अदि को एचआईवी एड्स से संबन्धित विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई।

जज्बा फाउंडेशन जिला अध्यक्ष राहुल ने बताया कि विश्व एड्स दिवस 1 दिसंबर को दुनिया भर में मनाया जाता है, यह दिन एक्वायर्ड इम्यून डेफिसिएंसी सिंड्रोम (एड्स) के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए है, जो ह्यूमन इम्यूनो डेफिशिएंसी वायरस (एचआईवी) के कारण होता है, एचआईवी के कारण एड्स होता है जब इसे अनुपचारित छोड़ दिया जाता है एड्स एक ऐसी स्थिति है जो संक्रमण से लड़ने की शरीर की क्षमता में हस्तक्षेप करती है। मानव शरीर एचआईवी से छुटकारा नहीं पा सकता है और कोई प्रभावी इलाज नहीं है. पिछले चार दशकों में एचआईवी, एड्स से लाखों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। इस लिया इस बीमारी से बचने के लिया जागरुकता एवं सुरक्षा जरुरी है। जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत पिछले वर्ष से लेकर लगभग 15000 श्रमिकों, मजदूरों को जागरूक करने का कार्य जज्बा फाउंडेशन द्वारा किया गया हैं व इसी तरह इसी तरह आगे भी जारी रहेगा।

जज्बा फाउंडेशन के चेयरमैन हिमांशु भट्ट ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि सुरक्षा तो जीवन के हर कदम पर जरुरी है, प्यार के क्षणों में भी इस लिए हमें अपने जीवन में इस बीमारी से बचने के लिए एबीसी सिद्धान्त को अपनाना चाहिए। ए- संयम रखना या विवाह पूर्व यौन संबंध न बनाना। बी- वफादार रहना (अपने जीवन साथी के अलावा किसी और के साथ यौन संबंध न बनाना)। सी- (यदि ऊपर की दोनों बातों पर अम्ल न कर पाये तो हर यौन संभंध के दौरान कंडोम का इस्तेमाल करें)। क्योंकि ये ही वह जिंदागी के सिद्धान्त है जिनका पालन कर हम इस बीमारी से बच्च सकते है। इस अवसर पर राहुल वर्मा, गौरव ठाकुर, शिवम राय, उमेश सिंह अदि ने लोगो करने काम किया।

# किशोरों से मिलकर समस्याओं का किया समाधान



एनआईटी स्थित बाल सुधार गृह का निरीक्षण करते डालसा के जिला सचिव सीजीएम मंगलेश कुमार चौबे।

**फरीदाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यशवीर सिंह राठौर के दिशा निर्देश अनुसार मंगलेश कुमार चौबे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद ने बाल सुधार गृह व प्लेस ऑफ सेफ्टी एनआईटी फरीदाबाद का निरीक्षण किया। बाल सुधार गृह में रह रहे 51 किशोरों से व प्लेस ऑफ सेफ्टी में रह रहे 119 किशोरों से रूबरू होते हुए उनकी समस्याओं को जाना और उनका समाधान किया। साथ ही साथ किशोरों से कहा गया कि यदि उन्हें अलग में कोई अपनी समस्या बतानी है तो वह बता सकता है, लेकिन किसी किशोर ने कोई समस्या ना बताई। मंगलेश कुमार चौबे ने कहा कि जाने अनजाने में जो किशोर यहां आ गया है वह अपने को सुधार कर समाज में जाकर मुख्यधारा से जुड़ सकता है।

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण सुचित किया जाता है कि दिनांक 07.09.2021 को सुनीता अपनी मर्जी से बिना बताये कही चली गयी है जो अभी तक वापस नही आयी है। जिसका हुलिया इस प्रकार से हैं रंग सांवला, गोल चेहरा, पतला शरीर, जिसका कद 5 फुट और उम्र 35 वर्ष है। जिसने नीले रंग का शुट-सलवार व पैरो मे चप्पल पहने हुए हैं। मुकदमा न॰ 206 दिनांक 10.11.2021 धारा 346 आईपीसी थाना बीपीटीपी फरीदाबाद में दर्ज है। सूचना मिलने पर सम्पर्क करें।

थाना बीपीटीपी फरीदाबाद :- 01292981112
एसएचओ बीपीटीपी फरीदाबाद:- 9582200694
केस इंचार्ज :- 9953553688

# 130 गर्भवती महिलाएं पाई गई एचआईवी पॉजिटिव

कविता। फरीदाबाद

**स्वास्थ्य** विभाग के लाख प्रयासों के बावजूद ज्यादातर लोग जानलेवा बीमारी एचआईवी के प्रति जागरूक नही हो रहे हैं। पिछले 13 सालों में ऐसे ही 130 मामले सामने आए हैं, जिनमें गर्भावस्था के दौरान की गई जांच में महिलाओं को एचआईवी से ग्रस्त पाया गया। काउंसलिंग से पता चला कि महिलाएं अपने पति की लापरवाही से एचआईवी ग्रस्त हुई हैं।

जानकारी के मुताबिक एनआईटी निवासी एक 25 वर्षीय गर्भवती महिला करीब एक महीने पहले बीके अस्पताल में जांच के लिए आई थी।


एचआईवी जांच केन्द्र के बाहर खड़े लोग।

डाक्टरों की सलाह पर जांच कराने पर पता चला गर्भवती एचआईवी ग्रस्त है। पति को बुलाकर जांच की तो वह भी एचआईवी ग्रस्त पाया गया। काउंसलिंग करने पर पता चला कि

### अधिकारी का कथन

**जिला** डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. शीला भगत ने बताया कि अधिकतर गर्भवती महिलाएं अपने पति की लापरवाही के कारण एचआईवी की चपेट में आई हैं। उन्होंने बताया कि कम उम्र में शादी के बाद मां बनना और फिर एचआईवी से ग्रस्त पाया जाना काफी गंभीर मामला है। बीते 13 सालों के आंकड़े देखे तो अब तक 130 गर्भवती महिलाएं एचआईवी की चपेट में आई हैं।

महिला पति की वजह से एचआईवी की चपेट में आई है।

### एचआईवी ग्रस्त महिलाओं का आंकड़ा

| वर्ष | गर्भवती महिलाएं |
|---|---|
| 2009 | 09 |
| 2010 | 05 |
| 2011 | 06 |
| 2012 | 07 |
| 2013 | 06 |
| 2014 | 11 |
| 2015 | 06 |
| 2016 | 11 |
| 2017 | 13 |
| 2018 | 16 |
| 2019 | 15 |
| 2020 | 9 |
| 2021 नवंबर माह तक | 16 |

## डार्लिंग फ्रंटलाइन क्लब ने 33 रन से जीता मैच

**फरीदाबाद।** 7वां ऑल इंडिया रविंद्र फागना यूथ कप क्रिकेट टूर्नामेंट मैच में डार्लिंग फ्रंटलाइन क्लब और वाईएसए शाहाबाद के बीच खेला गया। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि वाईएसए शाहाबाद ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। डार्लिंग फ्रंटलाइन क्लब टीम ने 39.2 ओवर में 10 विकेट पर 204 रन बनाए टीम की और बल्लेबाजी करते हुए पुनीश मेहता ने 66 रन, सूरज सिंह ने 32 रन। धर्मवीर ने 5 विकेट ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए वाईएसए शाहाबाद ने 35.4 ओवर में 10 विकेट में 171 रन ही बना सकी।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्यस्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए चयन


डोजो डे कराटे में स्वर्ण पदक विजेता फरीदाबाद के खिलाडी कोच व अथिति के साथ।

**फरीदाबाद।** जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में डोजो-डे-कराटे फरीदाबाद के तीन खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक लेकर अपने क्षेत्र तथा ऐकादमी का नाम रोशन किया है। साथ ही एक खिलाड़ी ने द्वितीय स्थान पर रहकर रजत पदक जीता है। प्रतियोगिता का आयोजन सैनिक पब्लिक स्कूल ऊंचा गांव में किया गया। इस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडलिस्ट रहे छात्रों में शुभम अंडर-14 (-35 किलोग्राम), हर्ष अंडर-14 (-41 किलोग्राम), शिवम अंडर-17 (-45 किलोग्राम) और रजत पदक लेकर जय रूहिल अंडर-14 (-44 किलोग्राम) ने अपना स्थान बनाया। छात्रों को कराटे का प्रशिक्षण दे रहे मुख्य कोच सुरेन्द्र खोड़ीवाल ने आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए बच्चों को शुभकामनायें दी। साथ ही कराटे के प्रशिक्षक आकर्ष एवं विख्यात ने बच्चों को राज्यस्तरीय प्रतियोगिता हेतु प्रोत्साहित करते हुए और भी गोल्ड मैडल जीतने का विश्वास दिलाया।

### कोरोना : जिले में चार पॉजिटिव, 11296 को लगा टीका

**फरीदाबाद।** शहर में कोरोना के चार नए पॉजिटिव मामले बुधवार को सामने आए हैं। जिससे कोविड-19 के एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 32 पर पहुंच गया है। जिले में पिछले 24 घंटे में 2693 लोगों की जांच की गई। जिसमें फिलहाल 2479 लोगों की जांच रिपोर्ट आनी शेष है। जिले में अब तक 1234603 के सैम्पल जांच किए, जिसमें 1132172 की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। जिसमें 99952 की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। अब तक 717 की मौत हो चुकी है। राहत की बात यह है कि 99203 लोग पूरी तरह से ठीक हो चुके है। वहीं दूसरी तरफ जिले में बुधवार को कोरोना से बचाव के लिए 11296 लोगों को टीका लगाया गया। ताकि लोगों को कोरोना से बचाया जा सके। जिसके तहत प्रथम डोज सरकारी में 2445 को और निजी में 2 लोगों को लगाई गई। वहीं सैकेंड डोज सरकारी में 6787 को और निजी में 19 को लगाई गई। 45 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज सरकारी में 427 को और निजी में दो लोगों को डोज लगाई गई। 60 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज सरकारी में 56 को और निजी में 2 को लगाई गई। इसी श्रेणी में सैकेंड डोज सरकारी में 164 को और पांच ने निजी अस्पतालों में कोरोना से बचाव का टीका लगाया गया।


कोरोना की जांच कराती उमा।

### निगम कर्मचारियों ने 10 इकाइयों को किया सील

**फरीदाबाद।** नगर निगम फरीदाबाद द्वारा बकायाजात की वसूली की मुहिम में तेजी लाते हुए एक दिसंबर को 10 इकाइयों को सील किया जिन पर करीब 14.84 लाख रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है, । एनआईटी जोन-2 ने 02 चल रही इकाइयों को सील किया जिन पर करीब 02.31 लाख रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है, ओल्ड फरीदाबाद जोन- 1 ने 08 चल रही इकाइयों को सील किया जिन पर करीब 12.53 लाख रूपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। निगमायुक्त यशपाल यादव ने कहा कि जिन इकाइयों को सील किया जा चुका है और उनकी ओर से बकाया सम्पत्ति कर की राशि प्राप्त नहीं हुई है, उन इकाइयों की जल्दी ही निगम द्वारा नीलामी करने की कार्रवाई अमल मे लाई जाएगी। आयुक्त ने करदाताओं से अपील की है कि इस प्रकार की कठोर कारवाई से बचने के लिये सभी अपने-अपने बकायाजात की अदायगी तुरन्त करें। आयुक्त नगर निगम ने सम्बंधित अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि 31 मार्च 2022 तक सभी सम्पत्ति कर बकायादारों से बकायाजात वसूल किया जाये या उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।


टैक्स जमा ना करवाने वालों की प्रापटी सील करते निगम अधिकरी।



प्रपत्र सं. आरएससी – 4 नियम 3(3) के अनुसरण में, राष्ट्रीय कम्पनी विधि न्यायाधिकरण, नई दिल्ली के समक्ष सी.पी. सं. 184/66/एनडी/2021


# सरकारी जमीनों से कब्जे और बाजारों में अतिक्रमण हटाने की बनाई रणनीति

### सड़क का किराये वसूलने वाले दुकानों की वीडियोग्राफी कर कार्रवाई के आदेश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**निगमायुक्त** यशपाल यादव ने एनआईटी नगर निगम के कान्फ्रेंस हाल में शहर को पानी सड़क और स्वच्छ वातावरण देने तथा अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर निगम अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में निगमायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि शहर को पानी-स्ट्रीट लाईट-साफ-सुथरी सड़कें स्वच्छ वातावरण तथा सरकारी जमीनों तथा बाजारों से अतिक्रमण मुक्त करना हमारी पहली प्राथमिकता है।

बैठक में अतिरिक्त आयुक्त के अलावा सभी संयुक्त आयुक्त, मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, कार्यकारी अभियंता, सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता उपस्थित थे। बैठक में निगमायुक्त ने अधिकारियों को कहा कि शहर के मास्टर प्लान के हिसाब से साफ-सुथरी चौड़ी सड़कें होनी चाहिए। सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। जो दुकानदार दुकान के आगे रेहड़ी लगवाकर सरकारी जमीन का किराया ले रहे हैं, उनको तीन दिन का नोटिस देकर उनकी वीडियो बनाओ। यदि उसके बाद भी दुकानदार नहीं मानते है तो उनकी दुकानों को सील करने की कार्रवाई की जाए।


नगर निगम के अधिकरियों की बैठक को संबोधित करते निगमायुक्त यशपाल यादव।

दिसंबर माह के बाद जनवरी में जब सभी निगम अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा होगी तो जिस भी जेई के वार्ड में अतिक्रमण दिखेगा उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। निगमायुक्त ने सख्त निर्देश दिए कि वायु प्रदूषण को देखते हुए जिन दुकानदारों ने जनरेटर लगा रखे, कुछ होटल वालों ने भट्टिया तथा तंदूर लगा रखे है, सबको तीन दिन का समय दो और यदि फिर भी यह नहीं मानते तो उनके खिलाफ कार्रवाई करों और चालान काटों। निगमायुक्त ने कहा कि निगम के जेई की जिम्मेदारी है कि मौके पर जाकर निर्माण कार्य को देखे कि वह नकशे के अनुरूप बना रहा है या नहीं। अगर नक्शा पास नहीं है और निर्माणकर्ता निगम को कम्पाउंड कराने की फीस देता है तो ठीक है और अगर कम्पाउंड फीस नहीं देता तो इमारत को सील कर दो या फिर तोड़ दो। निगमायुक्त ने निगम क्षेत्र में जितने भी ट्यूबवेल ऑपरेटर की जांच करने के निर्देश दिए। ताकि यह पता चल सके कि ट्यूबवेलों पर निगम के कर्मचारी हैं या नहीं। सरकार द्वारा कर्मचारियों को जो मकान किराया भत्ता मिलता है। उसकी जांच करने और जो सरकारी मकान में रह रहे हैं उनके भत्ते काटने के भी निर्देश दिए।

कार मार्केट में जिनकी कारें डम्प पड़ी हुई है और कई सालों से खराब पड़ी हुई है जिनकी वजह से दोनों तरफ सड़कों पर अतिक्रमण हो रखा है उनको सड़कों से हटाने के आदेश दिये और अगर दुकानदार खुद नही हटाते तो कबाड़ी बुलाकर बेचने के आदेश दिये।

निगमायुक्त ने मीटिंग में निगम अधिकारियों को साफ तौर से कहा कि शहर में जितने भी पानी और सीवर के अवैध कनैक्शन चल रहे है उनको काटा जाए और अवैध कनेक्शन धारकों को पानी और सीवर के कनेक्शनों को वैध कराने के लिए भी कहा। सभी काम एक महीने में करने के आदेश दिये गए हैं।

## कागज उद्योग ने पल्पवुड के लिए कम उपजाऊ जमीन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया

**फरीदाबाद।** भारत में वुड फाइबर की कमी है और ऐसे में कागज की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए घरेलू कागज उद्योग के समक्ष कच्चे माल की कमी बड़ी समस्या है। वित्त मंत्रालय के समक्ष अपनी बजट पूर्व मांग में इंडियन पेपर मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन (इपमा) ने यह बात कही है।

इपमा ने बताया कि बढ़ती अर्थव्यवस्था एवं शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे विकास के साथ-साथ सरकार की तरफ से सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को कम करने के प्रयासों से पर्यावरण के अनुकूल माने जाने वाले पेपर एवं पेपरबोर्ड की मांग बढ़ी है। संगठित कागज उद्योग ने पिछले कुछ वर्षों में 25,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है, लेकिन कच्चे माल की कमी बड़ी बाधा बनी हुई है। कागज के लिए पल्पवुड अहम कच्चा माल है। भारत के कागज उद्योग को सालाना करीब 1.1 करोड़ टन वुड की जरूरत है, जबकि घरेलू स्तर पर उपलब्धता 90 लाख टन की है। मौजूदा विकास दर को देखते हुए उद्योग की मांग 2024-25 तक बढ़कर 1.5 करोड़ टन होने का अनुमान है। इपमा के प्रेसिडेंट एएस मेहता ने कहा, 'हम चाहते हैं कि पल्पवुड प्लांटेशन के लिए कम उपजाऊ जमीन उपलब्ध कराने के उद्योग के प्रस्ताव पर सरकार गंभीरता से विचार करे। ऐसी जमीन



पर कागज उद्योग द्वारा पल्पवुड के प्लांटेशन से देश को ग्रीन कवर बढ़ाने में भी मदद मिलेगी और साथ ही भारत कागज मैन्यूफैक्चरिंग में अग्रणी भी बन सकेगा। यह हर तरह से फायदेमंद है, क्योंकि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से बचने के साथ-साथ विशेषतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन भी होगा।'

कागज उद्योग ने कृषि समुदाय के साथ मजबूत संबंध स्थापित किए हैं। कागज उद्योग के प्रयासों के कारण एग्रो फॉरेस्ट्री के तहत करीब 12 लाख हेक्टेयर जमीन पर प्लांटेशन हुआ है। भारत का कागज उद्योग वुड-पॉजिटिव है, यानी जितने पेड़ काटे जाते हैं, उससे ज्यादा लगाए जाते हैं। इपमा ने टेक्नोलॉजी उन्नत करने की दिशा में सरकार के सहयोग की अपनी मांग पर भी जोर दिया। इपमा के महासचिव रोहित पंडित ने कहा, 'मौजूदा आर्थिक परिदृश्य में, जबकि कच्चा माल, ईंधन और ऊर्जा लागत बढ़ी हुई है, ऐसे में टेक्नोलॉजी मॉडर्नाइजेशन असिस्टेंस स्कीम बेहद अहम है।'

## वोल्केन सॉफ्टवेयर ने क्लाउड-नेटिव और सेल्फ-सर्विस एसएएएस कस्टमर सर्विस डेस्क 'वोल्केन केयर' लांच किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

### वैश्विक स्तर पर सेल्फ-सर्विस मार्केट को ध्यान में रखकर स्टार्टअप और एमएसएमई को लक्षित करता है

**कारोबारों** के ग्राहक सेवा अनुभव को बदलने के उद्देश्य से बैंगलोर, मुंबई और अमेरिका में स्थित सॉफ्टवेयर कंपनी वोल्केन सॉफ्टवेयर ने आज अपने सेल्फ-सर्विस एसएएएस कस्टमर सर्विस डेस्क, 'वोल्केन केयर' को लांच किया है। यह समाधान छोटे, मध्यम और बड़े व्यवसायों के लिए डिज़ाइन किया गया है और वोल्केन केयर सेल्फ सर्विस करने में पूरी तरह और पूर्ण रूप से सेल्फ़ सर्विस सॉफ़्टवेयर है। इसे एक क्लिक के साथ स्थापित किया जा सकता है और उक्त विशेषताएं बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं, सेमीकंडक्टर, विनिर्माण से लेकर विभिन्न क्षेत्रों जैसे सॉफ्टवेयर, कंज़ूमर गुड्स, इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट उद्योग इसे अपनी ग्राहक सेवा को बेहतर बनाने में उपयोग कर सकते हैं। वोल्केन के ग्राहक पोर्टफोलियो में अमेरिका, यूरोप और एशिया की फोर्चुन 100 कंपनियाँ शामिल हैं।

मांग-अनुरोध (ऑन डिमांड) एवं स्केलेबल क्लाउड मॉडल में अभूतपूर्व वृद्धि ने, लागत दक्षता और व्यापार में निरंतरता प्राप्त करने के लिए अधिकांश उद्यमों/व्यवसायों को अपनी डिजिटल व्यापार परिवर्तन योजनाओं में तेजी लाने के लिए क्लाउड अपनाने को मजबूत किया है। वोल्केन की नई पेशकश विशेष रूप से दुनिया भर के स्टार्टअप, छोटे और मध्यम उद्यम को लक्षित करती है और सेल्फ सर्विस मार्केट को ध्यान में रखकर निर्मित की गई है। उत्पाद का उद्देश्य इन व्यवसायों को उनके आंतरिक और बाहरी ग्राहकों के लिए कम लागत पर एक विश्वस्तरीय सुविधा संपन्न सेवा डेस्क उपलब्ध कराकर उनकी मदद करना है। सॉफ्टवेयर के लॉन्च पर बोलते हुए, वोल्केन सॉफ्टवेयर के सह-संस्थापक और सीईओ, रोहन जोशी ने कहा, हमने वोल्कन की शुरुआत एक जुनून के साथ की ताकि उत्कृष्ट सेवा समर्थन हर कंपनी की पहुँच के भीतर हो। हमारी नई पेशकश आधुनिक संगठनों को ग्राहकों और कर्मचारियों के साथ अपने संबंधों को सुधारने में मदद करने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उपयोग में आसान, आर्किटेक्चर द्वारा सुरक्षित और मांग पर स्केलेबल होने के कारण वोल्केन केयर उन व्यवसायों के लिए सबसे उपयुक्त है जो अपने ग्राहक सेवा समर्थन को अंकीकरण करना चाहते हैं क्योंकि यह उपयोगकर्ताओं द्वारा पूरी तरह से स्वैच्छिक उपयोग करने योग्य और इसके लिए बहुत कम या बिना किसी बाहरी समर्थन की आवश्यकता होती है। लॉन्च पर अपने विचार व्यक्त करते हुए वोल्केन सॉफ्टवेयर के सह-संस्थापक और सीटीओ, सुधीर प्रभु ने कहा, कोविड -19 वैश्विक संकट ने एसएएएस की ओर कदम को एक अभूतपूर्व गति प्रदान किया है; एसएएएस संस्थापकों और उत्पाद निर्माताओं के एशिया के सबसे बड़े समुदाय एसएएएस बूमी द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय एसएएएस में 1 ट्रिलियन डॉलर मूल्य और 2030 तक लगभग 5 लाख नौकरियां पैदा करने की क्षमता है, जो स्पष्ट रूप से उद्योग में एसएएएस की बढ़ती मांग और संभावना को दर्शाती है।

## पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से पाया आग पर काबू

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर-45** के मकान में लगी आग पर पुलिस चौकी सेक्टर 46 की टीम ने बहादुरी से काबू पाते हुए बुजुर्ग महिला, बुजुर्ग व्यक्ति और दो साल के बच्चे को सही सलामत मकान से बहार निकाल लिया गया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबेसिंह के मुताबिक पुलिस चौकी सेक्टर-46 के प्रभारी उप निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि सूचना मिलने के वक्त वे सेक्टर-45 रेल विहार में गस्त पर थे। उसी समय उन्हें सूचना रेल विहार में रहने वाले किसी व्यक्ति ने समय 3.40 पीएम पर आग लगने के संबंध में दी जिस पर तुरंत कर्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची उसी समय फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची। मौके पर ही समय 3.50 पीएम पर कंट्रोल रुम ने भी आग लगने की सूचना दी। मौके पर देखा कि मकान न.308 में आग ली हुई थी। जो आग का धुआं मकान न.309 में भी काफी भर गया था। मकान न.309 में बुजुर्ग महिला और बुजुर्ग व्यक्ति अपने 2 साल के नाती के साथ उपस्थित थे। जिनको फोन पर संपर्क कर उन्हे बहार आने के लिए कहा जो बहार नही आ रहे थे। जिनको पुलिस टीम ने काफी मस्कत के बाद बहार सुरक्षित निकाल लिया। पुलिस टीम ने फायर ब्रिगेड की मदद से मकान की आग पर लगभग एक घंटे में काबू कर लिया। मकान में उपस्थित सभी सामन जल गया था। मकान नम्बर-308 के मालिक ऋषि राज को पहले ही बहार निकाल लिया था। चौकी प्रभारी ने ऋषि राज से आग का कारण पूछा तो बताया कि बिजली के शार्ट सर्किट से आग लग गई थी। परिवार के सदस्य कुछ काम से बाहर गए हुए थे।


सेक्टर 45 में घर में लगी आग पर काबू पाते फायर ब्रिगेड और पुलिस के जवान।

# एड्स कंट्रोल कर्मचारियों ने मनाया काला दिवस

### विश्व एड्स दिवस पर धरने पर बैठे रहे दिनभर कर्मचारी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हर** साल एक दिसम्बर विश्व एड्स दिवस यानी एक ऐसा दिन जो एड्स कंट्रोल डिपार्टमेंट में सभी कर्मचारियों द्वारा हर सालएक त्योहार की तरह ही मनाया जाता है। इसकी तैयारियां काफी लम्बे समय से ही शुरू हो जाती है तथा हर कर्मचारी इसमें अपनी भागीदारी बड़े उत्साह से निभाता आया है। परन्तु भारत सरकार द्वारा संचालित नेशनल एड्स कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन द्वारा पिछले 20 सालों से पूरे देश में सेवाएं दे रहे अनुबंधित कर्मचारियों का केवल शोषण हो रहा है। जिसे देखते हुए कर्मचारियों ने मजबूर होकर इस महत्वपूर्ण दिन को काले दिवस के रूप में मनाया।

### काले रिबन और काली ड्रेस

**काले** दिवस की शुरुआत कर्मचारियों ने 25 नवंबर से ही पूरे हरियाणा प्रदेश में शुरू कर दी। जिसके तहत वह अपना काम काला रिबन बांधकर का रहे थे। लेकिन उन्होंने एक दिसंबर को अपना कार्य बंद करके काले कपड़े पहनकर काला दिवस मनाया। काला दिवस की मुहिम में सभी कर्मचारी काले कपड़े पहनकर या काले रिबन लगाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। कर्मचारियों का यह रोष 2 साल का नहीं बल्कि 20 सालों के शोषण का नतीजा है।



बीके में काले कपड़ों में काला दिवस मनाते एड्स कंट्रोल कर्मचारी।

उन्होंने कहा कि नैको की नई पॉलिसी यानी फेज रिवाइज होता है जिसमें नई नई नीतियां व कार्यक्रम लागू होते हैं तथा कर्मचारियों की सैलरी भी रिवाइज होती है। नाको द्वारा 2017 में एनएसीपी 5 लागू करना था परन्तु वह आज 2021 तक लागू नहीं किया गया।

कर्मचारियों को उम्मीद थी कि 1 दिसम्बर 2017 में फेज चेंज होगा सैलरी बढ़ेगी परन्तु 5 साल से इंतजार कर रहे कर्मचारियों का सब्र का बांध टूट गया है। वर्तमान में हरियाणा प्रदेश में 117 आईसीटीसी सेंटर, 11 एआरटी सेंटर, 5 एफआईएआरटी सेंटर, 4 एलएसी सेंटर, 32 एसटीआई क्लीनिक, 9 ओएसटी सेंटर्स हैं जो कि हेल्थ डिपार्टमेंट का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### दूसरी बार हुआ बंद

**कर्मचारियों** ने कहा कि अगर हम पिछले सालों पर नजर डालें तो सिर्फ 2013 में 1 बार ऐसा हुआ था जब एआरटी सेंटर बंद हुआ था और मरीज़ों की दवाइयां नहीं मिल पाई थी क्योंकि हमारे लिए एचआईवी पीड़ित मरीज सर्वोपरि हैं। कोरोना के समय में भी जब पूरा विश्व इस भयंकर महामारी से जूझ रहा था तब स्वास्थ्य विभाग का अहम हिस्सा होते हुए हमने भी पीड़ित मरीजों को काउंसलिंग देकर डर से उबारा था। लैब टेक्नीशियन ने कोरोना जांच में दिन रात ड्यूटी की थी। लोकडाउन में शेल्टर होम्स में रह रहे शरणार्थियों को मानसिक सांत्वना देने का कार्य भी किया था। इन कर्मचारियों ने किया था। कोरोना पॉजिटिव मरीजों की काउंसिलिंग न केवल आइसोलेशन वार्ड में की गई बल्कि घर घर जाकर भी उनको मानसिक सहायता प्रदान की गई थी। परन्तु यहां पर भी कर्मचारियों के साथ भेदभाव हुआ क्योंकि हरियाणा सरकार ने केवल एनएचएम विभाग के कर्मचारियों को ही करोना योद्धा मान कर 5000 रुपये प्रोत्साहन राशि दी गई।

## स्वयं सुरक्षित रह कर करें एचआईवी से बचाव: डॉ. भगत

**फरीदाबाद।** स्वयं सुरक्षित रह कर एचआईवी से बचाव सम्भव है। एचआईवी फैलने के चार कारण एक असुरक्षित यौन संबंध, दूसरा संक्रमित सुई का प्रयोग, तीसरा संक्रमित रक्त चढ़ाने और चौथा मां से बच्चे को एचआईवी वायरस से संक्रमित होना है। यह बात बुधवार को अन्तर्राष्ट्रीय एचआईवी दिवस पर एचआईवी जिला कन्ट्रोल एवं नोडल अधिकारी डॉ. शीला भगत ने बीके अस्पताल में आयोजित एक कार्यक्रम में कही।

इस दौरान नर्सिंग स्कूल के छात्राओं के जरिये उन्होंने जागरूकता रैली निकलवाई। वहीं दूसरी तरफ एचआईवी कर्मी काला दिवस मनाते रहे। डॉ. भगत ने कहा कि एडस होने में 10 से 12 साल लग सकते है। एडस एक बीमारियों का समूह है। जिसमें कि व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक/रोगों से लड़ने वाली क्षमता कम हो जाती है। उन्होंने बताया कि एआरटी की दवाइयां देकर मरीज को जीवित रखा जा सकता है। बुधवार को नागरिक अस्पताल बीके के प्रांगण में वर्ल्ड एड्स डे मनाया गया। जिसमें डिप्टी सिविल सर्जन डॉक्टर शीला भगत व बीके हॉस्पिटल के आरएमओ डॉ. रोहित गौड और टीबी एचआईवी कोऑर्डिनेटर सुभाष गहलोत, राजकुमार, बिजेंदर, अशोक, वीरेंद्र, विकास प्रवीण, यथार्थ और साधना मौजूद थे। साथ ही एएनएम स्टूडेंट ने एक जागरुकता एक रैली निकाल कर अस्पताल परिसर में लोगों को एड्स जैसी घातक बीमारी के बचाव के लिए जागरूक किया। विद्यार्थियों ने अस्पताल में उपचाराधीन मरीजों और मरीजों के अटेंडेंट तो को भी एचआईवी के लक्षण और उसके बचाव के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।


विश्व एड्स दिवस के अवसर पर आयोजित जागरूक रैली में भाग लेती छात्राएं।


**AMOLIK RESIDENCY LLP**
Address: - 14/3, Mathura Road, Faridabad, Haryana-121003
Contact No.:- 8181091011; Website: - www.amolik.com

**PUBLIC NOTICE**

Whereas, Amolik Residency LLP is in the process of undertaking of development of a Affordable Group Housing Colony in Sector 85, Faridabad over an area measuring 5.43125 acres in the revenue estate of Amolik Sankalp in accordance with the provision of license no. 21 of 2019, granted by Director General, Town & Country Planning, Haryana, Chandigarh. And whereas, several individuals have made bookings/ entered into purchase agreement for allotment of flat/ property in the said colony (hereinafter referred as allottees). And whereas, the Building plans earlier approved at the time of grant of license for the said colony is now proposed to be revised. And whereas, the office of Director General, Town & Country Planning, Haryana, Chandigarh has required seeking of objection against the revision of Building plans as a pre-condition for allowing such revision in the Building plans. Accordingly, vide this public notice objections are hereby invited from any of the allottees in the said colony on the proposed revision of the Building plans of the said colony. A copy of the earlier approved Building plans bearing memo no. ZP-1343/JD(RM)/2019/23633, dated 18-09-2019 & the Building plans now proposed to be revised bearing memo no. ZP-1343/AD(NK)/2021/30290, dated 30-11-2021 is available for perusal on website www.amolik.com. The said Building plans can also be perused at the office of undersigned at 14/3, Mathura Road, Faridabad, Haryana-121003 as well as in the office of District Town Planner (Planning), Nagar Yojna Bhawan, Block-A, Plot No.3, Sector-18A, Madhya Marg, Chandigarh. Any allottee having any objection on revised Layout Plan, may file his objection in the office of District Town Planner (Planning) Nagar Yojna Bhawan, Block-A, Plot No.3, Sector-18A, Madhya Marg, Chandigarh within 30 days of the publication of this notice, failing which it shall be assumed that there are no objections to the proposed revision in the Layout Plan.

Place: Faridabad
Date: 01/12/2021

For Amolik Residency LLP
Pawan Kumar Kansal (Auth. Signatory)

# डोर टू डोर अभियान के तहत एक लाख एक हजार 784 लोगों को लगाए टीके


गुरुग्राम में स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक लेते सीएमओ डा. विरेंद्र यादव।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सिविल** सर्जन डा. विरेंद्र यादव ने कहा कि जिला में नवंबर माह में शुरू किए गए डोर टू डोर अभियान के तहत अब तक 1 लाख 1 हजार 784 लोगों का टीकाकरण किया गया है। इस अभियान की सफलता को देखते हुए इसे दिसंबर माह में भी जारी रखने का निर्णय लिया गया है। वे बुधवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में निजी व सरकारी अस्पतालों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

डा. यादव ने वैक्सीनेशन संबंधी आंकड़ा शेयर करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोरोना वेक्सीनेशन को लेकर विशेष रूप से

### अभियान की सफलता को देखते हुए दिसंबर माह में भी जारी रहेगा अभियान

14 प्रात:कालीन व 4 सांयकालीन सत्र लगाए गए थे। प्रात:कालीन सत्र में 1072 तथा सांयकालीन सत्र में 408 लोगों को कोरोनारोधी टीका लगाया गया। उन्होंने कहा कि जिला में आगे भी टीकाकरण अभियान जारी रहेगा और जिन लोगों ने अभी तक कोरोना रोधी वैक्सीन नही लगवाई है उन्हें इसके लिए प्रेरित किया जाएगा। डा. यादव ने कहा कि जिला में अब फेस मास्क ना पहनने वाले लोगों से भी सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे फेसमास्क तथा कोविड प्रोटोकॉल का गंभीरता से पालन करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री अनिज विज द्वारा भी इस बारे में सख्त दिशा-निर्देश दिए गए हैं, जिनकी पालना में अब जिला प्रशासन द्वारा चैकिंग अभियान तेज किया जाएगा। कोरोना के नए वेरिएंट को फैलने से रोकने के लिए कोविड अप्रोप्रिएट बिहेवियर की पालना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि फेसमास्क कोरोना संक्रमण रोकने में उतना ही प्रभावी है जितना वैक्सीन। उन्होंने कहा कि जिला में जिन लोगों ने अभी तक अपना वैक्सीनेशन नहीं करवाया है, वे जल्द से जल्द अपना वैक्सीनेशन करवाना सुनिश्चित करें।

### करीब 90 प्रतिशत लोगों को लगी कोरोनारोधी दोनों डोज

**जिले** में कोरोनारोधी वैक्सीन की दोनों डोज में लगभग 90 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। जिला में इतनी बड़ी जनसंख्या होने के बावजूद लगभग 90 प्रतिशत लोगों को कोरोनारोधी वैक्सीन की दोनों डोज लग चुकी है। सीएमओ डा. विरेंद्र यादव ने बताया कि जिला में पहली डोज 126 प्रतिशत लोगों तथा दूसरी डोज लगभग 90 प्रतिशत जनसंख्या को लग चुकी है।

उन्होंने निजी अस्पताओं को दिसंबर माह में वैक्सीनेशन के दो मैगा ड्राईव लगाने के निर्देश दिए, ताकि वैक्सीनेशन कार्य को रफ्तार मिल सके। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डा. एमपी सिंह, जिला सर्विलांस अधिकारी डा. जयप्रकाश राजलीवाल व डा. अनुज सहित कई वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

# चालक व कंपनी मालिक के बीच लेनदेन के चलते दिया लूट की वारदात को अंजाम, ट्रक बरामद

कैलाश मंगला। होडल

**होडल** थाना पुलिस ने देर रात नेशनल हाइवे करमन बॉर्डर के निकट एक ट्रक चालक को हथियार के दम पर बंधक बनाने व दवाइयों से भरे ट्रक को लूटकर ले जाने के मामले में चौबीस घंटे के अंदर ट्रक बरामद कर लिया है। पुलिस मामले में लिप्त आरोपियों की तलाश में जुटी है। बताया जाता है कि ट्रक के पुराने चालक और कंपनी मालिक के बीच रुपये के लेनदेन के चलते लूट की वारदात को अंजाम दिया था।

होडल थाना प्रभारी अनूप सिंह ने गांव गडवा तहसील तिजारा जिला अलीगढ़ निवासी सब्बीर ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि कर्नाटक रोड लाइंस कंपनी के ट्रक पर चालक हूं। मेरे साथ गाड़ी में दूसरा चालक तारीफ भी मौजूद था। उसने बताया कि वह गाड़ी में दवाइयां लेकर हापुड से गोवा के लिए निकला था। वह करमन बार्डर से पहले एक खोखे पर चाय पीने के लिए रुका। चालक ने बताया कि तभी एक सिफ्ट गाड़ी उनके ट्रक के पास आकर रुकी और उसमें से गांव रूपडाका हथीन निवासी


पुलिस द्वारा बरामद किया दवाइयों से भरा लूटा हुआ ट्रक।

हासीम, कासीम, इकबाल, खुर्शीद, शहीद, अजरू हथियारों से लैस होकर उतरे। उसने शिकायत में बताया कि उन्होंने हम दोनों के साथ मारपीट की और दोनों को बंधक बनाकर अपनी सिफ्ट गाड़ी में डाल लिया और उनमें से दो लोग दवाइयों से भरे ट्रक को लेकर फरार हो गए। उसने बताया कि उन्होंने हमें गांव उटावड़ के पास गाड़ी से नीचे उतार दिया। चालक ने बताया कि हमने आसपास के लोगों से मोबाइल लेकर पुलिस और कंपनी मालिक को इसकी सूचना दी। थाना प्रभारी ने बताया कि जब पीड़ित की शिकायत पर मामले की छानबीन की गई तो पता चला कि गांव रूपडाका निवासी ट्रक के पुराने चालक और कंपनी मालिक के बीच रुपयों का कुछ लेनदेन चल रहा था।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेड लाईसेंस नहीं होने पर 42 प्रतिष्ठानों पर गिरी सीलिंग की गाज


ट्रेड लाइसेंस नहीं होने पर यूनिसैक्स सैलून को सील करते निगमकर्मी।

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम की सीमा में स्थित व्यापारिक प्रतिष्ठानों को हरियाणा नगर निगम अधिनियम-1994 में वर्णित धाराओं के तहत ट्रेड लाईसेंस लेना अनिवार्य है। बिना ट्रेड लाईसेंस प्राप्त किए व्यापारिक प्रतिष्ठानों को नगर निगम गुरुग्राम द्वारा सील करने की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को जोन-4 क्षेत्र में 42 प्रतिष्ठानों पर सीलिंग की गाज गिरी। जिन्हें सील किया गया है, उनमें साऊथ सिटी-2 स्थित आरकेडिया, सैक्टर-50 स्थित गुडअर्थ मॉल, सेक्टर-49 स्थित सफायर मॉल, इरोज मॉल, सेक्टर-48 स्थित जेएमडी ग्लेरिया, सेक्टर-69 स्थित स्पेज कॉरपोरेट पार्क एवं तुलिप लैमन मार्केट, सेक्टर-49 स्थित यूनिटेक आरकेडिया, रहेजा मॉल आदि में स्थित व्यापारिक प्रतिष्ठान शामिल हैं। जोन-4 क्षेत्र में जिन व्यापारिक प्रतिष्ठानों को सील किया गया है, उनमें सुगरलिसियस बैकरी, डिचैन, डीजे पिज्जा पास्ता, लुक्स सेलून, विक्टर क्रॉफ्ट एंड टैक्सचर, गेट सेट सेलून, रिपब्लिक ऑफ चिकन, मन्नत ड्राई फूड्स, चाट वाट, स्टेयर्स लांड्री, दा केक स्टोरी, च्वाईस कबाब एवं करी, अरोमा लग्जरी स्पा, बुद्धा स्पा, मोमो मैगी कैफे, लोटस स्पा, पैराडाईज स्पा, दा ऊर्जा स्पा, एल्मवुड स्पा, गीतांजली स्टूडियो, ग्रीन चिक शॉप, जियानी आईसक्रीम, सम्राट बेकरी सहित कई अन्य प्रतिष्ठान शामिल हैं।

### विवाहिता तीन वर्षीय बेटा संग संदिग्ध हालत में लापता

**सोहना।** मामूली कहासुनी पर पत्नी तीन वर्षीय बेटे को लेकर संदिग्ध हालत में लापता हो गई। पीड़ित पति ने भोंडसी थाना में पत्नी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। गांव गढ़ी बाजीदपुर निवास जितेन्द्र कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह ने 28 नवंबर को पत्नी के संदिग्ध हालत में घर से लापता होने की शिकायत भोंडसी थाना में दर्ज कराई है। जितेन्द्र कुमार ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी चचंल से कुछ दिन पहले मामूली बात को लेकर तू तड़ाक हो गई थी। उसकी पत्नी साथ में तीन वर्षीय बेटे को लेकर गई है। भोंडसी पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद लापता महिला और उसके बेटे की तलाश शुरू कर दी है।

### पुलिस ने शराब बेचने वाले को दबोचा

**सोहना।** सिटी थाना पुलिस ने शहर की पहाड़ कॉलोनी में परचून की दुकान के पास सरेआम अवैध शराब बेचने वाले को दबोचकर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मंगलवार की शाम को सिटी थाना पुलिस को गश्त के दौरान सूचना मिली कि पहाड़ कॉलोनी में उत्तर प्रदेश का मूलनिवासी शेखर परचून की दुकान के पास प्लास्टिक का कट्टा लेकर बैठा है। जिसमें शेखर ने अवैध शराब भरी हुई है। एएसआई महाबीर ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच शेखर को दबोच लिया। तलाशी के दौरान प्लास्टिक के कट्टे में से 13 अध्धा, 18 पव्वे देशी शराब के, 7 पव्वे अंग्रेजी की शराब और पांच बीयर की बोतल बरामद की। एएसआई महाबीर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जिसे बाद में कच्ची जमानत पर छोड़ दिया है।

### मुख्यमंत्री परिवार उत्थान मेला रद्द

**सोहना।** सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में 3-4 दिसम्बर को लगने वाला मुख्यमंत्री परिवार उत्थान मेला कुछ समय के लिए टाल दिया गया है। जिसकी नई तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी। नगरपरिषद के सचिव समयपाल ने बताया कि शनिवार और रविवार को देवीलाल खेल स्टेडियम मुख्यमंत्री परिवार उत्थान मेले को किन्ही कारणवश रद्द कर दिया है। सचिव ने बताया यह आदेश उच्चाधिकारियों से प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल समस्त राज्य में एक ही दिन मेला लगाना चाहते हैं। जिसके लिए नई तिथि निरधारित की जाएगी।

### अबैध हथियार सहित एक गिरफ्तार

**होडल।** होडल सीआइए पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हसनपुर चौक से अबैध कट्टा सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया है। होडल सीआइए प्रभारी जंगशेर ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि एक युवक नेशनल हाइवे हसनपुर चौक के निकट अबैध हथियार सहित घूम रहा है। उन्होंने बताया कि सीआइए की एक टीम हसनपुर चौक पर युवक की तलाश शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को देख युवक दबे पैर भागने का प्रयास करने लगा। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उसे तलाशी के लिए रोक लिया। पुलिस ने जब आरोपी की तलाशी ली तो उसके पास से देशी कट्टा मिला। पुलिस द्वारा पूछने पर आरोपी ने अपना नाम गांव बंचारी निवासी जगबीर बताया। प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तहत 19-20 दिसंबर को होंगे ट्रायल

**गुरुग्राम।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 का आयोजन हरियाणा में 5 से 15 फरवरी 2022 तक 25 खेलों में करवाया जा रहा है। इन खेलों में अंडर 18 वर्ष के वे लड़के व लड़कियां, जिनका जन्म एक जनवरी 2003 के बाद हुआ हो भाग ले सकते हैं। जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी राज यादव ने बताया कि रोहतक के सेक्टर-6 स्थित राजीव गांधी खेल परिसर में कब्बड्डी, हिसार के महावीर स्टेडियम में खो-खो व हैंडबॉल, करनाल स्थित कर्ण स्टेडियम में वॉलीवाल व फुटबाल, कुरुक्षेत्र के शाहबाद स्थित मार्कण्डेश्वर हॉकी स्टेडियम में हॉकी व कैथल के सेक्टर-21 स्टेडियम में बास्केटबॉल के ट्रायल लिए जाएंगे। उपरोक्त सभी स्थानों पर लड़कियों के लिए 19 दिसंबर व लड़कों के लिए 20 दिसंबर की तिथि निर्धारित की गई है।

# धनखड़ ने ली भाजपा आईटी एवं सोशल मीडिया टीम की क्लास


गुरुग्राम भाजपा कार्यालय में भाजपा आईटी एवं सोशल मीडिया टीम की मीटिंग लेते प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारतीय** जनता पाटीऱ् के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने बुधवार को गुरुग्राम में प्रदेश की आईटी एवं सोशल मीडिया टीम की क्लास ली। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-48 किनारे सिग्नेचर टावर के पास स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में प्रदेश की सोशल मीडिया टीम, सभी 22 जिलों, सभी मोर्चों और सभी मॉडलों के आईटी एव सोशल मीडिया संयोजकों व सह संयोजकों को उन्होंने सीख दी।

ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि टीम के हर सदस्य के पास तकनीकी ज्ञान और सही शब्दों के चयन की कला होनी चाहिए। यहां उन्होंने सोशल मीडिया टीम को लगभग आधा दजज़्न टारगेट्स दिए और दूसरे राज्यों के लिए उदाहरण बनने की बात कहते हुए बाकी शेर, हरियाणवी सवा शेरका स्लोगन दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा की हर अच्छी और सकारात्मक बात को इस स्लोगन से प्रस्तुत करें। श्री धनखड़ ने माईक संभालते ही कहा कि हमारी टीम सबसे अच्छी है, लेकिन हमें और भी अच्छा करना है। इतना अच्छा करना है कि एक दिन मोदी जी स्वयं फोन करके हरियाणा की सोशल मीडिया टीम की पीठ थपथपाएं। उन्होंने कहा कि हमारी भाषा किसी वर्ग के खिलाफ नहीं होनी चाहिए और ना ही माननीय लोगों के लिए हल्के शब्दों का प्रयोग होना चाहिए। भाजपा का हर कार्यकर्ता सदा सजग रहता है और संयम से काम करता रहा है। भविष्य में भी सोशल मीडिया और मीडिया टीम के सदस्य को ऐसी कोई बातें नहीं बोलनी चाहिए कि वो बैक फायर करे।

### अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ बोले, तकनीकी ज्ञान और सही शब्दों चयन जरूरी

धनखड़ ने सबको मिलकर काम करने की नसीहत देते हुए कहा कि टीम वर्क से सफलता मिलने की संभावना ज्यादा होती है और काम भी बेहतर होता है। इसलिए सोशल मीडिया टीम के प्रदेश के पदाधिकारी जिलों के पदाधिकारियों से और जिला पदाधिकारी मंडल के पदाधिकारियों से रोजाना बात करें तथा अच्छा काम करने वाले कार्यकर्ताओं की पहचान कर उन्हें आगे लाएं। उन्होंने कहा कि समन्वय अच्छा होगा तो हम नरेटिव सेट करने में कामयाब होंगे।

# पर्यावरण चेतना साइकिल यात्रा-2022 का पंजीकरण फार्म किया लांच

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा ने बुधवार को पर्यावरण चेतना साइकिल यात्रा-2022 के गूगल पंजीकरण फार्म लांच किया। निगमायुक्त स्वयं पहले व्यक्ति के रूप में यात्रा के लिए पंजीकृत हुए। यह साइकिल यात्रा 23 जनवरी को पर्यावरण संरक्षण गतिविधि गुरुग्राम द्वारा आयोजित की जाएगी। इस मौके पर निगमायुक्त ने यात्रा के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि चेतना साइकिल यात्रा के माध्यम से नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसमें विशेष रूप से चार गतिविधियों को शामिल किया गया है।

# असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिक जल्द बनवाएं श्रम कार्ड

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सिलोखरा** स्थित हरियाणा ऑटो चालक संघ सम्बन्धित भारतीय मजदूर संघ के कार्यालय में ऑटो चालकों एवं असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के लिए जिला श्रम विभाग की ओर से श्रम कार्ड बनवाने के लिए कैम्प का आयोजन किया गया।

हरियाणा सरकार की असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए बनाई प्रदेश स्तर की मोनिटिरिंग कमेटी के सदस्य योगेश शर्मा श्रमिकों को कार्ड सौंपकर उनका उत्साहवर्धन किया। आटो यूनियन के नेता योगेश शर्मा ने बताया कि ने बताया कि हरियाणा सरकार एवं केन्द्र सरकार की बहुत दूर गामी सोच


गुरुग्राम के सिलोखरा में हो रहा आटो चालकों के श्रम कार्ड बनाने का काम।

का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि जब देश में कोरोना महामारी के कारण लॉकडाउन लगा तो केन्द्र सरकार भी और प्रदेश सरकार भी सभी श्रमिकों को आर्थिक लाभ पहुंचाना चाहते थे, लेकिन सभी का डाटा सरकार के पास नही होने के कारण बहुत से श्रमिक सरकारी योजनाओं से बंचित रह गए। योगेश शर्मा ने कहा कि सरकार ने भविष्य की तैयारी के चलते असंगठित क्षेत्र के रमिको के लिए यह श्रम कार्ड की योजना लागू की है, जिसमें प्रत्येक श्रमिक को दो लाख रुपयों का जीवन बीमा निशुल्क दिया जा रहा है।

# वन विभाग ने एसडीएम को बिना पेड़ काटे सड़क निर्माण की शिकायत की

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**वन** विभाग ने एसडीएम को शिकायत करते हुए एलिवेटेड मार्ग का निर्माण कर रही एचजी इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ठेकेदार के खिलाफ बिना पेड़ काटे सड़क का निर्माण करने का आरोप लगाया है। वन विभाग ने एचजी इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड़ कंपनी को पत्र लिखकर पेड़ों की कटाई न करने की अनुमति के बिना काटने का कारण पत्र लिखकर पूछा है। जिसका तीन दिन में वन विभाग ने कंपनी से जवाब मांगा है।

मालूम रहे कि एचजी इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के ठेकेदार ने गुरुग्राम-सोहना के बीच निर्माणाधीन एलिवेटेड मार्ग की शुरुआत में शहर के दमदमा मोड पर पेड़ों की कटाई


सोहना में एलिवेटेड मार्ग के बीच में आ रहा पेड़।

किए बिना सड़क का निर्माण कर दिया। सड़क के बीच में आ रहे पेड़ों से लोगों की जान जाने का खतरा बना हुआ है। हादसा टालने के उद्देश्य से वन विभाग ने एसडीएम जितेन्द्र कुमार गर्ग को पत्र लिखकर एचजी इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के ठेकेदार द्वारा बरती गई लापरवाही के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। ताकि सड़क के बीच में आ रहे पेड़ों की कटाई कराई जाए। ठेकेदार द्वारा पेड़ों की कटाई कराने के लिए नियमानुसार लिखित में वन विभाग से अनुमति ले। पूर्व में ली गई अनुमति नियम के विरुद्ध होने के कारण मंजूर नहीं हो सकी।

**बिना अनुमति काटे गए पेड़ों की जांच** : वन विभाग के सूत्रों के अनुसार ठेकेदार ने दर्जनभर सड़क निर्माण में बांधा बने छोटे पेड़ों को कटवाया है। जिनकी वन विभाग द्वारा पड़ताल की जा रही है। ताकि ठेकेदार पर बिना अनुमति के काटे गए पेड़ों का जुर्माना वसूला जा सके।

### क्या कहते हैं वन विभाग अधिकारी

**वन** विभाग के स्थानीय रेंज अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि एलिवेटेड मार्ग का निर्माण कर रही एचजी इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को बिना पेड़ काटे सड़क निर्माण करने का कारण जानने के लिए पत्र लिखा है। इसकी शिकायत एसडीएम को भी की गई है।

# प्रसिद्ध हेयर एक्सपर्ट ब्रांड सेंट बोटानिका ने करीना कपूर खान को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**सबसे** प्रसिद्ध हेयर एक्सपर्ट ब्रांड सेंट बोटानिका ने बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान को अपना ब्रांड एंबेसडर चुना है। हेयर केयर कैटेगरी में ब्रांड के बढ़ते फोकस के कारण यह नया कदम उठाया है। पिछले 5 वर्षों में चंडीगढ़ में स्थित, ब्रांड ने भारत में 10000+ से अधिक पिनकोड तक अपने ब्रांड को पहुंचाया है। हेयरकेयर उद्योग भारत में 3 बिलियन का उद्योग बन चुका है। उच्च क्वालिटी वाले अच्छे हेयर केयर उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है। सेंट बोटानिका प्राकृतिक और जैविक अवयवों से यह उत्पाद काफी रिसर्च के साथ बना है।

इस उत्पाद की खासयित है कि परिरक्षकों, परबेन्स, खनिज तेल, सिंथेटिक रंग, इत्र आदि से दूर है। यह शाकाहारी और क्रूरता मुक्त उत्पादों की एक श्रृंखला है और पेटा प्रमाणित है, जो उन उपभोक्ताओं के लिए आदर्श है और अपने ग्राहकों के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझती है। ग्राहकों की नई पीढ़ी के लिए हेयर केयर ब्रांड ने प्रकृति के साथ विज्ञान को भी महत्व दिया है। सेंट बोटानिका करीना कपूर खान के साथ अपनी यात्रा में अगला कदम उठा रही है क्योंकि उनका चेहरा इस ब्रांड के लिए काफी मायने रखता है। वर्ष 2015 में स्थापित, सेंट बोटानिका प्रीमियम बालों, त्वचा की




देखभाल और कल्याण उत्पादों की एक सावधानीपूर्वक क्यूरेटेड रेंज प्रदान करता है। ब्रांड विज्ञान की शक्ति का उपयोग करके प्रकृति और प्राकृतिक वनस्पति विज्ञान से सर्वश्रेष्ठ निकालने के लिए बालों की देखभाल की कला को पूर्ण करने में विश्वास करता है। सभी उत्पाद बायोटिन, रेटिनॉल, कोलेजन आदि जैसे बायो एक्टिव्स से समृद्ध हैं। यह प्राकृतिक अवयवों में पाए जाने वाले सबसे शक्तिशाली अणु हैं, जो आपको वांछित परिणाम देने के लिए फॉर्मूलेशन को प्रभावी बनाने के लिए उपयोग होते है। व्यक्तिगत देखभाल के क्षेत्र में ब्रांडों की अधिकता के साथ, ब्रांड का उद्देश्य समझदार भारतीय उपभोक्ता के लिए प्राकृतिक जड़ें रखते हुए नेचुरल उत्पादों पर ध्यान देना है। अप्रतिम मजूमदार, सीएमओ, सेंट बोटानिका कहते हैं हम करीना कपूर खान को अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल करने के लिए बहुत उत्साहित हैं! वह न केवल एक सुपरस्टार हैं, बल्कि सुंदरता के पारखी के रूप में भी जानी जाती हैं। सेंट बोटानिका बालों के ठोस परिणामों के बारे में है और हम उसके बोर्ड में आने से बहुत अधिक लोगों तक पहुंचने में सक्षम होंगे। अभिनेत्री और ब्रांड एंबेसडर, सेंट बोटानिका, करीना कपूर खान ने टिप्पणी की, मैं सेंट बोटानिका का चेहरा बनकर रोमांचित हूं, एक ब्रांड जो प्रकृति और प्राकृतिक वनस्पति विज्ञान से सर्वश्रेष्ठ उत्पाद बना रहा है। मैं हमेशा अपने बालों के लिए उपयोग किए जाने वाले उत्पादों और सेंट बोटानिका जैसे उत्पादों को पसंद करती हूं। इससे आपके बालों की देखभाल एक बेहतर फॉर्मूलेशन और बायो एक्टिव्स के साथ पूरी होती है। इससे एक बेहतर उत्पाद के साथ गहरा विश्वास भी ग्राहक को मिलता है।

**सेंट बोटानिका के बारे में:** सेंट बोटानिका प्रीमियम बालों, त्वचा की देखभाल और वेलनेस उत्पादों की सावधानीपूर्वक क्यूरेटेड रेंज प्रदान करता है। ब्रांड प्रकृति और प्राकृतिक वनस्पति विज्ञान से सर्वश्रेष्ठ निकालने के लिए विज्ञान की शक्ति का उपयोग करके बालों और त्वचा की देखभाल की कला को पूर्ण करने में विश्वास करता है।

# कैनविन के तीसरे सेवा पॉलीक्लीनिक का उद्घाटन आज

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम की सेहत को सुधारने में जुटे कैनविन फाउंडेशन ने जन सेवा में एक और कदम बढ़ाया है। फाउंडेशन की ओर से शहर में तीसरा सेवा पॉलीक्लीनिक शुरू किया जा रहा है। इसका विधिवत शुभारंभ गुरुवार दो दिसम्बर को सायं 4 बजे होगा। मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ शिरकत करेंगे। यह पॉलीक्लीनिक राजेंद्रा पार्क में केके पैलेस में बनाया गया है।

कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल एवं सह-संस्थापक नवीन गोयल ने बताया कि दो दिसम्बर को उनकी माता स्वर्गीय श्रीमती अंगूरी देवी की तीसरी पुण्यतिथि है। उनकी माता का कैंसर बीमारी के कारण निधन हुआ था। वे चाहते हैं कि बीमारी का सही उपचार ना होने के कारण किसी की जान ना जाए। इसी को लेकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने को उन्होंने चुना है। कैनविन फाउंडेशन की ओर से साईं मेहर माता चंदो देवी हेल्थकेयर एजुकेशन फाउंडेशन के सानिध्य में यह तीसरा कैनविन सेवा पॉलीक्लीनिक शुरू किया जा रहा है। इससे पूर्व एक सेवा पॉलीक्लीनिक न्यू कालोनी स्थित गीता


डा. डीपी गोयल। नवीन गोयल।

भवन में और पहला पॉलीक्लीनिक कैनविन फाउंडेशन के सेक्टर-38 स्थित कैनविन फाउंडेशन के कार्यालय में चल रहा है। क्लीनिक में अनुभवी चिकित्सकों से परामर्श के अलावा फिजियोथैरेपी सेंटर और लैब कलेक्शन सेंटर एवं डायगनोस्टिक सेंटर स्थापित किया गया है। यहां मात्र 100 रुपये में चिकित्सकों से परामर्श की सुविधा के साथ 100 रुपये में ही फिजियोथैरेपी की सुविधा मिलेगी।

डॉ. डीपी गोयल ने कहा कि गुरुग्राम की सेहत को दुरुस्त रखना उनका सपना है। इसमें काफी कामयाबी इन सेवा पॉलीक्लीनिक के माध्यम से मिल रही है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक यहां चिकित्सा सेवाएं दी जा रही हैं। नवीन गोयल ने कहा कि गुरुग्राम में खराब पर्यावरण, वातावरण को देखते हुए यहां चिकित्सा सेवाओं में इजाफा बहुत जरूरी है।

# गुरुग्राम के निजी अस्पतालों को अंतरराष्ट्रीय यात्रियों का डाटा अपडेट करने के निर्देश

### कोरोना के नए वेरिएंट को लेकर गंभीरता से काम करने के आदेश

### जिले में लगभग 90 प्रतिशत लोगों को लगी दोनों डोज

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**कोरोना** के नए वेरिएंट को फैलने से रोकने और सरकार द्वारा दिशा-निर्देशों के पालन को लेकर गुरुग्राम का स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हो गया है। जिले के सभी निजी और सरकारी अस्पतालों को निर्देश दिए हैं कि वे इस मामले में किसी तरह की लापरवाही न करें। निजी अस्पतालों को कहा गया है कि वे अंतरराष्ट्रीय यात्रियों का डाटा अपडेट करें। सिविल सर्जन कार्यालय में पूरा डाटा पहुंचाएं, ताकि इन नए संक्रमण से बचा जा सकें।

गुरुग्राम के सिविल सर्जन डॉ. विरेंद्र यादव ने स्पष्ट कहा है कि इस मामले में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसलिए अस्पताल प्रबंधन अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए समय रहते आवश्यक इंतजाम पूरे कर लें। डा. विरेंद्र यादव ने कहा कि कोरोना संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए सरकार द्वारा गंभीरता से प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि भविष्य में स्थिति अनियंत्रित ना हो और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दी जा सके। बैठक में उन्होंने सरकारी व निजी अस्पतालों से आए प्रतिनिधियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने यहां भर्ती प्रत्येक इंटरनेशनल ट्रैवलर के बारे में सूचना सप्ताह में दो बार सिविल सर्जन कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें।

### बेड की उपलब्धता संबंधी जानकारी भी करें अपडेट

**सीएमओ** ने निजी अस्पताल प्रबंधन को निर्देश देते हुए कहा कि वे अस्पताल परिसर में विभिन्न स्थानों पर सिटीजन चार्टर लगाना सुनिश्चित करें। इसमें एनएचआरसी की गाईडलाईंस के अनुसार नागरिकों के अधिकार, ग्रीवेंस रिड्रेसल, टेस्टिंग रेट, कोविड ट्रीटमेंट तथा रेफरल मैकेनिजम संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी शामिल हैं। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश देते हुए कहा कि वे व्यर्थ में कोरोना की टेस्टिंग करवाने से बचें और अनावश्यक रूप से बार-बार व्यक्ति की टेस्टिंग ना करवाएं।

### यात्रियों का एयरपोर्ट पर आरटीपीसीआर अनिवार्य

**उन्होंने** स्पष्ट कहा कि इंटरनेशनल ट्रेवलर्स का पहले दिन एयरपोर्ट पर तथा 8वें दिन आरटीपीसीआर टेस्ट अनिवार्य है। डा. यादव ने कहा कि सभी अस्पताल अपने यहां बैडो की उपलब्धता संबंधी जानकारी अगले 48 घंटों के भीतर निर्धारित वेबसाईट पर अपडेट करने के निर्देश दिए। इनमें आईसीयू बेड, वेंटिलेटर तथा ऑक्सीजन बेड की जानकारी, पिडियाट्रिक बेड, ऑक्सीजन की उपलब्धता सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी शामिल हैं। इसके अलावा सिविल सर्जन ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि अस्पताल प्रबंधन कोरोना संदिग्ध मरीजों का पता मोबाइल नंबर सहित ठीक प्रकार से मेन्टेन करें। पता गलत होने की स्थिति में कोरोना संक्रमित व्यक्ति समाज के लिए बड़ा खतरा बनता है।

# राजस्थान की राज्य मंत्री का नूंह जिले में जगह-जगह स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**राजस्थान** सरकार में हाल ही में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री बनाए गई जाहिदा खान का नूंह जिले में समर्थकों ने जगह-जगह स्वागत किया। जाहिदा खान का काफिला जैसे ही गुरुग्राम जिले से नूंह जिले में प्रवेश किया तो नूंह जिले की सीमा से पहले गांव रोजका मेव रेवासन, घासेड़ा, नूंह, बड़कली चौक, फिरोजपुर झिरका आदि में फूल माला और ढोल नगाड़ों से स्वागत किया गया। लोगों ने मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया।

जाहिदा खान राजस्थान की कामां विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं और गहलोत सरकार में उन्हें हाल ही में राज्य मंत्री का दर्जा दिया है। राज्य मंत्री बनने के बाद जाहिदा खान जब पहली बार नूंह जिले में आई तो लोगों ने उन्हें सिर आंखों पर बिठा लिया। जगह-जगह हुए जबरदस्त स्वागत से राजस्थान की राज्य मंत्री जाहिदा खान भी बेहद उत्साहित नजर आई। आपको बता दें कि जाहिदा खान नेता चौधरी स्वर्गीय तैयब हुसैन की पुत्री हैं, जो पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में मंत्री रहे हैं। इसके अलावा पूर्व विधायक, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी जाकिर हुसैन की छोटी बहन जाहिदा खान राजस्थान की कामां विधानसभा क्षेत्र से दूसरी बार विधायक चुनी गई हैं। हाल ही में राजस्थान में हुए अशोक गहलोत मंत्रिमंडल में जाहिदा खान को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा सहित कई विभाग दिए हैं। मेवात की इस लाड़ली को मंत्री बनाए जाने से लोग बेहद उत्साहित हैं। वह मेव कौम की पहली महिला मंत्री बन गई हैं, इसलिए राजस्थान और हरियाणा में उनके समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। जाहिदा खान भी मेव कौम के इस प्यार से बेहद उत्साहित हैं और उन्होंने कहा है कि वह अपने पिता के पद चिह्नों पर चलकर कौम व इलाके की सेवा में कोई कसर बाकी नहीं रखेंगी। उन्होंने राज्य मंत्री का दर्जा मिलने पर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है।


मेवात में स्वागत जाहिदा खान राज्य मंत्री राजस्थान सरकार।

# केएमपी एक्सप्रेसवे के साथ दुकान खोलने पर हुए विवाद में तीन घायल

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**उपमंडल** की सीमा से जा रहे केएमपी एक्सप्रेसवे के साथ खोखा-दुकान खोलने को लेकर हुए विवाद में दबंगों द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। मारपीट में एक पक्ष से तीन लोगों के घायल होने की खबर है। सदर थाना पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर नौ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सलीम निवासी सहसौला पटटी घुसबैठी ने बताया उन्होंने और उनके सगे चाचा जाकिर ने केएमपी एक्सप्रेसवे के साथ चाय की दुकान खोली हुई है। जाकिर ने सड़क के दोनों तरफ दुकानें खोली हुई ,जबकि उनकी दुकान एक तरफ है। सलीम के मुताबिक उन्होंने अपने भाई को भी सड़क के साथ एक दुकान खुलवा दी।

आरोप है कि भाई को दुकान खुलवाने से गुस्साए, जाकिर हसीना, तौफीक, फरीदा, शौकीन, नजमा, बजरुद्दीन, अरबाज और दिलशाद ने 15 नवंबर को उन्हें गाली गलौज देते

### नौ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

हुए धमकी दी। अगले दिन 16 नवंबर को दोपहर 12:30 बजे के करीब जाकिर ने उन्हें अपनी दुकान पर बुलाया। जब वह जाकिर की दुकान पर पहुंचा तो सभी आरोपियों ने मशवरा कर उनपर लाठी, डंडे, फरसा आदि हथियारों से लैस होकर जानलेवा हमला कर दिया। झगड़ा होता देख उनका छोटा भाई मौके पर आया तो हमलावरों ने उसके साथ भी मारपीट की। उनके भाई अलीमुद्दीन का पैर टूट गया, बीच-बचाव में पहुंचे छोटे भाई को भी घायल कर दिया।

घायल उन्हें और उनके भाई अलीमुद्दीन व आमिर को तावडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें नूंह मेडिकल कॉलेज नल्हड़ के लिए रैफर कर दिया। सदर थाना पुलिस ने पीड़ित के बयान पर उपरोक्त सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षा विभाग ने सैट-3 की परीक्षा प्रश्न पत्रों के लिए मांगी निविदाएं


संगेल गांव में कैंडल मेकिंग प्रशिक्षण का होता समापन समारोह।

**नूंह।** जिला नूंह के तहत वर्ष 2021-22 की सैट-3 की परीक्षा प्रश्न पत्रों (उत्तर कुंजी सहित) की प्रिंटिंग व स्कूलों अनुसार पैकिंग कर पहुचाने के लिए आपूर्तिकर्ताओं से मोहर बंद निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित की गई हैं। निविदा फॉर्म राशि कार्य दिवस में कार्यालय से 200 रुपये शुल्क देकर प्राप्त किए जा सकते है। निविदा फॉर्म प्राप्त व जमा करवाने का स्थान कक्षा नोवी से बारहवी जिला शिक्षा अधिकारी व कक्षा पहली से आठवी तक जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी नूंह निविदा फॉर्म की बिक्री तिथि 2 दिसंबर से 3 दिसंबर को सायं 3 बजे तक निविदा फॉर्म जमा कराने कि अंतिम तिथि 3 दिसंबर सायं 3 बजे तक। निविदा खुलने कि तिथि तीन दिसंबर सायं पांच बजे तक निविदा खुलने का स्थान जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, नूंह है।

### दहेज उत्पीड़न मामले में आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**तावडू।** सदर थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न मामले में पीड़िता महिला की शिकायत पर ससुराल पक्ष के आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पचगांव निवासी नसीमा ने बताया कि वर्ष 2020 फरवरी में मुस्लिम रीति रिवाज के मुताबिक उसकी शादी मकसूद निवासी उदयपुर -भिवाड़ी थाना चोपानकी के साथ हुई थी। शादी में उनके पिता ने अपनी हैसियत के मुताबिक सभी जरूरी दान दहेज दिया था, लेकिन ससुराल पक्ष के लोग शादी में दिए दहेज से संतुष्ट नहीं थे। पति मकसूद उनके साथ मारपीट करता था। आरोप है कि ससुराल पक्ष के जेठ, सास-ससुर और जेठानी मिलकर उन्हें प्रताड़ित कर एक लाख रुपये नगद दहेज में लाने की मांग करते थे। उन्होंने एतराज जताया तो लगभग 5 महीने पहले पति ने मारपीट करते हुए उन्हें घर से बाहर निकाल दिया। तावडू सदर थाना पुलिस ने पीड़िता के बयान पर आरोपी मकसूद, नोमान, पित्तल, वहीद, फजरी, तबस्सुम, साकिर, जमील, निवासी उदयपुर - भिवाड़ी थाना चोपानकी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### कार की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**तावडू।** उपमंडल के गांव कांगरका में एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। सदर थाना पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कांगरका तावडू निवासी प्रताप सिंह ने बताया कि 29 नवंबर को वह अपने भतीजे शेर सिंह के साथ बाइक से तावडू जा रहा था। गांव के कब्रिस्तान के नजदीक पहुंचे तो सामने से तेज गति से आ रही एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद वह दूर जाकर गिरा तो उनका भतीजा शेर सिंह बाइक सहित कार के नीचे आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान चालक अपनी कार सहित मौके से फरार हो गया। घायल शेर सिंह को तावडू के ग्लोबल अस्पताल में पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने शेरसिंह की गंभीर हालत देखते हुए शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज नलहड़ के लिए रैफर कर दिया। सदर थाना पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### स्कूटी सवार महिला का बैग छीनकर भागे बाइक सवार दो बदमाश

**तावडू।** उपमंडल के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 919 पर गांव निजामपुर में बाइक सवार दो बदमाशों द्वारा स्कूटी पर सवार एक महिला का बैग छीनकर फरार होने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आशियाना सुरभि, रामपुरा भिवाड़ी निवासी महिला ज्योती ने बताया कि 25 नवंबर शाम करीब 7:15 बजे वह अपनी स्कूटी द्वारा तावडू से खोरी की ओर जा रही थी। निजामपुर गांव में सरकारी स्कूल के सामने पहुंची तो ब्रेकर होने के कारण स्कूटी की स्पीड कम हो गई। उसी दौरान पीछे से दो अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर स्कूटी के पेडल में रखा बैग छीन लिया और खोरी कलां की तरफ फरार हो गए। उन्होंने बताया कि अंधेरा होने के कारण वह बाइक का नंबर नोट नहीं कर सकी। छीने गए बैग में उनका मोबाईल फोन, सात हजार रुपये, बैंक एटीएम कार्ड ,स्कूटी की आरसी, पेन कार्ड, आधार कार्ड, उनकी बेटी का आधार कार्ड, जरूरी सामान सहित अन्य कागजात थे। पीड़िता महिला ज्योति के बयान पर सदर थाना पुलिस ने मंगलवार देर शाम दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### कैंडल प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**नूंह।** नूंह जिले के संगेल गांव में बिलीव इंडिया द्वारा महिलाओं का सात दिवसीय कैंडल मेकिंग प्रशिक्षण को मंगलवार को समापन हो गया। प्रशिक्षण का समापन समारोह गांव के सरपंच राजेंद्र सिंह व पूर्व सरपंच महेंद्र पाल सिंह की मौजूदगी में कराया गया। वहीं इस अवसर पर सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक उजीना के ब्रांच मैनेजर अभिषेक भी मौजूद रहे। बिलीव इंडिया संस्था के जिला कोऑर्डिनेटर राजेंद्र सिंह देसवाल ने बताया कि नाबार्ड के सौजन्य से यह प्रशिक्षण पिछले 7 दिनों से चल रहा था। इस प्रशिक्षण में स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाएं ही हिस्सा ले रही है। कैंडल प्रशिक्षण कार्यक्रम में 30 महिलाओं ने प्रशिक्षण लिया। राजेंद्र सिंह देसवाल ने बताया कि इस प्रशिक्षण को लेने के बाद महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकेंगी और अपना रोजगार स्थापित कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि इससे पहले प्रशिक्षण प्रोग्राम उजीना गांव में किया गया था। मंगलवार को संगेल में प्रशिक्षण का समापन हो गया। उन्होंने कहा कि तीसरा प्रशिक्षण इंडरी ब्लॉक के गांव हिलालपुर में किया जाएगा। इस दौरान तीनों गांवों की महिलाओं को सर्टिफिकेट दिया जाएगा तथा जो महिलाएं इस ट्रेनिंग को गंभीरता से ले रही हैं उनको बैंक भी मदद करेगा। वहीं महिलाओं से बात करते वक्त उन्होंने बताया कि वह इस प्रशिक्षण को लेने के बाद स्वयं का बिजनेस स्टार्ट करेंगी। वहीं एसएचजी की महिलाओं ने कहा कि इस प्रशिक्षण से काफी सीखने को मिला।

# गरीबों की आर्थिक समृद्धि बढ़ाने का मार्ग हैं अंत्योदय मेले : भानीराम मंगला


मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेला का अवलोकन करते हुए पूर्व गौ-सेवा आयोग के चेयरमैन भानीराम मंगला व भाजपा जिला अध्यक्ष नरेन्द्र पटेल।

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**अंत्योदय** मेले गरीबों की आर्थिक समृद्धि बढ़ाने का मार्ग हैं। ज्यादा से ज्यादा गरीब परिवारों को इन योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में प.दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन के अनुरूप गरीब परिवारों के लिए सभी योजनाओं का लाभ एक ही परिसर में उपलब्ध कराया जा रहा है। ताकि अंतिम पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। पूर्व गो-सेवा आयोग के चेयरमैन भानीराम मंगला डीआरडीए हॉल नूंह में आयोजित अंत्योदय मेले में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

भानीराम मंगला ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में सभी जरूरतमंदों को आर्थिक आजादी भी मिले, यह हमारी सरकार का प्रयास है। हमारी पार्टी की सोच है उसका भला पहले करो जो सबसे आखिर में खड़ा है। मोदी-मनोहर सरकार इसी दिशा में कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि योजना बनाना, क्रियान्वित करना और पात्र तक लाभ पहुंचना अलग-अलग बात हैं। हमारी

### ज्यादा से ज्यादा गरीब परिवार योजनाओं का लाभ लें : सलोनी शर्मा

सरकार अंत्योदय मेलों के माध्यम से सभी विभागों व पात्र परिवारों को एक ही परिसर में एकत्रित कर योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम रही है।

भाजपा जिला अध्यक्ष नरेन्द्र पटेल ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में हम नियमों की सभी बाधाओं व अवरोधों को दूर करते हुए, सभी गरीब व पात्र परिवारों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित कर रहे हैं। गरीब व्यक्तियों को इन योजनाओं से सफल हुए लोगों की संगति मिले, प्रेरणा मिले। अंत्योदय मेले में एसडीएम सलोनी शर्मा ने बताया कि अंत्योदय मेले सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर एसडीएम पुन्हाना मनीषा शर्मा, एसडीएम फिरोजपुर-झिरका रणवीर सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सरफराज खान सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### जरूरतमंद लोगों की आर्थिक उन्नति का आधार बन रहे हैं अंत्योदय मेले

**नूंह।** मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के अंतर्गत डीआरडीए हॉल में लगा दो दिवसीय अंत्योदय मेला जरूरमंद लोगों के लिए आर्थिक रूप से सुदृढ़ होने की दिशा में अहम रहा है। अतिरिक्त उपायुक्त डा. सुभिता ढाका आजादी अमृत महोत्सव की श्रृंखला में आयोजित अंत्योदय मेले में पत्रकारों से बात कर रही थी। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. सुभिता ढाका ने कहा की दो दिन में परिवार पहचान पत्र के अनुरूप चिन्हित पात्र लोगों को विभिन्न विभागों के माध्यम से प्रदत योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से शुरू किए गए अंत्योदय मेले समाज के अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित करने के साथ ही गरीबी दूर करने के लिए मील का पत्थर साबित हो रहे हैं।

# शिक्षा का स्तर सुधारने में निरंतर प्रयासरत है उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला

### छात्राओं के लिए निःशुल्क बस सेवा योजना लाकर उपमुख्यमंत्री ने पूरा किया चुनावी वादा

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**जजपा** जिला प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन ने बताया कि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला निरंतर प्रदेश के हर वर्ग के विकास के बारे में सोचते हैं, किस तरह से उनका सर्वांगीण विकास हो, उसके लिए नई-नई नीति और योजनाएं लाकर हरियाणा प्रदेश की जनता के लिए जनहित कार्य करते हैं। जैसा कि कॉलेजों की छात्राओं को निःशुल्क बस सेवा उपलब्ध कराने का जजपा के 'जनसेवा पत्र' का प्रमुख चुनावी वादा था।


एडवोकेट राहुल जैन जिला प्रवक्ता।

अब यह बताते हुए अत्यंत खुशी हो रही है कि हमारी सरकार ने प्रदेश की छात्राओं के लिए निःशुल्क बस पास की सुविधा शुरू करते हुए छात्राओं से आवेदन मांगे हैं। जारी किए पोर्टल पर तीन दिसंबर तक इच्छुक छात्राएं आवेदन कर सकती हैं। योजना निश्चित तौर पर छात्राओं की शिक्षा, सुरक्षा की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होगी। इससे न केवल हरियाणा की छात्राओं को सुरक्षा व सुविधा मिलेगी बल्कि आर्थिक बोझ भी कम होगा और समय की भी बचत होगी।

अनावश्यक परेशानी से बचकर छात्राएं अपनी शिक्षा पर ध्यान दे पाएंगी। कम खर्चा होने पर अभिभावक भी छात्राओं को अच्छी शिक्षा उपलब्ध करा पाएंगे। जजपा जिला प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन ने बताया कि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला विद्यार्थियों के लिए एचटेट के पेपर गृह क्षेत्र में कराने, शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए विभिन्न योजनाएं, छात्र संघ चुनाव की फिर शुरुआत, स्कूलों का अपग्रेड करना, विद्यार्थियों के लिए मुफ्त टैबलेट देने जैसी अनेक योजनाओं को अमलीजामा पहनाकर शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाने का काम कर रहे हैं।

# मांडीखेड़ा अस्पताल में मनाया विश्व एड्स दिवस

पायनियर समाचार सेवा। नूंह


विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूक करते हुए स्वास्थ्य कर्मी।

**जिला** एड्स अधिकारी डॉ. प्रवीन राज तंवर ने बताया कि एक दिसंबर को विश्व एड्स दिवस के रूप में मनाया जाता है एचआईवी को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़े, इसलिए इस दिन को मनाया जाता है।

यूएनएड्स के अनुसार, महामारी की शुरुआत के बाद से, 79.3 मिलियन लोग एचआईवी से संक्रमित हो चुके हैं। मेवात में एचआईवी एड्स की स्थिति वर्तमान में नूंह जिले में 343 मरीज इस बीमारी से ग्रस्त हैं। जिले में चार एड्स केन्द्र हैं। जहां पर एड्स की जांच की जाती है व उससे बचाव के उपाय भी बताते हैं। बीमारी की पुष्टि होने पर मरीज को एआरटी सैन्टर रोहतक रैफर कर दिया जाता है और वहां से उसका ईलाज चलाया जाता है। समय-समय पर आईसीटीसी सैन्टर पर कार्यरत काउंसलर मरीजों की काउसलिंग करते हैं। सविल सर्जन डा. सुरेन्द्र यादव ने बताया कि एचआईवी को हराया जा सकता है। लोगों में जागरुकता बढ़ाने के लिए हर वर्ष जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों और इसके साथ साथ शिक्षण संस्थानों पर विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। रेड रिबन क्लब इसमें सहयोग करता है। लगभग 10 लाख लोग अभी भी हर साल इससे मर जाते हैं क्योंकि वे नहीं जानते कि उन्हें एचआईवी है और उनका इलाज नहीं हो पाता या फिर वे देर से इलाज शुरू करते हैं। डब्ल्यूएचओ के दिशा निर्देशों के बावजूद 2015 में कहा गया कि एचआईवी ग्रसित लोगों को जितनी जल्दी हो सके एंटीरेट्रोवायरल उपचार मिलना चाहिए।

# मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना से जरूरतमंद परिवारों को मिलेगा सीधा लाभ : प्रधान सचिव

### अशोक खेमका ने किया मेले का अवलोकन, पात्र परिवारों से की मेले का लाभ उठाने की अपील

पायनियर समाचार सेवा। नूंह


मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेला का अवलोकन करते विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रधान सचिव अशोक खेमका साथ में अन्य।

**विज्ञान** एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रधान सचिव अशोक खेमकाने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बढ़ते कदम बढ़ाते हुए सरकार द्वारा मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना की शुरुआत की गई है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक इस योजना का लाभ पहुंचाते हुए उसकी आजीविका के साधन जुटाए जाएं। खेमका बुधवार को डीआरडीए हॉल नूंह में अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत आयोजित मेले का अवलोकन कर रहे थे। मेलों में पात्र व्यक्ति को दी जाने वाली सुविधाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत चंडीगढ़ मुख्यालय से सूची प्राप्त हुई है जिनसे जिला प्रशासन की टीम द्वारा निरंतर संपर्क किया जा रहा है। इसके बाद व्यक्ति को कैंप में बुलाया जाता है और उसकी काउंसलिंग कर उसकी आर्थिक स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की जाती है। इस दौरान व्यक्ति को बताया जाता है कि उसे सरकार की किस योजना का लाभ दिया जा सकता है, तथा उसके बारे में जानकारी दी जाती है। प्रधान सचिव ने मेले में बैंक के पदाधिकारियों से योजना के लिए ऋण आदि उपलब्ध करवाने के बारे में जानकारी ली। प्रधान सचिव अशोक खेमका ने मेले में लगी विभिन्न विभागों की योजनाओं को दर्शाती स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से रूबरू होते हुए विभागीय स्तर पर प्रदत्त सेवाओं को तत्परता से सरल तरीके से योजना का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अंत्योदय की भावना से सरकार उल्लेखनीय कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना लागू की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य अंत्योदय है।

डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि अंत्योदय की भावना से सरकार उल्लेखनीय कदम उठा रही है। इस मेले में 17 विभाग व 12 बैंक भाग ले रहें है। इस अवसर पर एडीसी डा. सुभिता ढाका, एसडीएम नूंह सलोनी शर्मा, एसडीएम पुन्हाना मनीषा शर्मा, एसडीएम फिरोजपुर-झिरका रणवीर सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सरफराज खान सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहें।

# सीटीएम ने किया कार्यालयों का औचक निरीक्षण


नगराधीश जयप्रकाश जिला सचिवालय में कार्यालय का औचक निरीक्षण करते हुए।

**नूंह।** कार्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थित सुनिश्चत करने के लिए नगराधीश जयप्रकाश ने बुधवार को सायं 4 बजकर 50 मिनट पर जिला सचिवालय के कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिन कार्यालयों में कर्मचारी कार्यालय समय से पहले चले गए उनका विवरण नोट किया। नगराधीश ने कहा कि ऐसे कर्मचारियों का स्पष्टीकरण मांगा जाएगा, अगर जवाब संतोष जनक नहीं मिला तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी कर्मचारी व अधिकारी कार्यालय से बाहर जाता है

### समय से पहले कार्यालय छोड़ने वालों की खैर नहीं

तो वह भ्रमण रजिस्टर में इंट्री दर्ज करें। नगराधीश ने कहा कि कोई भी कर्मचारी बिना किसी कारण के कार्यालय समझ से गैर हाजिर न मिले, इसके लिए निरंतर कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। नगराधीश ने निरीक्षण डीआईटीएस व डीआईटीएस लैब का कार्यालय समय से पहले बंद मिला जिस पर कार्रवाई अमल में लाने के निर्देश दिए।


## पायनियर क्लासीफाइड

• नाम परिवर्तन •

I, Poonam Rani W/O Sh. Gulshan Kakkar R/O House no -2K-68, First Floor, NIT-2, Faridabad, Haryana Declered that Poonam Rani and Pushpa Rani Both are the Name of One and Same Person.

• बेदखली सूचना •

मैं, नरेन्द्र सिंह पुत्र श्री दीपचन्द निवासी गांव झिंझौली, जिला सोनीपत हरियाणा, बयान करता हूं कि राकेश कुमार मेरा सगा पुत्र है व हेमलता देवी मेरी पुत्रवधू है, यह दोनों मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और गलत संगति का शिकार हो गये है व मेरे आज्ञा में नहीं है। जिसके चलते मैं इन सब को अपनी सभी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनके द्वारा किए गये किसी कार्य, झगड़ा, मार-पीट, कोर्ट केस, पुलिस केस आदि से हमारा कोई सम्बन्ध नहीं होगा। भविष्य में जो कोई इनसे किसी प्रकार का कोई लेनदेन करता है तो उसका जिम्मेवार वह स्वयं होंगे।

मैं, सुनील कुमार शर्मा पुत्र श्री प्यारे लाल शर्मा, निवासी मकान नं० डीए-1884, डबुआ कलोनी, बयान करता हूं कि मनोज शर्मा, मेरा पुत्र है व सुमन देवी मेरी पुत्रवधू है व पोता व पोती एक लड़का कुंज शर्मा व एक लड़की खुशी है, इनका रहना खाना अलग है व मेरे आज्ञा में नहीं है। जिसके चलते मैं इन सब को अपनी सभी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में इनके द्वारा किए गये किसी कार्य, झगड़ा, मार-पीट, कोर्ट केस, पुलिस केस आदि से हमारा कोई सम्बन्ध नहीं होगा। भविष्य में जो कोई इनसे किसी प्रकार का कोई लेनदेन करता है तो उसका जिम्मेवार वह स्वयं होगा।

मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

कासिम खान
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# परिवार नियोजन

## पुरुषों की भूमिका

**भारत** में दस पुरुषों में से एक भी कंडोम का प्रयोग नहीं करता है। मुश्किल से ही कोई पुरुष वंध्याकरण के लिए तैयार होता है। इसके उलट महिलाओं में वंध्याकरण गर्भनिरोध का वरीयता प्राप्त साधन है। 10 में से लगभग चार महिलायें वंध्याकरण कराती हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 से ऐसे कुछ नतीजे सामने आए हैं जिनसे भारत में सुरक्षित सेक्स तथा गर्भनिरोध के बारे में पुरुषों व महिलाओं का दृष्टिकोण स्पष्ट होता है। महिलायें गर्भनिरोध के अन्य साधनों, जैसे गर्भनिरोधक गोलियों, इंजेक्शनों व इंटरायूटरीन उपकरणों के बजाय वंध्याकरण को पसंद करती हैं। देश के 23 राज्यों व संघशासित क्षेत्रों में कंडोम प्रयोग 10 प्रतिशत से भी कम है। उत्तराखंड में कंडोम का सर्वाधिक प्रयोग 25.6 प्रतिशत है। कंडोम प्रयोग के बारे में एकमात्र सुखद समाचार यह है कि पिछले स्वास्थ्य सर्वेक्षण की तुलना में इसमें 4 प्रतिशत वृद्धि हुई है। इस प्रकार भारत में गर्भनिरोध की जिम्मेदारी अब भी महिलाओं पर है। वे गर्भधारण व प्रसव की जैविक प्रक्रिया से गुजरती हैं और इसी कारण उनकी 'परिवार नियोजन' के प्रति ज्यादा जिम्मेदारी दिखती है। परिवार नियोजन में पुरुषों की सहभागिता अत्यधिक सीमित और निराशाजनक है। कंडोम के कम प्रयोग तथा नसबंदी की नगण्य संख्या से परिवार नियोजन के प्रति परिवार नियोजन में पुरुषों की जिम्मेदारी से अनिच्छा प्रगट होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां शिक्षा की कमी अब भी बहुत अधिक है तथा महिलायें बेरोजगार हैं, वे अक्सर यह तर्क देकर



वंध्याकरण के लिए मजबूर की जाती हैं कि नसबंदी से पुरुष कमजोर हो सकते हैं जो परिवार में एकमात्र कमाने वाले होते हैं। दुर्भाग्य से परिवार नियोजन पर सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियानों में पुरुषों की तुलना में ज्यादा से ज्यादा महिलायें भागीदारी करती हैं। ग्रामीण तथा शहरी भारत में पुरुष नसबंदी से इनकार कर देते हैं, जबकि यह तुलनात्मक रूप से सुरक्षित और सरल है। इसके पीछे पौरुष प्रभावित होने की गलत धारणा है। इसी प्रकार पितृसत्ता तथा आनन्द की भावना से पुरुष कंडोम का प्रयोग नहीं करते हैं। आज भी पुरुष व महिलायें, दोनों गर्भनिरोधकों के प्रयोग की आवश्यकता के प्रति अनजान हैं। वे इसे शिशु जन्म में विलम्ब तथा बच्चों के बीच अंतर रखने के बजाय केवल गर्भावस्था से बचने का साधन मानते हैं। इन दृष्टिकोणों में परिवर्तन का एकमात्र तरीका संवाद के राष्ट्रीय अभियान हैं जिनसे वे अपने दृष्टिकोणों का पुनः आंकलन कर सकते हैं। सरकार को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए ताकि पुरुष गर्भनिरोध संवाद में शामिल हों। स्मृतियां आसानी से पीछा नहीं छोड़ती हैं और लोग आज भ्ज्ञी 1976 में आपातकाल के अंधकारमय दिनों को याद करते हैं, जब लगभग 6.2 मिलियन लोगों की जबरन नसबंदी की गई थी, लगभग 2,000 आपरेशनों के कारण मर गए थे तथा विरोध करने वालों के खिलाफ पुलिसिया कार्रवाई में भी बहुत से लोग मारे गए थे। परिवार नियोजन कार्यक्रम कभी समावेशी नहीं रहा, बल्कि यह वंध्याकरण और गर्भनिरोध, जन्म नियंत्रण व जनसंख्या नियंत्रण, पुरुष वंध्याकरण या महिला वंध्याकरण या बड़े परिवारों को राष्ट्रीय अस्थिरता से जोड़ने के बीच चरणों में झूलता रहा। इक्कसीवीं शताब्दी के भारत में स्थाई वंध्याकरण परिवार नियोजन कार्यक्रम को स्वरूप नहीं दे सकता है। इसका संबंध जनसंख्या विस्फोट से नहीं है क्योंकि 2019-2021 में कुल प्रजनन दर गिर कर 2.0 रह गई, जबकि यह 2015-16 में 2.2 थी। इसका संबंध जनसंख्या नियंत्रण के नौकरशाही एजेंडे को लागू करने के बजाय पुरुषों व महिलाओं को राष्ट्रीय संवाद में शामिल करना है ताकि वे अपने परिवारों के

# पंजाब में 'आम आदमी' हेतु संघर्ष

तथाकथित 'दिल्ली माडल' को अस्वीकार कर पंजाब के मुख्यमंत्री कहते हैं कि राज्य में सबको समान अवसर देने वाला 'चन्नी माडल' लागू हो रहा है।



**अमिताभ शुक्ला**
(लेखक दि पायनियर चंडीगढ़ के स्थानीय संपादक हैं)





पंजाब में कौन सी पार्टी 'आम आदमी' की सच्ची हितैषी है? लाख रुपये का यह सवाल चुनाव अभियान में सत्तारूढ़ कांग्रेस तथा उसे चुनौती देने वाली आम आदमी पार्टी-आप के बीच महत्वपूर्ण हो गया है। ये दोनों स्वयं को आम आदमी के सच्चे प्रतिनिधि की तरह पेश कर रही हैं। वे जन-कल्याणकारी उपायों पर जोर देते हुए इनको योजनाओं में सर्वाधिक महत्व दे रही हैं। स्वयं को आम आदमी घोषित करने वाले चरणजीत सिंह चन्नी निम्न मध्यवर्गीय परिवार से आते हैं जिन्होंने एक समय अपने टेंट हाउस के सामने चारपाई पर रख कर दीपावली में पटाखे बेचे थे और पूरे समय अपने पिता के टेंट बिजनेस में काम करते थे। राजनीतिक क्षेत्रों में महाराजा के नाम से विख्यात पटियाला शाही परिवार के अमरिंदर सिंह से सत्ता छीन कर वे मुख्यमंत्री बने हैं। इस प्रकार राजनीति ने राज्य में 360 डिग्री मुड़ी है और वह मूल रूप से आम आदमी की घोषित पार्टी-आम आदमी पार्टी-आप से मुकाबला कर रही है। आश्चर्य नहीं कि राज्य में अपने चुनाव अभियान के दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उनका विश्वास है कि पंजाब में उनकी नकल हो रही है तथा एक 'फर्जी केजरीवाल' चारों ओर घूम रहा है और वह उनके जैसे ही वादे कर रहा है। उन्होंने जनता से फर्जी के बजाय असली के पहचानने का अनुरोध किया है। केजरीवाल का इशारा चन्नी की ओर है जो उनकी नकल करते हैं, हालांकि केजरीवाल अपने भाषण में किसी का नाम नहीं लेते हैं।

मुख्यमंत्री बनने के बाद से ही चन्नी पूरे जोश के साथ अपनी आम आदमी वाली छवि बना रहे हैं। वे नियमित रूप से सड़क के किनारे 'ढाबों' पर आम लोगों के साथ चाय पीने पहुंच जाते हैं, आयोजनों में मंच पर भांगड़ा नृत्य में हिस्सा लेते हैं, शादी समारोहों में शामिल होते हैं और युगलों को 'शगुन' देते हैं, आटोरिक्शा ड्राइवरों के साथ फोटो खिंचवाते हैं तथा मजदूरों व किसानों आदि से मिलते हैं। इस कारण आप वास्तव में इस सीमा तक परेशान हो गई है कि चन्नी की छवि को राज्य में अपनी चुनावी संभावनाओं के लिए खतरनाक मानने लगी है। इससे उसका सत्ता में आने का सपना टूट सकता है। केजरीवाल के इन शब्दों पर गौर करें, 'इन दिनों पंजाब में एक नकली केजरीवाल घूम रहा है। मैं जो वादे करता हूं उनको वह अगले दिन दुहराता है, पर लागू नहीं करता है। उससे सावधान रहें। केवल असली केजरीवाल ही अपने वादे पूरे कर सकता है।' आप के राष्ट्रीय संयोजक चन्नी की ओर इशारा करते हुए कहते हैं, 'पूरे देश में केवल एक आदमी, केजरीवाल बिजली बिलों को जीरो पर ला सकता है।

इसलिए फर्जी केजरीवाल से सतर्क रहें।' चन्नी ने सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरें 3 रुपये करने का वादा किया है। मजेदार बात है कि केजरीवाल और चन्नी एक ही दिन लुधियाना के औद्योगिक शहर में आम आदमी की अपनी यूएसपी प्रचारित करने के लिए पहुंच गए। आटो व टैक्सी ड्राइवरों से केजरीवाल की निर्धारित बैठक के कुछ ही घंटे पहले चन्नी अचानक एक आटोरिक्शा स्टैंड पर रुके और उन्होंने ड्राइवरों की समस्यायें सुनने के साथ ही उनके साथ चाय पीते हुए अपनी फोटो खिंचवाई। यह केजरीवाल के लिए अत्यधिक परेशानी वाली बात थी। उन्होंने फौरन जवाब देते हुए कहा कि उनकी मुलाकात पहले से निर्धारित थी, लेकिन जब 'नकली केजरीवाल' को इसका पता चला तो वे फौरन आटोरिक्शा मालिकों के कार्यालय पहुंच गए। केजरीवाल ने कहा, 'लेकिन मैं सोचता हूं कि डरना अच्छी बात है। वे असली केजरीवाल के भय से भले ही कुछ कर सकते हों, पर वे ऐसा नहीं करेंगे क्योंकि वे नकली हैं।' असली-नकली की यह बयानबाजी जारी है और केजरीवाल पंजाब के मुख्यमंत्री पर अपनी नकल करने का आरोप लगाते हैं जो बिजली दरों पर वादे कर रहे हैं। केजरीवाल यह भी याद दिलाते हैं कि पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने भी दिल्ली सरकार की नकल करते हुए महिलाओं के लिए बस सर्विस की घोषणा की थी। लेकिन यह अधूरी रही क्योंकि कैप्टेन अमरिंदर ने केवल सरकारी बसों में ही महिलाओं को मुफ्त यात्रा की अनुमति दी। चन्नी ने फौरन इसका जवाब देते हुए आप सुप्रीमो पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल का दिल्ली माडल 'झूठों के पुलंदे' के सिवा और कुछ नहीं है। पंजाब के मुख्यमंत्री ने कहा, 'पंजाब सरकार ने आम जनता को लाभ पहुंचाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं, जबकि केजरीवाल और उनके साथी अभी केवल जनता से वादे कर रहे हैं। में कभी दूसरा केजरीवाल नहीं बन सकता क्योंकि मैं उनकी तरह धोखेबाज और चालाक नहीं हूं।' इससे आप नेता काफी नाराज हुए और अगले दिन बयानों में उन्होंने इसी भाषा में चन्नी को जवाब दिया। तथाकथित 'दिल्ली माडल' या केजरीवाल माडल को अस्वीकार कर पंजाब के मुख्यमंत्री कहते हैं कि राज्य में सबको समान अवसर देने वाला 'चन्नी माडल' लागू हो रहा है। उन्होंने कहा, 'चन्नी माडल महान सिख गुरुओं की शिक्षाओं के अनुरूप है जिन्होंने समानता और भाईचारे का रास्ता दिखाया था। यह माडल राज्य में यहां की प्रगति तथा राज्य की जनता की समृद्धि के लिए लागू किया जा रहा है। यह माडल उस समय तक लागू रहेगा, जब तक मैं इस पद पर हूं।' राज्य के पहले दलित मुख्यमंत्री अपनी चुनाव सभाओं में इस पर जोर देते हैं।

आम आदमी की अपनी छवि और मजबूत करने के लिए चन्नी ने चांदपुरा मोगा गांव के उसी गुरुद्वारे शहीद बाबा तेगा सिंह में रात गुजारी जहां वे 2016 में अपनी साइकिल यात्रा के दौरान ठहरे थे। उनके प्रचारकों ने फौरन इसे मुद्दा बना लिया। उन्होंने बताया, 'परंपराओं से अलग हट कर मुख्यमंत्री ने किसी होटल, रेस्ट हाउस या पार्टी के नेता के बहुमंजिले बंगले के बजाय गुरुद्वारा साहेब में रात में ठहरने का फैसला किया।' आम आदमी के तौर पर छवि बनाने की इस दौड़ में पीछे रहे शिअद अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने भी 'आम आदमी' प्रतिद्वंद्वियों केजरीवाल और चन्नी से मुकाबले का फैसला किया। वे सेल्फी लेने वाले नौजवानों को आकर्षित कर उनके साथ फोटो खिंचवाते हैं तथा सोशल मीडिया से अपनी छवि बनाने का प्रयास करते हैं। बादल परिवार के लिए आम आदमी की छवि बनाना आसान नहीं है क्योंकि उनको बहुत अमीर माना जाता है। उनका बिजनेस कई क्षेत्रों में फैला है जिसमें अतिथि सत्कार, परिवहन, केबल व मनोरंजन, आदि शामिल हैं। लेकिन राजनीतिक हवा के साथ उड़ने में कोई नुकसान नहीं है। शिअद के एक समर्थक ने बताया कि इसी कारण पार्टी प्रमुख भी आम आदमी की छवि बना रहे हैं।

जहां अमरिंदर सिंह अपने दूसरे कार्यकाल में अधिकांशतः अपने आवास और फार्म हाउस तक केन्द्रित तथा आम लोगों से कटे रहे, वहीं चन्नी इसका ठीक उल्टा कर रहे हैं। वे मेहनत से बनाई अपनी आम आदमी की छवि मजबूत करने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। उनके राजनीतिक सलाहकारों का मानना है कि मतदाताओं में उनकी पसंद बढ़ रही है क्योंकि उनको पिछले दो दशकों से अधिक समय में राज्य के प्रमुख का एकदम अलग राजनीतिक व्यक्तित्व देखने को मिल रहा है। प्रकाश सिंह बादल पांच कार्यकाल मुख्यमंत्री रहे, जबकि अमरिंदर सिंह इस पद पर साढ़े नौ साल रहे। इस प्रकार लगभग 25 साल तक वे शिखर पर रहे। जहां बादल का विश्वास अपनी संगत दर्शन योजना से खैरात बांटना था, वहीं अमरिंदर सिंह अधिकांशतः जमीन से कटे रहे तथा जनता के बजाय अपने सलाहकारों के समर्थन पर निर्भर रहे। इस प्रकार चन्नी और केजरीवाल की छवि इस चुनावी राज्य में बहुत से लोगों के लिए ताजा हवा की तरह है।

आश्चर्य नहीं कि आम आदमी का असली चैम्पियन बनने के लिए कठिन प्रतियोगिता हो रही है और यह अब तक चुनाव अभियान का यूएसपी बन गया है।

# सदैव फलता-फूलता रहेगा लोकतंत्र

**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



मीडिया में यह आरोप लगाया जा रहा है कि लोकतंत्र का पतन हो रहा है। ऐसा इतिहास से अनजान लोग ही कह सकते हैं। आज, यूरोप प्रथम दृष्टया लोकतांत्रिक है, कम से कम चुनाव कराने की हद तक। द्वितीय विश्व युद्ध से पहले, ज्यादातर निरंकुशताएं थीं, उदाहरण के लिए, जर्मनी, इटली और स्पेन। उन्नीसवीं शताब्दी और उससे पहले के अधिकांश समय के लिए, लोकतंत्र एक एंग्लो-सैक्सन एकाधिकार था। इसका उद्घाटन इंग्लैंड द्वारा 1215 में सरे के रननीमेड में किंग जॉन द्वारा मैग्ना कार्टा या ग्रेट चार्टर पर हस्ताक्षर के साथ किया गया था। सभी नागरिकों को रियायतें मिलीं और यह कानून के शासन की शुरुआत थी। सरे काउंटी में रननीमेड में हस्ताक्षर करने के दौरान अधिकांश रईस मौजूद थे। इसने कानून के शासन को लागू करने की परंपरा शुरू की, जो लोकतंत्र का एक बड़ा स्तंभ बन गया। कानून के समक्ष सभी समान हैं और सभी के साथ न्यायपूर्ण व्यवहार किया जाना चाहिए।

अंग्रेज रईसों ने किंग जॉन के हस्ताक्षर के लिए मैग्ना कार्टा को वस्तुतः मजबूर कर दिया था अन्यथा उनके प्रयास को उनके हस्ताक्षर से बचना होगा। आम तौर पर कौन सत्ता छोड़ने को तैयार है? यदि रईस धीरे-धीरे और चतुर नहीं होते, तो राजा शायद कार्टे पर हस्ताक्षर नहीं करते और गृहयुद्ध हो सकता था। चर्च जैसे सरल उपायों को पूर्ण स्वतंत्रता होगी, लंदन शहर उन करों को लगाने के लिए स्वतंत्र होगा जो पहले हुआ करता था। सभी व्यापारी बिना किसी उत्पीड़न या कराधान के इंग्लैंड छोड़ सकते थे और लौट सकते थे। हल्के और स्वीकार्य उपाय आधुनिक लोकतंत्र की शुरुआत थे।

प्रारंभिक शताब्दियों से द्वितीय विश्व युद्ध के अंत तक ब्रह्मांड के अधिकांश हिस्सों में निरंकुशता का एक लंबा युग था। यूरोप में, धर्म ने आमतौर पर विचारधारा प्रदान की और सम्राट आए और गए। चीन 22 शताब्दियों तक निर्बाध रूप से एक केंद्रीकृत साम्राज्य था। भारत में मुस्लिम सम्राट, सम्राट थे या अन्यथा, वेटिकन में स्थित रोमन कैथोलिक चर्च द्वारा समर्थित पवित्र रोमन सम्राट का यूरोप पर प्रभुत्व था; पूर्वी चर्च रूसी जार के पीछे था। अफ्रीका जाग रहा था जबकि दक्षिण अमेरिका एक स्थानीय राजा के साथ एक द्वीप था जब तक कि स्पेन और पुर्तगाल ने उन्हें जीत नहीं लिया। लोकतंत्र कहाँ था? इंग्लैंड और बाद में ग्रेट ब्रिटेन में कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और अन्य उपनिवेशों के साथ जब वे स्वतंत्र हुए तो उनका अनुसरण



किया। 1776 के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका ने भी ऐसा ही किया।

इंग्लैंड, इसकी संस्कृति और नेताओं ने आमतौर पर सोचा कि क्या उचित है। जबकि अन्य अच्छी संस्कृतियों को उनके धर्म द्वारा निर्धारित सही के द्वारा निर्देशित किया गया था। फिर भी दूसरों को आसानी से निर्देशित किया गया कि क्या संभव है, शक्ति या अधिकार से। अगर यह अन्यथा होता, तो किंग हेनरी अष्टम वेटिकन चर्च छोड़ने के बाद केवल एरागॉन के कैथरीन से अपनी शादी को रद्द करने और ऐनी बोलिन से शादी करने के लिए सिंहासन पर नहीं टिकते। इसके बाद इंग्लैंड के स्वतंत्र चर्च ने वही किया जो इंग्लैंड के हितों के अनुकूल था न कि ईश्वर की कल्पित इच्छा के अनुसार।

जर्मनी ने 1920 और 1931 के बीच वीमर गणराज्य नामक लोकतंत्र की कोशिश की लेकिन असफल रहा। मई 1945 तक, एडॉल्फ हिटलर का शासन पूरी तरह से हार गया था। इसके बाद, कोनराड एडेनॉयर अपनी क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक पार्टी के साथ सत्ता में आए; उसके बाद एक लोकतांत्रिक सरकार ने शासन किया है। 1870 तक फ्रांस पर नेपोलियन द्धद्धद्ध का शासन था, जब वह चांसलर ओटो वॉन बिस्मार्क के नेतृत्व में जर्मनी से हार गया था। 1945 के बाद तक इटली एक लोकतांत्रिक देश नहीं था। पूर्व की ओर से, निरंकुशता की एक किस्म थी।

भारत ने सराहनीय प्रदर्शन किया है, खासकर इसलिए कि हमने 1947 में साक्षरता की कम दर के साथ शुरुआत की थी। संयोग से, नेहरू एक लोकतांत्रिक थे, इसके अलावा, वे जीवित रहने तक सभी चुनाव जीतते रहे। 1972 और 1980 में इंदिरा गांधी और 1985 में राजीव गांधी ने भी ऐसा ही किया। 1977 और 1979 के बीच दो वर्षों को छोड़कर, राजवंश ने भारत पर शासन किया। लोकतंत्र का सबसे बड़ा फायदा वह तालमेल है जो वह पैदा करता है। स्वतंत्रता भूमि लोगों में उत्साह और काम के इच्छुक हैं। मजबूरी, जो अक्सर निरंकुशता, अर्ध-पक्षाघात से उत्पन्न होती है। जैसा कि प्रधान मंत्री मोदी ने कहा कि भारत कुछ महीनों के भीतर 100 करोड़ टीकाकरण हासिल करने में सक्षम था क्योंकि यह सबका प्रयास था, तालमेल के परिणाम आश्चर्यजनक हैं।

लोकतंत्र की सफलता का एक अन्य कारण देश का बहुत बड़ा आकार है जहां नागरिकों या सैनिकों द्वारा कब्जा करने के लिए सत्ता पर कब्जा करना और उसे पकड़ना बेहद मुश्किल होगा। इसके अतिरिक्त, देश लोगों की भाषा और संस्कृति में इतना विविध है कि सत्ता पर कब्जा करने और बनाए रखने के लिए लोगों के बीच एकता मुश्किल है। कोई विकल्प नहीं होने पर एक निरंकुशता आमतौर पर जीवित रहती है। एक उचित रूप से अच्छी तरह से काम कर रहे लोकतंत्र में, यह आमतौर पर कोई समस्या नहीं होती है क्योंकि एक वैक्यूम शायद ही कभी होता है। लोगों का स्वभाव और स्वभाव महत्वपूर्ण है। यहां, श्रेय हिंदू धर्म को जाना चाहिए जो लोगों को उनके कर्म में विश्वास दिलाता है। एक हद तक, यह लोगों को व्यक्तिवादी बनाता है जो शायद ही कभी किसी अन्य समूह को खदेड़ने के लिए एकजुट होना चाहते हैं। यह इस्लाम के विपरीत है जो जम्हूरियत या एक सम्राट के अधीन सर्वसम्मति से शासन करना पसंद करता है। भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच का अंतर अलग-अलग मिजाज की कहानी बयां करता है। इस्लामी देशों और बाकी दुनिया के बीच का अंतर दिलचस्प है।

जहां भी राजशाही होती है, लोग मुसलमान होने पर खुश होते हैं। अवधारणा खलीफा से शुरू होती है जिसे सुन्नी इस्लाम का आध्यात्मिक और अस्थायी प्रमुख माना जाता है। मुसलमानों की दुनिया एक या अखिल इस्लामी होने के लिए है।

## आप की बात

### देश-दुनिया के लिए नया खतरा

**कोरोना** महामारी पिछले 2 साल से देश और दुनिया के लिए चिंता का विषय बन चुकी है। कोरोना की दूसरी लहर ने जिस तरह से देश और दुनिया में अपना भयावह रुप दिखाया था, वह आज भी कई लोगों के जहन में शामिल है और कई लोग आज तक उस सदमे से नहीं उभरे है। ऐसे में कोरोना का नया वैरिएंट 'ओमिक्रॉन' देश और दुनिया के लिए फिर से खतरे का सबब बन गया है। विश्व स्वास्थ्य संघठन पहले ही इस वैरिएंट को वैरिएंट ऑफ़ कंसर्न घोषित कर चुका है, यानी कि ज़्यादा जोखिम वाला,देश और दुनिया में भले ही टीकाकरण की दर तेजी से बढ़ी हो और ज़्यादातर लोगों को उनकी पहली और दूसरी डोज भी लग चुकी है मगर ऐसे में कई ग़रीब देश है जहां पर टीकाकरण की रफ़्तार अभी केवल उनकी आबादी का आधा भी पूरा नहीं हुआ है। दक्षिण अफ्रीका से निकला कोरोना का यह नया 'ओमिक्रॉन' वेरिएंट इसी बात का प्रमाण है,कि कोविड महामारी अभी पूर्णतः समाप्त नहीं हुई है। चूंकि, दक्षिण अफ्रीका जैसे देश में अभी भी आधे से ज्यादा जनसंख्या का टीकाकरण नहीं हुआ है,जो कि अब धीरे -धीरे बाकी देशों में भी पहुंच रहा है। भारत को इस वैरिएंट से बचाव के कड़े कदम उठाने होंगे।

– **संदीप रावत**, चंडीगढ़

### मोदी सरकार की दूसरी पारी

**मोदी जी** के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने जब अपनी दूसरी पारी का आधा सफर पूरा कर लिया है, तब इस पड़ताल का यह बिल्कुल मुफीद वक्त है कि देश की उम्मीदों पर यह सरकार कितनी खरी उतरी और शेष बचे समय में इससे क्या अपेक्षाएं रहेंगी! इसमें कोई दोराय नहीं कि प्रचंड बहुमत के साथ मई 2019 में सत्ता में वापसी करने वाली मोदी सरकार का आत्मविश्वास शुरुआती महीनों में चरम पर था और उसने कई ऐसे काम किए, जो इतिहास में दर्ज किए जाएंगे। खासकर, जम्मू कश्मीर के सांविधानिक दर्जे में तब्दीली और अनुच्छेद-370 की समाप्ति का साहसिक फैसला! इसी तरह, दशकों से लटके राम जन्मभूमि विवाद में भी नई सरकार ने अतिरिक्त सक्रियता दिखाई और अंततः इसका न्यायिक निपटारा संभव हुआ। सांप्रदायिक सौहार्द के माहौल में भव्य राममंदिर का शिलान्यास भी इस सरकार की उपलब्धियों में दर्ज हुआ। एक सर्वे 'व्हाट वरीज द वर्ल्ड' ने इस वक्त देश की सबसे बड़ी चिंता बेरोजगारी बताई है। लगभग 44 प्रतिशत भारतीयों ने इसे सबसे बड़ी समस्या के रूप में दर्ज किया है। इसलिए सरकार को इस मोर्चे पर गंभीर प्रयास करने पड़ेंगे, क्योंकि उसके पास अब कम वक्त है।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### प्यार की दौड़ में

**अमरीकी** शोधकर्ताओं कि टीम 'साइंस ऑफ़ लव ' ने अध्ययन के दौरान यह पाया कि जिन लोगों पर वे अध्ययन कर रहे थे ,उनके दिमाग का एक विशेष क्षेत्र अचानक सक्रिय हो गया। यह क्षेत्र किसी विशेष इच्छा या चाहत से जुड़ा हुआ है। वेंट्रल तेंगमेंटल नामक इस भाग से न्यूरोट्रांसमीटर डोपोमाइन निकलता है ,जो आनंद और उत्साह को नियंत्रित करता है। जब किसी को प्यार होता है तो दिमाग मे डोपोमाइन नामक पदार्थ की मांग उठने लगती है। विज्ञान कहता है कि प्यार दिमाग की बायोकेमिकल गतिविधियों का ही परिणाम है । देखा जाए तो शरीर मे दिल ही तो प्रेम कि अभिव्यक्ति का आधार व संकेत होता है। प्यार होता है तो दिल जोरों से धड़कता है न कि दिमाग। विज्ञान अपने स्तर से भले ही खरा उतरता हो पर लोगों कि आस्था दिल से बनी हुई है। कई बार दिल जीत जाता है दिमाग से। कृत्रिम श्वास के जरिए दिल कि धड़कन जीवित की जाती है ,उसी के आधार पर दिमाग सक्रिय हो जाता है। वर्तमान दिल और दिमाग की बहस प्यार के दौड़ में लोगों की जारी है।

– **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**नरेंद्र** मोदी जी, आप किसानों से सहानुभूति नहीं रखते। आपकी दिलचस्पी मात्र वोटो में है।

– **प्रियंका गांधी**
कांग्रेस नेता

**यदि** कोई सोशल मीडिया कम्पनी आपको मास्क के साथ कुछ कहने देती है तो हम उसे सार्वजनिक रूप से सफाई देने को कहेंगे।

– **स्कॉट मॉरीसन**
आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री





**गोरखपुर** में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान का उद्घाटन अगले महीने होगा।

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश

# मिशन मोड में सफल बनाएं रोजगार मेले : मुख्यमंत्री मनोहर लाल

## मुख्यमंत्री ने की अंत्योदय ग्राम उत्थान मेलों की प्रगति की समीक्षा

### प्रशासनिक सचिवों और उपायुक्तों के साथ मुख्यमंत्री ने की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़।



महत्वाकांक्षी अंत्योदय ग्राम उत्थान योजना को लेकर प्रदेशभर में आयोजित किए जा रहे मेलों की समीक्षा को लेकर बुधवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंस से बैठक आयोजित की।

बैठक में सीएम ने प्रशासनिक सचिवों और जिला उपायुक्तों से फीडबैक हासिल किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन मेलों को सफल बनाने के लिए मिशन मोड पर काम करें। युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित और सशक्त बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए हुई बैठक में सीएम ने अधिकारियों से आवश्यक सुझाव भी लिए। फीडबैक हासिल करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा राज्य भर में 24 अलग-अलग स्थानों पर इन मेलों का आयोजन किया गया है। इन मेलों के सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं। मेलों को और अधिक सफल बनाने तथा प्रत्येक पात्र परिवार की वार्षिक आय 1.80 लाख तक बढ़ाने के लिए मिशन मोड पर काम करना होगा।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इन मेलों में लाभार्थियों की अधिक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए काम करना होगा। उपायुक्त अपने जिलों में प्रतिनिधि अधिकारियों को मेलों से एक दिन पहले व्यक्तिगत परामर्श के लिए प्रत्येक पात्र परिवार के घर-घर भेजें। इन मेलों में आने के लिए संदेश सबसे पहले परिवार के युवा सदस्यों को भेजा जाए, उसके बाद 60 वर्ष से कम आयु के सदस्यों को भेजा जाए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर परिवार के युवा सदस्य इन मेलों में भाग लें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों को ही प्राप्त हो और रोजगार के अवसर मिलें, इसके लिए हर परिवार का आय सत्यापन बड़ी बारीकी से किया जाए। उन्होंने एकल परिवार आइडी और विभाजित हुए परिवारों की आइडी के डाटा को रिकार्ड करने के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे परिवारों का आय सत्यापन एक माना जाए और इस डाटा का कार्य उचित तरीके से किया जाए। उन्होंने कहा कि मैनुअल और आनलाइन प्रोफार्मा के डाटा का ठीक से मिलान किया जाना सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ जिलों में जहां निजी संस्थाओं में वर्कफोर्स की आवश्यकता है, ऐसे मामलों में उपायुक्तों को अपने-अपने जिलों में निजी संस्थाओं में वर्कफोर्स की आवश्यकताओं को भेजने की संभावनाएं तलाशनी चाहिए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना (एमएमएपीयूवाइ) के मिशन निदेशक मनदीप बराड़ ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि मेलों में आय सत्यापन के आधार पर चिह्नित लाभार्थियों को बुलाया गया।

मनदीप बराड़ ने बताया कि एमएमएपीयूवाइ के तहत परिवार पहचान पत्र से सत्यापित डाटा के अनुसार अंत्योदय ग्राम उत्थान मेलों में पात्र परिवारों को आमंत्रित किया जा रहा है। मुख्य सचिव संजीव कौशल, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव डीएस ढेसी, प्रधान सचिव वी उमाशंकर, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव तथा सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक डा. अमित अग्रवाल मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री वीसी के माध्यम से जिला प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

## मेलों में नजर आई खामियों को तुरंत दुरुस्त करें : मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गरीब व्यक्तियों की आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य से खंड स्तर पर मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत आयोजित किए गए मेलों की चंडीगढ़ से वीसी के माध्यम से फीडबैक ली और सुधार के लिए सुझाव मांगे। उन्होंने जिलों से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन मेलों में जो खामिया नजर आई, उन्हें दुरुस्त करें और 18 से 60 वर्ष तक की आयु के हर गरीब आदमी को किसी न किसी विभाग की स्कीम से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अंत्योदय मेलों से एक दिन पहले हर जिला में काउंसलर की टीम घर-घर जाकर पात्र व्यक्तियों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि वे सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर न केवल स्वयं आत्मनिर्भर बनें बल्कि दूसरे लोगों को भी रोजगार दिलाने में सहायक सिद्ध हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि वार्षिक एक लाख रुपये से कम आय वाले गरीब लोगों की सूची में शामिल अंतिम व्यक्ति की आमदनी बढ़ाना है। जिला में हर परिवार की आमदनी एक लाख रुपये वार्षिक से उपर करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी को लेकर सरकार द्वारा मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत खंड स्तर पर मेलों का आयोजित करवाए जा रहे है। सभी विभागों के अधिकारी इन मेलों के सफल आयोजन को लेकर मिलजुल कर कार्य करें और इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाए। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत तीन चरणों में खंड स्तर पर अंत्योदय मेलों का आयोजन किया जाना है।

जिसके प्रथम चरण में वार्षिक एक लाख रुपए से कम आय वाले परिवार, दूसरे चरण में एक लाख 80 हजार रुपये से कम तथा तीसरे चरण में 3 लाख रुपये से कम आय वाले लोगों को स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। वीसी में उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने मुख्यमंत्री को खंड स्तर पर आयोजित कुंजपुरा मेले का अनुभव साझा करते हुए सुझाव दिया कि मेले में आए सक्षम युवाओं को रोजगार विभाग की वरिष्ठता सूची में न रखकर प्राथमिकता के आधार पर रोजगार दिया जाए, कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए फीस माफ की जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### पोस्टर मेकिंग में कोमल तथा नारा लेखन में देविका प्रथम



**रणबीर रोहिल्ला, सोनीपत।** विश्व एड्स दिवस के मौके पर जीवीएम गर्ल्ज कालेज की यूनिवर्सिटी आउटरिच प्रोग्राम टीम के तत्वावधान में आयोजित पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में कोमल तथा नारा लेखन प्रतियोगिता में देविका अव्वल रही। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि एचआईवी-एड्स रूपी गंभीर रोग से संरक्षण के लिए जागरूकता बेहद आवश्यक है। टीम की संयोजक प्राध्यापिका वंदना सचदेवा ने बताया कि विश्व एड्स दिवस के मौके पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से दो प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया, जिनमें करीब 40 छात्राओं ने हिस्सा लिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कोमल ने प्रथम व आंचल ने द्वितीय तथा भावना ने तृतीय स्थान हासिल किया। साथ ही अदिति को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। नारा लेखन स्पर्धा में देविका शर्मा ने प्रथम तथा तमन्ना ने द्वितीय और अंशू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खुशी को सांत्वना पुरस्कार से सुशोभित किया गया। दोनों प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में प्राध्यापिका रोजी चोपड़ा व तारिका सेठी और रूचिका विरमानी शामिल रही। अंत में प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित करते हुए प्रोत्साहित किया कि वे हर प्रकार की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लें।

### स्वदेशी प्रवक्ता राजीव को किया याद



**कुरुक्षेत्र।** स्वदेशी के प्रखर प्रवक्ता राजीव दीक्षित को श्रद्धांजलि देने हेतु ब्राह्मण धर्मशाला में बीपीएसओ द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भगवान परशुराम छात्र संगठन के राज्य संयोजक मनु पंडित व जिलाध्यक्ष अंशुल पंडित की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे विशिष्ट अतिथि पूर्व आईजी रणबीर शर्मा, इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन जलेश शर्मा, सीलू चांदपर, वीरेंद्र विद्यार्थी, सुरेंद्र चौधरी, सुशील चौधरी, कृष्ण बजाज, योगेश शर्मा, नितिन भारद्वाज, सूबेदार बीर सिंह ने राजीव दीक्षित के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शहीद कृष्ण लाल जीरबड़ी के बड़े भाई रामपाल को सम्मानित किया गया। इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन जलेश शर्मा ने राजीव दीक्षित ने घरेलू आरोग्य पद्धतियों और स्वदेशी चिकित्सा का प्रसार किया जिससे देश के लाखों लोग लाभान्वित हुए हैं। वे 20 वर्षों से बहुराष्ट्रीय कंपनियों उपनिवेशवाद के खिलाफ और स्वदेशी की स्थापना के लिए संघर्ष कर रहे थे। राजीव की इच्छा थी कि भारत पूर्णत: स्वदेशी हो, ताकि विदेशी कंपनियों के द्वारा की जा रही लूट को रोका जा सके तथा भारत को पुन: आर्थिक गुलामी से बचाया जा सके। राजीव दीक्षित ने हजारों युवाओं में देश प्रेम व स्वदेशी की प्रेरणा जगाई।

### गीता निकेतन के चार छात्र राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित



**कुरुक्षेत्र।** विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग, भारत सरकार तथा हरियाणा राज्य विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग पंचकूला, के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय विज्ञान कांग्रेस का आयोजन धन्ना भगत पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र में मंगलवार को आयोजित हुआ। इस विज्ञान कांग्रेस में कक्षा छठी से बारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान विषय पर नवाचार अनुसंधान को लेकर पत्र वाचन करना था। जिसमें कुरुक्षेत्र जिले के विद्यार्थियों में से जूनियर एवं सीनियर समूह के कुल 40 समूह के 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में गीता निकेतन आवासीय विद्यालय की नौंवी कक्षा की छात्रा नैंसी एवं अर्शिया ने सीनियर समूह में स्मार्ट हैल्थ चैकर विषय पर एवं आठवीं कक्षा के धैर्य पुरी और हेमांग जैन ने एयर प्यूरीफायर पिलर विषय पर प्रतिभागिता की। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय के इन चारों छात्रों का चयन दिसम्बर माह में होने वाली राज्य स्तरीय विद्यार्थी विज्ञान कांग्रेस के लिए हुआ है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य नारायण सिंह एवं प्रबन्धक पवन गुप्ता ने शिक्षक एवं विद्यार्थियों को बधाई दी।

### पुराने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा रहे भाजपा जिलाध्यक्ष

**कुरुक्षेत्र।** भाजपा के जिलाध्यक्ष राजकुमार सैनी जनसंघ के समय से पार्टी से जुड़े कार्यकर्ताओं के घर पहुंचकर उन्हें सक्रिय करने में लगे हुए हैं। राजकुमार सैनी आजकल ऐसे कार्यकर्ता जो किसी कारणवश पार्टी से निष्क्रिय हो चुके हैं उनसे मिलकर उनकी समस्याओं को जानकर उन्हें दूर करने का भरसक प्रयास कर रहे है ताकि ऐसे कर्मठ कार्यकर्ता जो शुरू से ही पार्टी के साथ जुडें हुए है उनका मनोबल ऊंचा किया जा सके। इसी कड़ी में राजकुमार सैनी 80 वर्षीय डॉ. हीरा लाल शर्मा से उनके गांव बारना में मिले। डॉ. हीरा लाल शर्मा जनसंघ के समय से पार्टी के साथ जुड़े हुए है। डॉ. हीरा लाल शर्मा बारना के पूर्व सरपंच है। इसी प्रकार राजकुमार सैनी जनसंघ के समय से जुड़े 88 वर्षीय रतनलाल बंसल व पुष्पेंद्र गोयल से उनके आवास पर जाकर मिले और उनके आशीर्वाद लिया। इसके अलावा डॉ. मदन लाल खन्ना से पिपली में उनके आवास पर मिले।

## करनाल में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 को

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**मुख्य** न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण करनाल जसबीर ने बताया कि कोविड-19 महामारी के प्रकोप के कारण न्यायालय द्वारा केवल अत्यावश्यक और गंभीर मामलों की सुनवाई की जा रही थी और जिसके कारण लंबित प्रकरणों की संख्या बढ़ती जा रही थी, अत: नियमित न्यायालयों के लंबित मामलों को कम करने के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष डीएलएसए, करनाल चंद्र शेखर और हरियाणा राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 दिसम्बर 2021 को सत्र प्रमंडल करनाल में होना है।

सीजेएम ने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना के दावों, बिजली के मामले जहां प्राथमिकी दर्ज की गई है, मुकदमे पूर्व चरण के मामले, चेक बाउंस, बैंक वसूली, जनोपयोगी सेवाओं से संबंधित दीवानी विवाद और यहां तक कि घरेलू हिंसा अधिनियम आदि से संबंधित मामलों सहित कंपाउंडेबल अपराधों के आपराधिक मामलों और अन्य मामलों को भी लिया जाएगा, जहां निपटान संभव हो सकता है। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सभी माध्यमों से किया जाएगा जिसमें व्हाट्सएपए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और यहां तक कि कोर्ट परिसर में भौतिक उपस्थिति भी शामिल है।

### परिवहन विभाग में नए प्रशिक्षुओं के लिए पोर्टल पर आवेदन आमंत्रित

**भिवानी।** हरियाणा राज्य परिवहन डिपो भिवानी में अप्रेंटिस लिए एक दिसंबर से पांच दिसंबर तक आवेदन आमंत्रित किए हैं। रोडवेज महाप्रबंधक द्वारा दी गई जानकारी अनुसार नए आवेदन पोर्टल अप्रेंटिशिपइंडियाडोटओआरजी पर आवेदन करना होगा। सभी आवेदन पोर्टल पर स्वीकार किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आवेदन की एक छायाप्रति छह दिसंबर को दोपहर एक बजे तक रोडवेज कार्यालय में जमा करवानी होगी। इसके बाद किसी भी आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन ट्रेड के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं, उनमें कारपेंटर, फिटर, वेल्डर गैस एंड इलेक्ट्रोनिक, इलेक्ट्रीशिन, मोटर व्हीकल मैकेनिक, मैकेनिक डीजल और शीट मेटल वर्कर शामिल है।

## परीक्षा नियंत्रक की बर्खास्तगी की मांग को लेकर युवा कल्याण संगठन ने वीसी को सौंपा ज्ञापन

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी।



**हरियाणा** में एचपीएससी के सबसे बड़े कथित घोटाले के तार भिवानी से भी जुडने लगे हैं। इस कथित घोटाले में सीबीएलयू के परीक्षा नियंत्रक का भी नाम सामने आया है। जिसकी बर्ख़ास्तगी की मांग को लेकर युवा कल्याण संगठन ने सीबीएलयू के वीसी को ज्ञापन सौंपा।

बता दें कि हरियाणा में एचपीएससी में हुए कथित घोटाले में एचसीएस अधिकारी सहित तीन लोगों को करोड़ों रूपये सहित गिरफ्तार किया गया है। अब प्रदेश के इस सबसे बड़े कथित घोटाले के तार भिवानी से भी जुड़े हैं। जहां सीबीएलयू के परीक्षा नियंत्रक भी शामिल बताए जा रहे हैं। डॉ. पवन गुप्ता 22 दिसंबर से लापता हैं। घोटाले में गठित एसआईटी जांच के लिए सीबीएलयू भी आ चुकी है। वीसी को ज्ञापन सौंपते हुए युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान ने कहा कि सीबीएलयू को चाहिए कि परीक्षा नियंत्रक को बर्खास्त करें, ताकि विद्यार्थी का भरोसा सीबीएलयू की कार्यप्रणाली से ना उठे। उन्होंने कहा कि एसपीएससी के साथ सीबीएलयू में हुई भर्तियों की जांच होनी चाहिए।

दूसरी ओर एचपीएससी पेपर लीक मामले के आरोपी सीबीएलयू के परीक्षा नियंत्रक को बर्खास्त करने, अघोषित परीक्षा परिणामों को जल्द जारी करने, सीबीसीएस व्यवस्था को बंद करने सहित अन्य छात्र हितों के मुद्दों को लेकर आज बुधवार को इनसो पदाधिकारियों ने भी चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के उपकुलपति को एवं उपकुलपति के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा।

## पहली बार विश्व एड्स दिवस को काला दिवस बनाकर जताया रोष

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी




**एक** दिसम्बर विश्व एड्स दिवस यानी ऐसा दिन जो एड्स कंट्रोल डिपार्टमेंट में सभी कर्मचारियों द्वारा हर साल त्योहार की तरह ही मनाया जाता है। परन्तु भारत सरकार द्वारा संचालित नेशनल एड्स कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन द्वारा पिछले 20 सालों से पूरे देश में सेवाएं दे रहे अनुबंधित कर्मचारियों का केवल शोषण हो रहा है।

अनुबंधित कर्मचारी अब इतने मजबूर हो चुके हैं कि अपने इतने महत्वपूर्ण दिन को भी काला दिवस के रूप में मना रहे हैं तथा राष्ट्रीय स्तर पर धरने पर जा रहे हैं। इस काले दिवस की मुहिम की शुरुआत 25 नवम्बर से ही पूरे हरियाणा प्रदेश में हो चुकी है, जिसके तहत सभी अनुबंधित कर्मचारी काला रिबन बांधकर अपना कार्य कर रहे हैं। सन 2002 में एड्स कंट्रोल डिपार्टमेंट में काउंसिलिंग टेस्टिंग शुरू हुई तब अनुबंधित कर्मचारी को 6500 रूपये मिलते थे। धीरे धीरे प्रोग्राम का विस्तार हुआ तथा कार्य का स्तर बढ़ा परन्तु कर्मचारियों की सैलरी नाम मात्र बढ़ी। पहले एचआईवी टैस्टिंग और काउंसिलिंग 7000 के लगभग होती थी जो 10 गुना बढ़कर बढ़ लाखों में हो गई है। सन 2021 तक आते आते 10 लाख से भी ज्यादा लोगों को काउंसलिंग व टैस्टिंग की सुविधाएं दे चुके हैं।

## अनुसूचित जाति की मांगों को लेकर उपमुख्यमंत्री गंभीर : जगमाल

**कुरुक्षेत्र।** जननायक जनता पार्टी के हल्का शाहाबाद के युवा नेता जगमाल सिंह गोलपुरा ने कहा कि हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला हरियाणा की अनुसूचित जाति और जनजाति की मांगों के प्रति पूर्णत: गंभीर हैं और वे अपने घोषणा पत्र के अनुसार उनकी लंबित मांगों को पूरा भी कर रहे हैं।



उन्होंने कहा कि वे कुछ समय पहले अनुसूचित जाति, जनजाति की मांगों को लेकर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से मिले थे, जिसमें उन्होंने अनुसूचित जाति की कन्याओं की शादी की राशि बढ़ाने तथा अनुसूचित जाति की चौपालों में पुस्तकालय खोलने तथा अनुसूचित जाति के किसानों के लिए कृषि यंत्रों पर सब्सिडी एवं अन्य राहत देने की मांग रखी थी। उन मांगों पर उपमुख्यमंत्री चौधरी दुष्यंत चौटाला ने तुरंत ही अपनी स्वीकृति प्रदान करते हुए उन सभी मांगों को पूरा भी कर दिया है। उन्होंने अनुसूचित जाति, जनजाति की कन्याओं की विवाह कीशगुन राशि 51 हजार रुपए से बढ़ाकर 71 हजार रुपए करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। साथ ही उन्होंने सभी जिलधीशों को यह निर्देश भी दिए हैं कि जहां भी अनुसूचित जाति की चौपालों में दो कमरे हैं, उनमें पुस्तकालय खोलने की संभावनाएं तलाशी जाएं।

### निशुल्क नेत्र जांच व आप्रेशन शिविर 7 को

**कुरुक्षेत्र।** आदेश मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के सहयोग से आंखों के नि:शुल्क चिकित्सा व आप्रेशन शिविर का आयोजन 7 दिसंबर को गांव कल्याणा में किया जाएगा। यह जानकारी अस्पताल के प्रबंधक हरिओम गुप्ता ने दी। शिविर एनपीसीबी के तहत लगाया जा रहा है और पंचायत की ओर से सरपंच परपिन्द्र संधु का भी सहयोग रहेगा। बताया कि आदेश अस्पताल के अनुभवी चिकित्सक रोगियों की जांच करेंगे और जिन लोगों को मोतियांबिंद या अन्य आंखों का दोष पाया जाएगा उनके आपरेशन भी फ्री किये जाएंगे। प्रबंधक हरिओम गुप्ता ने कहा कि आदेश ग्रुप के चेयरमैन डॉ. एचएस गिल का यही उद्देश्य है कि गांव-गांव तक बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं निम्न खर्चे पर पहुंचाई जाएं।

### किरोड़ीमल पार्क में तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव 12 से

**भिवानी।** किरोड़ीमल पार्क में 12 से 14 दिसंबर तक तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव शानदार ढंग से आयोजित किया जाएगा। गीता जयंती महोत्सव का थीम आजादी का अमृत महोत्सव होगा। गीता महोत्सव में विभिन्न विभागों की स्टॉल लगाई जाएंगी, जिनमें प्रदर्शनी के माध्यम से विभागों की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। ये जानकारी उपायुक्त आरएस ढिल्लो ने अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सभी संबंधित विभाग गीता महोत्सव में आने वाले लोगों को अपने-अपने विभागों की योजनाओं की जानकारी अवश्य दें। उन्होंने कहा कि गीता जयंती महोत्सव को यादगार बनाया जाएगा, जिसमें सभी विभागों की भागीदारी जरूरी है।




## अपस्टॉक्स पर व्हाट्सएप के माध्यम से आईपीओ एप्लीकेशन और डीमैट खाता खोलने की सुविधा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली ।

भारत में सबसे तेजी से बढते निवेश प्लेटफार्मों में से एक अपस्टॉक्स ने आज घोषणा की कि वह अब व्हाट्सएप के माध्यम से निवेशकों को प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में निवेश करने और डीमैट खाता खोलने की सुविधा प्रदान करेगा।

अपस्टॉक्स ने खाता खोलने की प्रक्रिया को आसान बनाकर ग्राहकों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान की है और अब व्हाट्सएप के माध्यम से आईपीओ संबंधी आवेदनों के लिए एंड-टू-एंड सपोर्ट उपलब्ध कराया है। इस तरह ग्राहकों को पहले से अधिक सुविधाएं हासिल होती हैं। अपस्टॉक्स ने अकेले अक्टूबर 2021 में अपने ग्राहक आधार में 1 मिलियन की वृद्धि की थी, जिससे कुल ग्राहक आधार 7 मिलियन से अधिक हो गया है। कंपनी का लक्ष्य वित्त वर्ष 2022 के अंत तक अपने ग्राहक आधार को 10 मिलियन तक बढाना है।अपस्टॉक्स ने उपयोगकर्ता के अनुकूल सुविधाओं और एक सहज डिजाइन के साथ एक नया प्लेटफॉर्म लॉन्च करने के बाद व्हाट्सएप पर अपनी नई सेवा शुरू की और इस प्रकार निवेश करने की प्रक्रिया को आसान बना दिया है। अपस्टॉक्स का नया प्लेटफॉर्म व्यापक शोध पर आधारित है और यह निवेशकों को उपयोग में आसान इंटरफेस, बाजार से संबंधित खास विजन और निवेश विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला से लैस करता है। इस नवीनतम विशेषता का मुख्य आकर्षण यह है कि सभी निवेशक, चाहे वे अपस्टॉक्स के साथ पंजीकृत हों या नहीं, अब व्हाट्सएप चैट विंडो के जरिये भी आईपीओ के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस एकीकरण के साथ, अपस्टॉक्स का लक्ष्य आईपीओ संबंधी आवेदनों में पांच गुना वृद्धि को हासिल करना है।

खाता खोलने की पूरी प्रक्रिया को भी त्वरित, आसान और सुगम बनाया गया है। व्हाट्सएप के माध्यम से अपस्टॉक्स के साथ खाता खोलने में अभी कुछ ही मिनट लगते हैं। 'अपस्टॉक्स रिसोर्सेज' और 'गेट सपोर्ट' जैसे टैब ग्राहकों को केवल एक क्लिक के साथ एफएक्यू और अपस्टॉक्स के बारे में सभी आवश्यक जानकारी तक सीधे पहुंच प्रदान करते हैं।

अपस्टॉक्स के को-फाउंडर श्रीनी विश्वनाथ ने कहा, आज उपभोक्ता निवेश के लिए ऑन-द-गो एक्सेस की इच्छा रखते हैं और हम अपस्टॉक्स में ग्राहकों को निवेश संबंधी ऐसे सॉल्यूशन प्रदान करते हैं, जो टैक्नोलॉजी पर आधारित हों और जिनके माध्यम से निवेशकों को बेहद आसानी रहे। अपने ग्राहक आधार को और मजबूत करने और अधिक से अधिक युवाओं को निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से, हमने व्हाट्सएप के साथ एकीकरण किया है, जिसका देश भर के यूजर्स व्यापक रूप से उपयोग कर रहे हैं।

## एनआईयू ने अपनी चौथी वार्षिक स्पोर्ट्स मीट, इंट्रामुरल का आयोजन किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



**बड़े** जोश और उत्साह के साथ, नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी (एनआईयू) ने अपने विश्वविद्यालय परिसर में अपनी सबसे बहुप्रतीक्षित चौथी वार्षिक स्पोर्ट्स मीट - इंट्रामुरल का आयोजन किया। 1 दिसंबर से 3 दिसंबर 2021 तक शुरू होने वाले इस तीन दिवसीय मेगा इवेंट में भाग लेने वाले छात्रों और उनकी संबंधित टीमों ने एथलेटिक स्किल्स और गहन सूक्ष्मता का प्रदर्शन किया।

नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने न केवल अकादमिक क्षेत्र में बल्कि खेल के क्षेत्र में भी अपने लिए एक जगह बनाई है। यह इस तथ्य को समझते हुए कि एक स्वस्थ मन एक स्वस्थ शरीर में रहता है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर जोर देते हुए, खेल और खेल अनुशासन, संगति, नैतिकता और जीवन जीने की कला की भावना प्रदान करते हैं। विचार की इस पंक्ति पर कार्य करते हुए, हर बार की तरह , इस बार भी एनआईयू सभी दर्शको के लिए भव्य आयोजन करता रहा है और अब भी, खेल आयोजन की भव्यता बेजोड़ थी। इस शानदार खेल उत्सव में विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के विभागों के प्रतिभागी शामिल हुए।

आयोजन के मुख्य आकर्षण में इनडोर, आउटडोर के साथ-साथ एथलेटिक ट्रैक और फील्ड खेल शामिल थे। इंडोर वर्ग के लिए बैडमिंटन और टेबल टेनिस का आयोजन किया गया। इसके बाद, आउटडोर खेलों में बास्केटबॉल, क्रिकेट, फुटबॉल और वॉलीबॉल शामिल थे। और अंत में, ट्रैक और फील्ड पर एथलेटिक्स के लिए, 100 मीटर भाला फेंक, 200 मीटर डिस्कस फेंक और 400 मीटर शॉर्ट-पुट की व्यवस्था की गई। सभी खेलों की पात्र खेल श्रेणियां लड़कों और लड़कियों दोनों के लिए रखी गई थीं।

कार्यक्रम के बारे में बात करते हुए उप निदेशक खेल डॉ. उपम सिंह चाहर ने कहा, सभी प्रतिस्पर्धी खेल सहनशक्ति और इच्छाशक्ति के बारे में थे। इसने एक एथलीट की अपनी सारी ताकत के साथ-साथ एक विजेता खिताब अर्जित करने का साहस भी लिया, इस प्रकार उनकी फाइटिंग स्पिरिट का प्रमाण दिया। दर्शक सांस रोककर, वीर को देखने के लिए बाध्य थे। सभी भाग लेने वाले एथलीटों के प्रयास। जब प्रतिभागियों ने एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा की तो उन्होंने आश्चर्यजनक परिणाम और टीम वर्क का प्रदर्शन देखा। खेलों ने दर्शकों को जोश और उत्साह से भर दिया।

पायनियर
हरियाणा, बृहस्पतिवार, 02 दिसंबर, 2021



# पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों से विश्व के हर मानव को मिलता कर्म करने का संदेश

### अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2021 का आयोजन होगा दो से 19 दिसंबर तक

**गुरुजोत दुग्गल।** कुरुक्षेत्र

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों से विश्व के हर मानव को कर्म करने का संदेश मिल रहा है। इन उपदेशों को जीवन में धारण करने से मानव का जीवन सफल हो जाएगा। इसलिए विश्व के हर मानव तक पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों को पहुंचाने के लिए गीता स्थली कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव जैसे पर्वों का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन 2 से 19 दिसंबर 2021 तक किया जाएगा और इस महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम 9 से 14 दिसंबर तक चलेंगे। इस महोत्सव में दीपोत्सव, 48 कोस के 75 तीर्थों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम ों का आयोजन होगा।

इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का थीम आजादी का अमृत महोत्सव रहेगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल बुधवार को कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर पुरुषोतमपुरा बाग में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव- 2021 को लेकर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र की पावन भूमि को भारतीय संस्कृति की क्रीड़ा स्थली होने का गौरव प्राप्त है। इसी भूमि में पावन सरस्वती नदी के तटों पर वेदों, उपनिषदों और पुराणों की रचना हुई। इसी भूमि को श्रीमद्भगवद गीता की जन्मस्थली होने का विशेष सौभाग्य प्राप्त हुआ।


पत्रकारों से बातचीत करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

कुरुक्षेत्र की युद्धभूमि में विषादग्रस्त अर्जुन को भगवान श्रीकृष्ण के मुखारबिंद ने श्रीमद्भगवद गीता का जो शास्वत उपदेश दिया गया था, इस वर्ष इस उपदेश को दिए हुए 5159 वर्ष हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में कुरुक्षेत्र आगमन के दौरान कुरुक्षेत्र को गीता स्थली के रुप में पहचान दिलाने की बात कही थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस विजन के बाद सरकार द्वारा गीता जयंती महोत्सव को बड़ा दर्जा दिया और वर्ष 2016 से इस महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के रुप में मनाया जा रहा है। पिछले 5 वर्षों से महोत्सव को अपार सफलता और लोकप्रियता मिली। वर्ष 2019 में यह महोत्सव देश से बाहर मारीशस और लंदन में भी मनाया गया।

## भगवान श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र की धरा से दिए पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेश : स्वामी ज्ञानानंद

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र की धरा से पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेश दिए। ऐसी पवित्र भूमि पर गीता महोत्सव के अवसर पर ब्रहमसरोपर पुरुषोतमपुरा बाग में श्रीकृष्ण-अर्जुन रथ के समक्ष गीता महोत्सव को लेकर चर्चा करने का सौभाग्य हम सभी को मिला है। महाभारत ग्रंथ की गणना के अनुसार इस वर्ष 5159वां वर्ष मना रहे है। पवित्र ग्रंथ गीता में कोई भी पक्षपात, भेदभाव, संकीरतन, जाति, वर्ण आदि को लेकर स्थान नहीं है, यह ग्रंथ पुरी मनुष्यता के लिए है। यह ग्रंथ उदार ग्रंथ है और मन को मानसिक शांति का आभास करवाता है। इस ग्रंथ में वसुधैव कुटुम्बकव का सदेंश दिया गया है। मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक डा. अमित अग्रवाल ने मेहमानों का स्वागत किया। इस मौके पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद, हरियाणा के खेल एवं युवा मामले मंत्री संदीप सिंह, सांसद नायब सिंह सैनी, विधायक सुभाष सुधा, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक डा. अमित अग्रवाल, अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के नोडल अधिकारी एवं केडीबी के सदस्य सचिव विजय दहिया, हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के प्रधान सचिव डी सुरेश, अम्बाला मंडल की आयुक्त रेणू फुलिया, उपायुक्त मुकुल कुमार, निदेशक प्रतिमा चौधरी, केडीबी के मानद सचिव मदन मोहन छाबडा, भाजपा के जिला अध्यक्ष राजकुमार सैनी आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### आसमान में छाए बादल, धूप न निकलने से बढ़ी ठंडक


आसमान में छाए बादल व अपने गंतव्य की ओर जाते वाहन चालक।

**कुरुक्षेत्र।** बुधवार को मौसम का अचानक मिजाज बदल गया। मौसम के अचानक करवट बदलने से हवा में ठंड घुल गई है। पूरे दिन आसमान में बादल छाए रहने के कारण गुलाबी ठंड ने दस्तक दे दी है। हवा में ठंडक इतनी बढ़ गई कि लोग गरम कपड़े निकालने को मजबूर हो गए। धूप न निकलने से तापमान में गिरावट हुई है। ठंडक का अहसास होने पर लोग गर्म कपड़े पहनकर घरों से बाहर निकले। शाम होते ही सड़कों पर सन्नाटा दिखाई दिया। बुधवार सुबह जिले में कोहरे की हल्की धुंध रही। बादल छाए रहने से सूर्य देवता के दर्शन दुर्लभ रहे। इससे ठंडक बढ़ गई। न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम 21 डिग्री दर्ज किया गया। बादलों के साथ ही हवा भी चलती रही। दिनभर चली हवा के साथ गुलाबी ठंड धीरे-धीरे अपना असर दिखाने लगी है। कार्यालय, दुकानों और प्रतिष्ठानों के लिए लोग गर्म कपड़े पहनकर निकले। वहीं पारा गिरने की आशंका को लेकर आलू किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें देखी गईं।

### पीएचडी के पांच रिसर्च स्कॉलर्स को डॉक्टोरेट की डिग्री से नवाजा



**कैथल।** कैथल की एनआईआईएलएम यूनिवर्सिटी में पीएचडी के पांच रिसर्च स्कॉलर्स को डॉक्टोरेट की डिग्री से नवाजा गया। मनोज कुमार, ऋतु रानी व सीमा देवी ने गणित विषय से अपनी पीएचडी की डिग्री पूरी की तो वहीं उमेद सिंह ने इकॉनॉमिक्स और शशि ने वाणिज्य विषय से अपनी डिग्री पूरी की। सभी पीएचडी स्कॉलर्स को यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. एसएस तेवतिया ने डिग्री प्रदान की और उनके उज्जल भविष्य की कामना करते हुए सभी को बधाई दी। इस मौके पर एनआईआईएलएम यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर एसएस तेवतिया, रजिस्ट्रार विकास दीप सिंह कोहली, एग्जाम कंट्रोलर डॉ. मंजीत जाखड़, रिसर्च कोआर्डिनेटर डॉ. जोगीराम बामनियां, प्रोफेसर एसके वशिष्ठ, प्रोफेसर एसएस ढुल, प्रोफेसर रविन्द्र कुमार, डॉ. मीना कुमारी मौजूद रहे।

### नन्ही मुस्कान संस्था ने शिव कालोनी में किया वैक्सीनेट कार्य



**कैथल।** आज फिर नन्ही मुस्कान संस्था ने रेडक्रॉस सोसाइटी व स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ मिलकर शिव कॉलोनी में नन्ही मुस्कान संस्था के प्रधान संजीव महाराज व कैशियर प्रवेश शर्मा और सुभाष ने मिलकर शिव कॉलोनी में घर-घर जाकर वैक्सीनेट करने का कार्य सफलतापूर्वक किया। कॉलोनी वासियों ने भी भरपूर सहयोग दिया और बीमारी से लड़ने के लिए टीका लगवाया। नन्ही मुस्कान संस्था ने पहले भी वार्ड नंबर 17 को वैक्सीनेट किया था और अब शिव कॉलोनी को भी पूरी तरह से वेक्सीनेट कर दिया है। प्रधान संजीव महाराज ने बताया कि, शिव कॉलोनी में बेटियों के लिए आश्रम चल रहा है और यहां पर वृद्धाश्रम का भी निर्माण शुरू हो गया है।

### तम्बाकू मुक्त साप्ताहिक कार्यक्रम का किया आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम कन्या महाविद्यालय लोहार माजरा में सरकार के निदेर्शानुसार चल रहे तम्बाकू मुक्त साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशेष मुहिम चलाई गई है। इस मुहिम में शिक्षण संस्थान परिसर में कार्यरत कर्मचारियों तथा आसपास के ग्रामीणों को तम्बाकू छोड़ने के लिए विभिन्न गतिविधियां भी करवाई जा रही हैं। जिसमें छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग व स्लोगन इत्यादि के द्वारा समाज को जागरूक किया। ग्रामीणों को बताया कि तम्बाकू से हमें खुद तो तकलीफ होती ही है साथ ही साथ हमारा परिवार और समाज भी इसके दुष्परिणाम झेलता है। लोहार माजरा के आसपास के गांवों में भी छात्राओं ने रैली के द्वारा जन जागरूक अभियान चलाया और धूम्रपान, तम्बाकू, जर्दा गुटखा आदि ना खाने के संकल्प करवाने के लिए एक विशेष पहल की। कार्यक्रम अधिकारी डा. अनीता शर्मा के मार्गदर्शन में चल रहे तम्बाकू मुक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन पर महाविद्यालय की प्राचार्या डा. सुदेश रावल ने सराहना की एवं प्रोत्साहित किया।

### फोन पर 20 लाख की फिरौती मांगने का आरोपित गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस ने होटल मालिक से फोन पर 20 लाख की फिरौती मांगने के आरोपी मास्टरमाइंड अंकुश पुत्र राजकुमार वासी कमालपुर जिला करनाल को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कर्ण गोयल ने बताया कि 18 नवम्बर को जोगिन्द्र सिंह ने थाना कृष्णा गेट पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसका काठी किंग के नाम से अमीन रोड पर होटल है। 17 नवम्बर को शाम के समय उसके पास किसी अज्ञात व्यक्ति ने व्टसएप्प पर काल करके 20 लाख रुपये फिरौती मांगी व पैसे न देने की सूरत में उसको व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र ने मामले में उप पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया। पुलिस ने मामले के मास्टरमाइंड अंकुश को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अंकुश पुत्र राजकुमार वासी कमालपुर जिला करनाल को अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया।

---

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव की विश्व स्तरीय

# पहचान बनाने के लिए गठित होगी महोत्सव समिति : खट्टर

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गीता महोत्सव को लेकर गीत किया रिलीज

### गीता महोत्सव को लेकर तैयार किए गए गीत को रिलीज किया

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव की विश्व स्तरीय पहचान बनाने के लिए शीघ्र ही अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव समिति का गठन किया जाएगा। इस समिति को पंजीकृत करवाया जाएगा और यह समिति ही आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन करेगी। इस समिति का राज्य सरकार, प्रशासन और कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड सहयोग करेगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल बुधवार को अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2021 को लेकर ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव को लेकर तैयार किए गए गीत को रिलीज किया।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव को और अधिक भव्य स्वरूप देने के लिए जल्द ही अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव समिति का गठन किया जाएगा। इस समिति को आयोजन या स्वागत समिति भी कहा जा सकता है। इस समिति में सरकार, प्रशासन और केडीबी भी अपना सहयोग करेगी। इस कमेटी को बकायदा पंजीकृत करवाया जाएगा। इस कमेटी के माध्यम से ही अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जाएगा ताकि देश-विदेश में यह महोत्सव और अधिक ख्याति प्राप्त कर सके।


पत्रकारों से बातचीत करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

### स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत देश के 30 प्रतिष्ठिद्दत धार्मिक सूचि में ब्रह्मसरोवर भी शामिल

मुख्यमंत्री ने कहा कि गीता स्थली ज्योतिसर में 13 करोड़ 63 लाख रुपये की लागत से भगवान श्रीकृष्ण का 40 फीट ऊंचा विराट स्वरूप बनाया गया है। इसके अलावा ज्योतिसर में ही महाभारत थीम भवन का निर्माण करीब 2 एकड भूमि पर किया जा रहा है और यह निर्माण 80 प्रतिशत पूरा किया जा चुका है। यह प्रोजेक्ट देश का मुख्य आकर्षण का केन्द्र बनेगा, इस महाभारत थीम भवन में महाभारत के दृश्य को आधुनिक मल्टीमीडिया प्रणाली से दर्शया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के लिए राज्य सरकार ने 205.58 करोड रुपए की राशि स्वीकृत की है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मसरोवर को भारत सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत तीसरे चरण में देश के 30 प्रतिष्ठित धार्मिक सूचि में शामिल किया गया है। इस ब्रह्मसरोवर को स्वच्छ आईकोनिक स्थल कार्यक्रम के लिए चयनित किया गया है। सीएम ने कहा कि कुरुक्षेत्र धर्मक्षेत्र को भगवान श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा और धार्मिक स्थल हरिद्वार से जोड़ने के लिए ट्रेन भी चलाई गई है।

### विभिन्न देशों के दूतावास पर प्रदर्शनी के माध्यम से किया जाएगा महोत्सव का प्रचार

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का प्रचार विभिन्न देशों के दूतावासों पर प्रदर्शनी के माध्यम से किए जाने पर विचार किया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न राज्यों की राजधानियों में भी गीता जयंती महोत्सव आयोजित करने पर विचार किया जाएगा। मुख्यमंत्री बुधवार को श्रीमदभगवत गीता की उपदेश-स्थली कुरुक्षेत्र में प्रेसवार्ता वार्ता के दौरान ने पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने ब्रह्मसरोवर के तट पर श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए गीता के उपदेश की मुद्रा में बनी भव्य प्रतिमा के सामने संस्कृति उत्थान की प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए बताया कि वर्तमान में गीता जयंती महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है। पिछले गीता जयंती महोत्सव में करीब 27 - 28 देशों के विद्वान शिरकत कर चुके हैं। यही नहीं पिछली बार 6 देशों के हाई कमिश्नर ने भी भागीदारी की थी।

### 30 तीर्थो को कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की सूचि में किया शमिल

सीएम ने कहा कि 48 कोस कुरुक्षेत्र भूमि के 30 तीर्थो को कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की सूचि में शमिल किया जा रहा है। इससे तीर्थों की संख्या 134 से बढ़कर 164 हो जाएगी। कुरुक्षेत्र नगर के प्रमुख मार्गो पर स्वागत द्वार भी बनाएं जाएंगे। कुरुक्षेत्र के 75 तीर्थों पर 15 अगस्त 2023 तक विकासात्मक कार्य करवाएं जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कुरुक्षेत्र के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। केन्द्र सरकार पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना के तहत कुरुक्षेत्र को श्रीकृष्णा सर्किट में शामिल किया गया। इस योजना के तहत ब्रह्मसरोवर, नरकतारी, ज्योतिसर, सन्निहित सरोवर और शहर के विकास कार्य कराए गए।

## भ्रष्टाचारियों का सरंक्षण करने में लगी है प्रदेश सरकार : आरके नागर


प्रदेश सरकार व अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते मंच के पदाधिकारी।

### अधिकारियों से मिलकर कच्चे कर्मचारियों का शोषण कर रहे हैं ठेकेदार

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**हरियाणा** संयुक्त कर्मचारी मंच जेपीए से संबंधित हुड्डा जन-स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन सोनीपत के 292वें दिन के धरनारत कर्मचारियों को संबोधित करते हुए मंच के प्रदेश अध्यक्ष आरके नागर ने कहा कि बीजेपी सरकार में हर विभाग में दिन प्रतिदिन भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी बढ़ती जा रही है। इस राज्य में किसी की शिकायत सुनने वाला कोई नहीं है।

यूनियन के पदाधिकारियों ने धरने पर प्रदेश सरकार और अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। मंच प्रदेशाध्यक्ष आरके नागर ने कहा कि उल्टा भ्रष्टाचारियों को सरकार और क्रीमीलेयर के सर्वोच्च अधिकारी बताने और उनका संरक्षण करने में लगे हुए हैं। एचएसवी विभाग के साथ-साथ मार्केट कमेटी गोहाना के भ्रष्टाचार का एक नया मामला और सामने आया है। यहां 10 -12 वर्षों से दर्जनों सफाई कर्मचारी ठेकेदारी प्रथा पर काम करते आ रहे हैं। इन कच्चे सफाई कर्मचारियों को ठेकेदार और मार्केट कमेटी के अधिकारी मिलकर लूट रहे हैं। उनका शोषण कर रहे हैं। उनको डीसी रेट देने की बजाए केवल 8500 रुपये वेतन दिया जा रहा है। जबकि ठेकेदार इनको ईपीएफ और ईएसआई भी नहीं दे रहे हैं। इन सफाई कर्मचारियों को नकद भुगतान किया जाता है, जबकि सरकार के आदेश अनुसार बैंकों में खाते खुलवा कर चेक द्वारा वेतन दिया जाना चाहिए। इन मांगों के बारे में जो कच्चे कर्मचारी अपने ठेकेदारों से बात करते हैं तो उनको हटा दिया जाता है। सफाई कर्मचारियों को न तो ठेकेदार और न ही विभाग की ओर से कोई औजार दिए जा रहे हैं और न ही नई अनाज मंडी और नई सब्जी मंडी गोहाना के लिए ट्रैक्टर ट्रॉली दे रखा है ना ही कूड़ा डालने के लिए कोई जगह निश्चित रूप से बताई गई है। जिससे सफाई कर्मचारी बेहद परेशान रहते हैं। नागर ने कहा कि मंच की ओर से सचिव मार्केट कमेटी गोहाना को इन सब मांगों का अथवा समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के लिए और वार्ता के लिए समय देने के लिए आज एक पत्र लिखा है। जिसकी प्रतियां मुख्य प्रशासक मार्केट कमेटी पंचकूला और मुख्यमंत्री तक भेजी गई हैं।

---

# नव नियुक्त सहायक प्रोफसर वर्तमान समस्याओं को देखकर नए रिसर्च प्रोजेक्ट बनाएं : प्रो. समर सिंह

### महाराणा प्रताप बागवानी विवि प्रदेश का पहला बागवानी विश्वविद्यालय

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**महाराणा** प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय करनाल में एमएचयू के सभी अधिकारियों और नव नियुक्त सहायक प्रोफसर की मीटिंग हुई।

मीटिंग में महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय करनाल के कुलपति प्रो. समर सिंह ने कहा कि नव नियुक्त प्रोफेसर वर्तमान की समस्याओं को देखकर नए रिसर्च प्रोजेक्ट बनाकर जमा कराएं ताकि भारत सरकार और विदेशी संस्थाओं से वित्तीय सहायता ली जा सके, जिससे वे नए-नए शोध कार्यों पर काम करें। उन्होंने नव नियुक्त सहायक प्रोफसर को एमएचयू में नियुक्ति पर बधाई देते हुए कहा कि महाराणा प्रताप बागवानी विवि देश की पांचवी बागवानी यूनिवर्सिटी है और हरियाणा की पहली। बागवानी क्षेत्र में जो उच्चतम योग्यता के वैज्ञानिकों को लिया गया है। इससे एमएचयू का कृषक उन्नति में एक विशेष योगदान रहेगा। जिसके चलते सभी वैज्ञानिकों का कर्त्तव्य है कि बहुत अच्छे रिसर्च प्रोजेक्ट लिखे ताकि बागवानी में एमएचयू नए कीर्तिमान को स्थापित कर सके। विश्वविद्यालय में एजुकेशन कार्य बहुत अच्छे से चल रहा है, पीएचडी, एमएससी, यूजी का शैक्षणिक कार्य चल रहा है, उसमें आपका पूरा योगदान रहेगा। एमएचयू अनुसंधान निदेशक डॉ. आरके गोयल ने कहा कि रिसर्च के बिना यूनिवर्सिटी आगे नहीं बढ़ सकती, इसलिए वैज्ञानिक एमएचयू के रिसर्च सैंटरों में प्रोजेक्ट में योगदान करे। डीन डॉ. राजेश भल्ला ने कहा कि नए सहायक प्रो. आने से एजुकेशन देने के कार्य में ओर काफी सुधार होगा। मौके पर कंट्रोलर ऑफ फाइनेंस महीपाल काम्बोज, संपदा अधिकारी सुरेश सैनी, डॉ. पीके मेहता, डॉ. सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।


एमएचयू के कुलपति प्रो. समर सिंह नव नियुक्त सहायक प्रो. और अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए।

### सड़क हादसे में दो की मौत, दो घायल

**भिवानी।** भिवानी में हुए एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। हादसा ट्रक को ओवरटेक करने के चक्कर में हुआ। जब एक सामने से आ रही एक कार ने बाइक को सीधी टक्कर मार दी। भिवानी-जींद मार्ग पर गांव धनाना के समीप यह हादसा हुआ। बुधवार की सुबह हादसे में मां-बेटे की मौत हो गई, जबकि मृतक के चचेरा भाई और ममेरी बहन को गम्भीर चोट आई है। गम्भीर हालत में युवक को रोहतक पीजीआई में रैफर कर दिया। हादसे की जांच में पुलिस जुटी हुई है। मृतकों की पहचान गांव तिगड़ाना निवासी 35 वर्षीय जॉनी उर्फ मोहन, 52 वर्षीय उसकी मां अनीता के रूप में हुई है। जबकि घायलों में 20 वर्षीय काजल और 24 वर्षीय आकाश शामिल है, जो बाइक पर बैठ कर खेत में जा रहे थे। गांव धनाना से पहले पेट्रोल पम्प के समीप जींद की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने आगे चल रहे ट्रक को ओवरटेक करते हुए बाइक में टक्कर मार दी।

## उपमुख्यमंत्री चौटाला की नीतियों से प्रभावित होकर जजपा से जुड़ा युवा वर्ग : शुभम गुप्ता

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल

**जजपा** के वरिष्ठ नेता व इनसो जिलाध्यक्ष शुभम गुप्ता ने बताया कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की नीतियों से प्रभावित होकर प्रदेश के युवा बड़ी संख्या में जजपा पार्टी की सदस्यता को ग्रहण कर रहे हैं। बीते दिनों चलाए गए सदस्यता अभियान के साथ प्रदेशभर के युवाओं ने बड़ी संख्या में जुड़कर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और पार्टी और संगठन के निर्धारित कार्यक्रम ों में पहुंचकर सभी कार्यक्रम ों को सफल बनाने में अहम भागीदारी दिखाने का काम किया।

जिससे प्रदेश के विपक्षी दलों में चिंता का माहौल है, क्योंकि आज बड़ी संख्या में युवा वर्ग सिर्फ और सिर्फ उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को अपना नेता जजपा पार्टी के साथ जुड़ रहा है। महाविद्यालय से लेकर



विश्वविद्यालय शहर और गांव में युवाओं की बनी आवाज

शुभम गुप्ता ने बताया की, छात्रों के हक -अधिकार की लड़ाई महाविद्यालय से लेकर विश्वविद्यालय, ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में अनेकों छात्रों से जुड़े हुए विषय को इन्होंने प्रमुखता से उठाने का काम किया। डॉ. अजय सिंह चौटाला इनसो के आदर्श हैं जिनके दिखाए गए रास्ते पर चलकर आज छात्र हित की लड़ाई को एक नई पहचान जजपा पार्टी ने दी। जिसकी बदौलत आज युवा जजपा के साथ बड़ी संख्या में प्रदेश भर का युवा जुड़ रहा है।

---

# क्षत्रिय संघर्ष समिति ने राजपूत धर्मशाला के गेट पर जड़ा ताला

## क्षत्रिय संघर्ष समिति का विधायक आवास पर धरना दूसरे दिन भी जारी रहा

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**क्षत्रिय** सभा व क्षत्रिय संघर्ष समिति में आपसी विवाद का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। क्षत्रिय संघर्ष समिति ने बुधवार को पुरानी समिति को बर्खास्त करने की मांग को लेकर राजपूत धर्मशाला व धर्मशाला में चल रहे महाराणा प्रताप स्कूल के गेट पर ताला जड़ दिया।

प्रधान मोहन सिंह राणा व सचिव राज राणा ने कहा कि जब तक पुरानी समिति बर्खास्त नहीं होती और क्षत्रिय सभा की नई सदस्यता नहीं खुलती तब तक ताला नहीं खोलेंगे। उधर क्षत्रिय संघर्ष समिति का विधायक आवास पर धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। क्षत्रिय संघर्ष समिति के संयोजक मोहन सिंह राणा चन्नालहेडी ने कहा कि विधायक सुभाष सुधा ने राजपूत समाज के साथ ठीक नहीं किया है। उन्होंने राजपूत समाज से झूठ बोलकर उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। जिसे राजपूत समाज कभी माफ नहीं करेगा।


राजपूत धर्मशाला के गेट पर जड़ हुआ ताला व रोष जलाते क्षत्रिय संघर्ष समिति के सदस्य।

सुभाष सुधा की वादाखिलाफी के खिलाफ अब प्रदेशभर का राजपूत समाज एकत्रित होकर विधायक के खिलाफ आंदोलन शुरू करेगा। संयोजक मोहन सिंह राणा ने कहा कि क्षत्रिय सभा की सदस्यता खुलवाने को लेकर क्षत्रिय संघर्ष समिति के बैनर तले राजपूत समाज के लोग 3 जून से आंदोलन शुरू करते हुए धरने पर बैठ गए थे। 24 दिन बाद 28 जून को विधायक ने मध्यक्षता करते हुए सदस्यता खुलवाने के लिखित में समझौता करवाया था और 1 महीने का समय लिया था। सदस्यता न खुलने की सूरत में क्षत्रिय सभा पर प्रशासक नियुक्त करने का वादा विधायक सुभाष सुधा ने राजपूत समाज के लोगों के साथ किया था। आज 5 महीने बीतने को है लेकिन सुभाष सुधा ने अब अपने हाथ खड़े कर दिए हैं।

विधायक ने न तो क्षत्रिय सभा की सदस्यता खुलवा सके और न ही क्षत्रिय सभा पर प्रशासक नियुक्त करने की कोई सिफारिश की। विधायक अब अपनी बात से मुकर रहे हैं। इस अवसर पर सीपी तंवर, शुगमपाल राणा, संजीव राणा लुखी, विक्रम लुखी, चंद्रपाल राणा बीबीपुर, विक्रम फरल, तेजपाल राणा, सुरेश राणा, डॉ वी.बी.राणा, एम.एस. राणा, राजवीर राणा, अश्वनी राणा, अनिल राणा, सुरेंद्र राणा जलबेहड़ा, सुरजीत राणा जलबेहडा आदि समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जयहिंद ने सांसदों को लिखे पत्र ताकि संसद में गूंजे भर्ती घोटाला

### एचपीएससी भर्ती घोटाले को राष्टीय मुद्दा बनाने के मूढ में है आप

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**एचपीएससी** भर्ती घोटाले को राष्टीय स्तर का मुद्दा बनाने के लिए आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन जयहिंद सांसदों को पत्र लिख रहे हैं ताकि संसद में मामला पुख्ता ढंग से उठाया जा सके।

जयहिंद ने प्रदेश के लोकसभा और राज्यसभा सांसदों को लिखे पत्र में पांच सवालों पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में पिछले सात साल में 32 पेपर लीक हो चुके हैं। हरियाणा लोक सेवा आयोग के कार्यालय में विजिलेंस ने एचसीएस अधिकारी अनिल नागर को रिश्वत के साथ रंगे हाथों पकड़ा है, जिससे साबित होता है घोटाला को सत्ता का भी वरदहस्त प्राप्त है।

जयहिंद के मुताबिक, प्रदेश में 30 लाख बेरोजगार हैं और पांच लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं। भर्ती घोटाला बहुत बड़े वर्ग से जुड़ा मामला है। इसलिए सभी सांसदों को राजनीतिक हितों से ऊपर उठकर संसद में पांच सवाल उठाने चाहिए। पहला सवाल यह है कि अनिल नागर व चेयरमैन की वाट्सएप चौट को सरकार उजागर क्यों नहीं करती। नागर का नार्को टेस्ट क्यों नही करवाया जा रहा है।

दो मंत्रियों के नाम उजागर करने में सरकार आनाकानी क्यों कर रही है। सभी एचपीएससी व एचएसएससी के सदस्यों की संपत्ति की जांच से क्यों बचा जा रहा है और भर्ती मामलों की हाईकोर्ट के जज से जांच क्यों नहीं कराई जा रही है।

# राज्यसभा में 12 सदस्यों का निलंबन वापस लेने की मांग पर अड़ा विपक्ष

## बैठक पूरे दिन के लिए स्थगित

एजेंसी। नई दिल्ली

**राज्यसभा** के 12 सदस्यों का निलंबन वापस लेने की मांग कर रहे विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे की वजह से उच्च सदन की बैठक बुधवार को तीन बार बाधित होने के बाद दोपहर तीन बज कर पांच मिनट पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई।

विपक्षी दलों के सदस्य कांग्रेस की फूलों देवी नेताम, छाया वर्मा, रिपुन बोरा, राजमणि पटेल, सैयद नासिर हुसैन, अखिलेश प्रताप सिंह, तृणमूल कांग्रेस की डोला सेन और शांता छेत्री, शिवसेना की प्रियंका चतुर्वेदी और अनिल देसाई, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के इलामारम करीम तथा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के विनय विस्वम का निलंबन वापस लिए जाने की मांग कर रहे थे। इन 12 सदस्यों को पिछले मॉनसून सत्र के दौरान अशोभनीय आचरण करने की वजह से, वर्तमान सत्र की शेष अवधि के लिए राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया है। सुबह 11 बजे उच्च सदन की बैठक शुरू होने के बाद सभापति एम वेंकैया नायडू ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। इसके बाद उन्होंने जैसे ही शून्यकाल शुरू कराया, विपक्षी सदस्यों ने 12 सांसदों का निलंबन वापस लेने की मांग करते हुए हंगामा शुरू कर दिया और अपने स्थानों से आगे आ गए। इस पर नायडू ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा, मैं इसकी (हंगामे की) अनुमति नहीं दे सकता। सदन में जो कुछ हो रहा है उसे लोगों को दिखाया जाना चाहिए। जिन सदस्यों ने सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाई हैं, उन्हें कोई पश्चाताप नहीं है। उन्होंने कहा, आसन के निकट आना, टेबल पर चढ़ जाना, कागज फाड़कर हवा में उछालना, मंत्रियों के हाथ से पेपर छीन लेना...और आसन को चुनौती देना...वह सब कुछ हो रहा है जो असंसदीय और अनैतिक है। जब आपको पश्चाताप ही नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं।

उन्होंने कुछ सदस्यों द्वारा तख्तियां लेकर सदन में आने और उसे लहराए जाने को अनुचित ठहराते हुए कहा, आप नहीं चाहते कि सदन की कार्यवाही चले... इस पर करोड़ों रुपये खर्च हो रहे हैं और सदन में जो हो रहा है उससे लोग हतोत्साहित हो रहे हैं। उन्होंने हंगामा कर रहे सदस्यों से अपने स्थानों पर लौट जाने को कहा। अपनी बात का असर न होते देख नायडू ने सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे बैठक शुरू होने पर विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने 12 सदस्यों का निलंबन वापस लेने की मांग दोहराई। उपसभापति हरिवंश ने कहा कि वह प्रश्नकाल के अलावा किसी और मुद्दे पर बात करने की अनुमति नहीं दे सकते। इसी बीच विपक्षी सदस्यों ने हंगामा और नारेबाजी शुरु कर दी।



## अनुच्छेद 370 हटने के बाद कश्मीर में आतंकी घटनाओं में आई कमी: सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर से संविधान का अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद के 841 दिनों में आतंकवादी हमलों और ऐसी घटनाओं में मारे जाने वाले आम नागरिकों और सुरक्षा कर्मियों की संख्या में काफी कमी आई है।

गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को बताया कि 16 अप्रैल 2017 से चार अगस्त 2019 तक जम्मू-कश्मीर में कुल 843 आतंकवादी घटनाएं हुईं और उनमें 86 आम नागरिकों एवं 78 सुरक्षाकर्मियों की मौत हुई। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद पांच अगस्त 2019 से 22 नवंबर 2021 तक कुल 841 दिनों में जम्मू कश्मीर में कुल 496 आतंकवादी घटनाएं हुईं और इनमें 79 नागरिकों एवं 45 सुरक्षाकर्मियों की मौत हुई। राय ने बताया कि अगस्त 2014 से अगस्त 2019 के बीच जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों ने 177 आम नागरिकों एवं 178 सैन्य कर्मियों की जान ले ली। उन्होंने कहा कि अगस्त 2019 के बाद से 21 नवंबर 2021 तक आतंकवादियों ने 87 आम नागरिकों एवं 46 सैन्य कर्मियों की जान ले ली।

## मैला ढोने वाले 43,797 लोगों में 42,594 अनुसूचित जातियों से: आठवले

**नई दिल्ली।** सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले ने बुधवार को कहा कि सरकार की ओर से सिर पर मैला ढोने वालों (मैनुअल स्केवेंजर) की धर्म और जाति को लेकर कोई अध्ययन नहीं किया गया है, लेकिन विभिन्न सर्वेक्षणों के तहत किए गए पहचान के मुताबिक देश भर में ऐसे लोगों की कुल संख्या 43,797 है। राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में उन्होंने कहा कि इनमें से 42,594 अनुसूचित जातियों से हैं जबकि 421 अनुसूचित जनजाति से हैं।

उन्होंने कहा, सिर पर मैला ढोने वालों के धर्म और जाति को लेकर सरकार की ओर से कोई विशिष्ट अध्ययन नहीं किया गया है। हालांकि इनकी पहचान करने के लिए मैनुअल स्केवेंजर अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार सर्वेक्षण किए गए हैं। इन सर्वेक्षणों के दौरान मैला ढोने वालों की पहचान की गई है। आठवले ने कहा कि पहचानशुदा मैला ढोने वालों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार 43,797 मैला ढोने वालों की जाति से संबंधित आंकड़े उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा, मैला ढोने वाले 43,797 लोगों में 42,594 अनुसूचित जातियों से हैं, जबकि 421 अनुसूचित जनजाति से हैं। कुल 431 लोग अन्य पिछड़े वर्ग से हैं जबकि 351 अन्य श्रेणियों से हैं।

# लोस में उठी समान नागरिकता संहिता लागू करने की मांग

एजेंसी। नई दिल्ली



**लोकसभा** में बुधवार को भाजपा के एक सदस्य ने समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए कानून लाने की मांग की। शून्यकाल में इस विषय को उठाते हुए भाजपा के निशिकांत दुबे ने कहा कि 1947 में धर्म के आधार पर देश का बंटवारा होने के बाद भी भारत धर्मनिरपेक्ष देश रहा है।

उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की एक व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि हम देश में आजादी के 75 साल बाद भी समान नागरिक संहिता लागू नहीं कर सके हैं और इसमें अदालत को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए संसद में कानून बनाया जाना चाहिए। कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि आज देश में किसान बड़ी परेशानी में हैं और पूरे देश में किसानों का ऋण माफ किया जाना चाहिए। भाजपा के सत्यदेव पचौरी ने उच्चतम न्यायालय में हिंदी भाषा में वाद दाखिल करने की अनुमति दिए जाने की मांग केंद्र सरकार से की। भाजपा के गणेश सिंह ने विशेषाधिकार हनन का विषय उठाते हुए दावा किया कि पिछले दिनों जब वह अपने संसदीय क्षेत्र सतना के एक गांव में एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने गए तो रैगांव विधानसभा सीट पर उपचुनाव में खड़ी कांग्रेस प्रत्याशी ने उन्हें वहां से चले जाने को कहा। सिंह ने कांग्रेस प्रत्याशी पर धमकाने का आरोप लगाया। सिंह ने कहा कि वह एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे और 30 अक्टूबर के उपचुनाव के संदर्भ में किसी तरह का चुनाव प्रचार नहीं कर रहे थे और ना ही उन्होंने आचार संहिता का उल्लंघन किया।

## डाटा संरक्षण विधेयक संबंधी संयुक्त समिति का कार्यकाल छठी बार बढ़ा

**नई दिल्ली।** वैयक्तिक डाटा संरक्षण विधेयक, 2019 का अध्ययन कर रही संसद की संयुक्त समिति का कार्यकाल छठी बार बढ़ाया गया और अब समिति को रिपोर्ट पेश करने के लिए संसद के शीतकालीन सत्र के अंतिम सप्ताह तक का समय दिया गया है। भाजपा सांसद और इस समिति के प्रमुख पीपी चौधरी ने लोकसभा में इस संबंध में प्रस्ताव रखा जिसे सदन ने ध्वनिमत से स्वीकार कर लिया।

प्रस्ताव में कहा गया था कि यह सदन वैयक्तिक डाटा संरक्षण विधेयक, 2019 पर संसद की संयुक्त समिति को रिपोर्ट पेश करने के लिए समय को शीतकालीन सत्र के अंतिम सप्ताह तक बढ़ाता है। विधेयक का अध्ययन करने के लिए दिसंबर, 2019 में संसद की संयुक्त समिति का गठन किया गया था और इसका कार्यकाल छठी बार बढ़ाया गया है। उसे गत बजट सत्र में रिपोर्ट देनी थी, लेकिन तब समिति के लिए रिपोर्ट जमा करने की समय-सीमा संसद के मॉनसून सत्र के पहले सप्ताह तक बढ़ाई गई थी। विधेयक में किसी व्यक्ति के निजी डाटा के सरकार और निजी कंपनियों द्वारा उपयोग के नियमन के प्रावधान हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## भारतीय अमेरिका एनजीओ सहायक प्रौद्योगिकी की डिजिटल प्रदर्शनी शुरू करेगा



**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के एक अमेरिकी व्यक्ति के नेतृत्व वाले एक गैर लाभकारी निकाय ने दिव्यांगों के लिए सहायक प्रौद्योगिकी उत्पादों की एक डिजिटल प्रदर्शनी शुरू करने की घोषणा की है। कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि वॉइस ऑफ एसएपी (वीओएसएपी) की डिजिटल प्रदर्शनी की शुरुआत विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी पांच दिसंबर को करेंगी। वीओएसएपी ने एक मीडिया विज्ञप्ति में बताया कि इस मंच का लक्ष्य निवेशकों, नवोन्मेषकों, आपूर्तिकर्ताओं, गैर सरकारी संगठनों और उपभोक्ताओं को सहायक प्रौद्योगिकी (एटी) समाधानों को अपनाने में तेजी लाने और दिव्यांगों को सम्मानजनक और स्वतंत्र जीवन जीने में सक्षम बनाने के लिए साथ लाना है।

## विवेक जौहरी ने सीबीआईसी के चेयरमैन का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ नौकरशाह विवेक जौहरी ने बुधवार को केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन का पदभार संभाल लिया। 1985 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) के अधिकारी जौहरी सीबीआईसी के सदस्य रहे हैं। उन्होंने एम अजीत कुमार का स्थान लिया है, जिनका कार्यकाल 30 नवंबर को पूरा हो गया। सीबीआईसी ने ट्विटर पर लिखा, 'आईआरएस (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष बोर्ड, 1985) विवेक जौहरी बुधवार (एक दिसंबर, 2021) से केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन के रूप में कार्यभार संभाल रहे हैं।'

## टाटा मोटर्स की नवंबर में कुल बिक्री 25 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स की नवंबर में कुल बिक्री पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 25 प्रतिशत बढ़कर 62,192 इकाई रही। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने नवंबर, 2020 में 49,650 वाहन बेचे थे। टाटा मोटर्स ने 21 प्रतिशत की वृद्धि के साथ घरेलू बाजार में 58,073 वाहन बेचे, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 47,859 इकाई था। कंपनी ने कहा कि घरेलू बाजार में उसकी यात्री वाहनों की बिक्री नवंबर में 29,778 इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 21,641 इकाई थी। वहीं घरेलू बाजार में वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 32,245 इकाई रही, जो नवंबर, 2020 के 27,982 इकाइयों से 15 प्रतिशत अधिक है।

## पाकिस्तान को 2022 के लिए जी-77 का अध्यक्ष चुना गया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान को 2022 के लिए जी-77 का नया अध्यक्ष चुना गया है। इसकी बैठक के लिए इस्लामाबाद ने विकास के एजेंडे पर ध्यान रखने का वादा किया है, जिसमें ऋण की पुनर्संरचना, जलवायु के लिए वित्तीय योगदान और अवैध वित्तीय संचरण को खत्म करना शामिल है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने यहां बयान जारी कर बताया कि समूह 77 और चीन की 45वीं मंत्रिस्तरीय बैठक मंगलवार को डिजिटल तरीके से हुई। विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने बैठक को संबोधित करते हुए पाकिस्तान पर विश्वास जताने के लिए जी-77 के 134 सदस्यों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया तीन संकटों कोविड-19 महामारी और इसके दुष्प्रभाव, सतत विकास के लिए संयुक्त राष्ट्र के एजेंडा 2030 को लागू करने की चुनौती और जलवायु आपदा के खतरे का सामना कर रही है। कुरैशी ने कहा कि विकासशील देशों को संयुक्त राष्ट्र सतत लक्ष्य को 2030 तक हासिल करने के लिए साझा विकास एजेंडा को बढ़ावा देना चाहिए। जी-77 का गठन 1964 में हुआ था जो संयुक्त राष्ट्र में विकासशील देशों का सबसे बड़ा अंतर सरकारी समूह है।

## सऊदी अरब में ओमिक्रॉन का पहला मामला आया सामने

**दुबई।** सऊदी अरब ने बुधवार को कहा कि देश में कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमिक्रॉन का पहला मामला सामने आया है। सऊदी अरब की सरकारी सऊदी प्रेस एजेंसी ने कहा कि एक नागरिक संक्रमित मिला है, जो एक उत्तरी अफ्रीकी देश से आया था। खबर में कहा गया है कि संक्रमित व्यक्ति और उसके करीबी लोगों को पृथक कर दिया गया है। ओमिक्रॉन का यह मामला इस नए स्वरूप का खाड़ी अरब देशों में सामने आया पहला ज्ञात मामला प्रतीत हो रहा है। कोरोना वायरस के नए स्वरूप के बारे में बहुत कुछ अज्ञात है। अभी तक 20 से अधिक देशों में इसके मामले सामने आए हैं।

## पुलवामा में मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद के दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में बुधवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) का आतंकवादी कमांडर यासिर पें और एक विदेशी आतंकवादी मारा गया। मुठभेड़ दक्षिण कश्मीर में स्थित पुलवामा जिले के कसबयार इलाके में हुई। उन्होंने बताया, मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) कश्मीर, विजय कुमार ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों में से एक पें जेईएम का कमांडर और आईईडी का जानकार था। आईजीपी ने ट्वीट किया, प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का कमांडर और आईईडी का जानकार यासिर पें तथा विदेशी आतंकवादी फुरकान को मार गिराया गया। दोनों कई आतंकवादी मामलों में शामिल थे। एक बड़ी सफलता।

## गुरदासपुर जिले से एक किलोग्राम आरडीएक्स बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब के गुरदासपुर जिले में एक व्यक्ति के पास से एक किलोग्राम आरडीएक्स विस्फोटक बरामद किया गया है। यह जानकारी पुलिस ने बुधवार को दी। पुलिस ने बताया कि ओरापी की पहचान अमृतसर निवासी सुखविंदर के तौर पर हुई है। पुलिस ने बताया कि उसे रविवार गुरदासपुर जिले के दीनानगर से गिरफ्तार किया गया था और उसके पास से एक पिस्तौल भी बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान उसने विस्फोटक के बारे में बताया और फिर एक किलोग्राम आरडीएक्स बरामद किया गया। गुरदासपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नानक सिंह ने बताया कि सुखविंदर (29) अमृतसर जिले के लोपोके थानाक्षेत्र के कक्कड़ गांव का निवासी है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है।

# लोस में सहायता प्राप्त जननीय प्रौद्योगिकी विनियमन विधेयक पेश

**नई दिल्ली।** लोकसभा में बुधवार को सहायता प्राप्त जननीय प्रौद्योगिकी (विनियमन) विधेयक, 2021 पेश किया गया, जिसमें अंतर गर्भाशई गर्भाधान से जुड़े विषयों पर दिशानिर्देशों एवं व्यवस्था का मानकीकरण करने तथा महिलाओं एवं बच्चों को शोषण से संरक्षण प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। लोकसभा में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने विधेयक पेश किया।



मांडविया ने कहा कि यह विधेयक पहले सितंबर 2020 में सदन में आया था और इसे स्थाई समिति को भेज दिया गया था। इस पर संसदीय स्थाई समिति की रिपोर्ट आई और इसमें से सुझावों को लेकर अब यह विधेयक लाया गया है। उन्होंने कहा कि देश में काफी क्लीनिक ऐसे चल रहे हैं, जो कृत्रिम गर्भाधान (आईवीएफ) सहित सहायक प्रजनन तकनीक का उपयोग कर रहे हैं और यह विधेयक इनका नियमन करने के लिए लाया गया है। मंत्री ने कहा कि ऐसी तकनीक में इंजेक्शन देना पड़ता है जिससे महिलाओं के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा भ्रूण हस्तांतरण और भ्रूण बैंकिंग के लिए भी व्यवस्था बनाने की जरूरत थी, ऐसे में यह विधेयक लाया गया है। विधेयक के प्रस्ताव में कहा गया है कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान सहायक प्रजनन तकनीक (एआरटी) का चलन काफी तेजी से बढ़ा है। वैसे तो कृत्रिम गर्भाधान (आईवीएफ) सहित सहायक प्रजनन तकनीक ने बांझपन के शिकार तमाम लोगों में नई उम्मीदें जगा दी हैं, लेकिन इससे जुड़े कई कानूनी, नैतिक और सामाजिक मुद्दे भी सामने आए हैं। इसमें कहा गया है कि इस वैश्विक प्रजनन उद्योग के प्रमुख केंद्रों में अब भारत भी शामिल हो गया है। भारत में इससे संबंधित क्लीनिक अब जननकोश दान करना, अंतर गर्भाशई गर्भाधान (आईयूआई), आईवीएफ, आईसीएसआई, पीजीडी और गर्भकालीन सरोगेसी जैसी लगभग सभी तरह की एआरटी सेवाएं मुहैया करा रहे हैं।

# देश में समस्य रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण 2022 तक करने का लक्ष्य: रेलमंत्री



**नई दिल्ली।** रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि सरकार पूरे देश में रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण करने के लिए प्रतिबद्ध है और दिसंबर 2022 तक रेलमार्ग के विद्युतीकरण की समस्त परियोजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

वैष्णव ने लोकसभा में कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी के पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि देश में इस समय ब्रॉड गेज के 64,689 किलोमीटर रेल मार्ग में से 46,776 किलोमीटर रेल मार्ग का विद्युतीकरण कर दिया गया है जो संपूर्ण रेल मार्ग का 72 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण रेल मार्ग को 2020 तक विद्युतीकृत करने का लक्ष्य है। रेलमंत्री ने कहा, हम पूरे रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने जगदंबिका पाल के पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि देश में विद्युतीकरण की परियोजनाएं बहुत तेजी से चल रही हैं। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य है कि दिसंबर 2022 तक समस्त परियोजनाओं को पूरा कर लिया जाए। वैष्णव ने देबाश्री चौधरी के पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि रेल मार्गों के विद्युतीकरण का कार्य गुवाहाटी तक किया गया है और यह सरकार तथा पूर्वोत्तर के लोगों का सपना है जिसे पूरा किया जा रहा है।

# भाजपा के शासन में यूपी के लोग डर के साए में हैं: भूपेश बघेल

अश्विनी श्रीवास्तव। नई दिल्ली

**छत्तीसगढ़** के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को आरोप लगाया कि भाजपा के शासन में उत्तर प्रदेश के लोग डर के साए में जी रहे हैं क्योंकि यह तानाशाहों की पार्टी है जहां असहमति की आवाज दबा दी जाती है। उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए बघेल ने दावा किया कि भाजपा ने कोई भी चुनावी वादा पूरा नहीं किया है, इसके बजाय वह मजहबी टिप्पणियों के माध्यम से लोगों का ध्यान बंटाने की कोशिश कर रही है। बघेल ने एजेंसी के साथ एक साक्षात्कार में कहा कांग्रेस एकमात्र पार्टी है जो उत्तर प्रदेश में भाजपा शासन के खिलाफ लड़ रही है। ऐसा लग रहा है कि दो अन्य विपक्षी दल...समाजवादी पार्टी और बहुजन समाजवादी पार्टी ने भाजपा के पक्ष में समझौता कर लिया है। बघेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के नतीजे पिछले चुनावों से बिल्कुल अलग होंगे और कई चुनावी विश्लेषकों को हैरत में डाल सकते हैं। उन्होंने कहा यह तथ्य है कि उत्तर प्रदेश में लोग भाजपा के शासन में डर के साए में जी रहे हैं। अगर एक पंक्ति में मैं अपने विचार व्यक्त करूं तो उत्तर प्रदेश में तानाशाहों की पार्टी शासन कर रही है जहां असहमति व्यक्त करने वालों को दंडित किया जाता है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने कहा कि तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने का केंद्र सरकार का फैसला एक राजनीतिक कदम है ।

## 'राजस्थान सरकार का लक्ष्य 2030 तक राज्य को एड्स मुक्त बनाना'

**जयपुर।** राजस्थान के चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने बुधवार को कहा कि समाज में जन जागरूकता लाकर ही एचआईवी-एड्स बीमारी के खिलाफ जंग को सशक्त किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि सावधानी और सतर्कता के जरिए ही हम अपनी पीढ़ियों को सुरक्षित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा प्रशासन शहरों-गांवों के संग अभियान में मरीजों की जांच कर निशुल्क दवाएं दी जा रही हैं। सरकार का लक्ष्य 2030 तक प्रदेश को एड्स मुक्त बनाना है। मीणा, विश्व एड्स दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एड्स पीड़ित नियमित दवाओं के सेवन से सामान्य जीवन यापन कर सकते हैं।

# जिनके पास परिवार नहीं है, वे जनता का दर्द नहीं समझ सकते: अखिलेश

एजेंसी। बांदा (यूपी)

**परिवारवाद** के आरोप को लेकर अक्सर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के निशाने पर रहने वाले समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को पलटवार करते हुए कहा कि जिनके पास परिवार नहीं है, वे जनता का दर्द नहीं समझ सकते। अखिलेश ने बांदा में एक जनसभा में किसानों की आत्महत्या की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इन किसानों के परिवार की सिर्फ सपा ने ही मदद की है। उन्होंने किसी का नाम लिए बगैर कहा, हम सब परिवार वाले लोग हैं, इसलिए जानते हैं कि अगर किसी मजदूर या किसान की जान चली गई



तो उसके परिवार का क्या हाल होगा? अगर किसी परिवार के सामने संकट आया, तो हम खड़े हुए। परिवार वाले ही परिवार वालों का दुख दर्द समझ सकते हैं। जिनके पास परिवार नहीं है, वे आपकी परवाह नहीं करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि बांदा में शराब के नशे में एक गरीब को मार दिया गया, लेकिन राज्य सरकार ने पीड़ित के परिवार की कोई मदद नहीं की। सिर्फ समाजवादी पार्टी के लोगों ने ही उनकी सहायता की। अखिलेश ने राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि दमदार सरकार चलाने का दावा करने वाले लोग झूठ बहुत दमदार बोलते हैं। भाजपा ने शिक्षामित्रों से नौकरी का वादा किया था, लेकिन अपने साढ़े चार साल के कार्यकाल में इस पार्टी ने नौजवानों के नौकरी के सपने को ही खत्म कर दिया। उन्होंने कहा, अब सुनने में आया है कि मुख्यमंत्री नौजवानों को स्मार्टफोन और टैबलेट देंगे। जो लैपटॉप नहीं चला सकता, वह आपको लैपटॉप नहीं दे सकता। क्या मुख्यमंत्री योगी लैपटॉप चला सकते हैं? अब तो सुनने में आया है ।

# ओमिक्रॉन के खिलाफ कोविड टीके की बूस्टर खुराक कारगर: विषाणु विज्ञानी

उज्मी अतहर। नई दिल्ली

**कोविड-19** टीकों की बूस्टर खुराक कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमिक्रॉन के खिलाफ कारगर है। प्रसिद्ध विषाणु विज्ञानी डॉ. टी जैकब जॉन ने यह कहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कोरोना वायरस के इस नए स्वरूप से महामारी की तीसरी लहर आने की संभावना नहीं है, लेकिन नए स्वरूप से ब्रेकथ्रू संक्रमण फैल सकता है। कोरोना वायरस का टीका लगवाने के बावजूद अगर व्यक्ति इससे संक्रमित होता है तो इसे ब्रेकथ्रू संक्रमण कहा जाता है।

दक्षिण अफ्रीका में कोविड-19 के एक नए स्वरूप का पता चला है, जिसमें काफी तेजी से उत्परिवर्तन होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने 26 नवंबर को पता चले बी.1.1.529 को वायरस का चिंता पैदा करने वाला स्वरूप बताया है और इसे ओमिक्रॉन नाम दिया है। इस स्वरूप का सबसे पहले दक्षिण अफ्रीका में पता चला है। ओमिक्रॉन के बारे में एजेंसी को दिए



साक्षात्कार में विषाणु विज्ञानी और भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के विषाणु विज्ञान में उन्नत शोध केंद्र के पूर्व महानिदेशक जॉन ने कहा कि हमें खराब दौर के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा, केवल 30 फीसदी आबादी का पूर्ण टीकाकरण हुआ है, इसलिए कप एक-तिहाई भरा हुआ है।

जॉन ने कहा कि भारत की आबादी महामारी के पहले चरण (आठ महीने तक चले और आबादी के करीब 30 फीसदी को संक्रमित करने वाले) और दूसरे खतरनाक चरण (जिसने 12 हफ्ते में करीब 75 से 80 फीसदी शेष आबादी को संक्रमित किया) से पूरी तरह प्रतिरक्षित है। उन्होंने कहा, इस तरह से अगर नया स्वरूप व्यापक रूप से फैलता है तो यह अस्वीकार्य है। लोगों को जितना डर है यह उतना खराब नहीं हो सकता है। इससे तीसरी लहर आने की संभावना नहीं है। फिर भी उचित कदम यह है कि इसे आने से रोका जाए और आबादी प्रतिरक्षण को मजबूत बनाया जाए। इसके दो मतलब हैं जिन लोगों का टीकाकरण नहीं हुआ है उनका टीकाकरण किया जाए और जिन लोगों को दो खुराक लग चुकी है उन्हें बूस्टर खुराक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि नए स्वरूप के खिलाफ बूस्टर खुराक आसान प्रतिरोधक है जिसे हमें तुरंत बनाना चाहिए।

जॉन ने कहा, साथ ही पहली खुराक ले चुके लोगों को दूसरी खुराक और बच्चों सहित सभी लोगों को पहली खुराक दी जानी चाहिए। गर्भवर्ती महिलाओं को पहले गर्भधारण के समय जल्द से जल्द दो खुराक और अगले गर्भधारण के समय बूस्टर खुराक दी जानी चाहिए। ओमिक्रॉन में उत्परिवर्तन के बारे में जॉन ने कहा कि अभी तक उसके 34 उत्परिवर्तन देखे गए हैं जो अल्फा, बीटा, गामा और डेल्टा तथा अन्य चिंताजनक स्वरूपों से अधिक हैं।

## एफडीए पैनल ने मर्क कंपनी की कोविड दवा का किया समर्थन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में स्वास्थ्य सलाहकारों के एक पैनल ने मर्क कंपनी द्वारा निर्मित कोविड-19 की एक दवा के लाभों का हल्के बहुमत से समर्थन किया है। इसके साथ ही संक्रमण का इलाज घर पर करने के लिए पहली दवा के आधिकारिक तौर पर मंजूरी मिलने की संभावनाएं बढ़ गईं हैं। अमेरिका के खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) के पैनल ने 10 के मुकाबले 13 मतों के बहुमत से इस दवा का समर्थन किया और गर्भवस्था में इस दवा के लेने पर बच्चे में जन्म के साथ विकृति आने की आंशका सहित प्रतिकूल प्रभाव पर इसका लाभ भारी पड़ा। दवा के लाभों और सुरक्षा संबंधी चिंताओं को लेकर चली घंटों बहस के बाद पैनल ने यह मंजूरी दी है। इलाज में इस दवा को शामिल किए जाने के समर्थन में अपनी बात रखने वाले विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि इस दवा का इस्तेमाल गर्भवती महिलाओं द्वारा न किया जाए और एफडीए इस दवा को किसी मरीज को दिए जाने से पहले अतिरिक्त एहतियात की सिफारिशें करे और खास तौर पर उन महिलाओं की गर्भावस्था की जांच की जाए, जो बच्चा पैदा करनेवाली उम्र में हों। दरअसल, एफडीए पैनल की सिफारिशों को मानने के लिए बाध्य नहीं है और ऐसी संभावना है कि इस संबंध में साल के अंत तक में वह अपना निर्णय लेगा।

# भारत में मई 2020 के बाद नवंबर में कोविड के सबसे कम मामले आए

**नई दिल्ली।** भारत में कोविड-19 महामारी के प्रकोप के बीच मई 2020 के बाद पिछले महीने संक्रमण के सबसे कम मामले आए, जबकि 547 दिनों के बाद उपचाराधीन मरीजों की संख्या एक लाख से नीचे आ गई है। नवंबर में देश में 3.1 लाख लोगों के इस वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई।

आंकड़ों के मुताबिक नवंबर लगातार छठा महीना रहा जब नए संक्रमण के मामलों में कमी आई। आंकड़ों के मुताबिक इस साल छह मई को एक दिन में संक्रमण के सबसे अधिक 4,14,188 मामले दर्ज किए गए थे। आंकड़ों के मुताबिक लगातार 54वां दिन है जब 20 हजार से कम दैनिक मामले आए हैं जबकि 156 दिनों में पहली बार 24 घंटे में 50 हजार से कम मामले आए हैं। गौरतलब है कि भारत में 30 जनवरी 2020 को पहला मामला केरल में सामने आया था। भारत में सात अगस्त 2020 को कोविड-19 के कुल मामलों की संख्या 20 लाख तक पहुंची थी, जबकि कुल संक्रमितों की संख्या 23 अगस्त 2020 को 30 लाख, पांच सितंबर 2030 को 40 लाख, 16 सितंबर 2020 को 50 लाख के पार हुई थी। देश में 28 सितंबर 2020 को मामलों की संख्या 60 के लाख के पार हुई थी, जबकि 11 अक्टूबर 2020, 29 अक्टूबर 2020, 20 नवंबर 2020, 19 दिसंबर 2020 को कुल संक्रमितों की संख्या क्रमशः 70 लाख, 80 लाख, 90 लाख और एक करोड़ तक पहुंच चुकी थी।

# दलित प्रेरणा स्थल : विजिलेंस ने 23 फाइलों को किया जब्त

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



शहर के सेक्टर-95 में बने अंतरराष्ट्रीय दलित पार्क की विजिलेंस जांच करीब 10 साल पहले तेज हो गई थी। मंगलवार को नोएडा प्राधिकरण के अफसर लखनऊ में जांच टीम के सामने 23 फाइलों के साथ पेश हुए। विजिलेंस ने सभी फाइलें अपने पास रख ली है। सोमवार को विजिलेंस लखनऊ के एक इंस्पेक्टर ने नोएडा प्राधिकरण आकर जांच की।

टीम के सदस्य दलित प्रेरणा स्थल पर भी गए। जिस समय दलित प्रेरणा स्थल का निर्माण किया गया था, उस समय प्राधिकरण में वर्क सर्किल नहीं हुआ करता था। इसका निर्माण सिविल निर्माण खंड-2 के अंतर्गत और इसके अलावा अनुरक्षण खंड-5 के अंतर्गत किया गया। विजिलेंस ने वर्ष 2009 से 2012 तक के कार्यकाल में रहे सीईओ, एसीईओ, ओएसडी से लेकर अन्य अधिकारी और कर्मचारियों के लिस्ट पदनाम सहित मांगी है। मंगलवार को नोएडा प्राधिकरण के एक ओएसडी और वरिष्ठ प्रबंधक फाइलों के साथ लखनऊ में बैठक में शामिल हुए। विजिलेंस के अधिकारियों ने कई सवाल-जवाब प्राधिकरण के अधिकारियों से किए। अभी सभी 23 फाइलों को विजिलेंस ने अपने पास रख बाद में देने को कहा है। ऐसा पहली बार हुआ है कि इस प्रकरण में जांच टीम नोएडा आई और रिकॉर्ड मांगा गया।

### सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम ने दलित प्रेरणा स्थल का निर्माण किया था। सपा सरकार में नोएडा में बने दलित प्रेरणा स्थल ऑडिट शासन ने कराया था। ऑडिट रिपोर्ट में खुलासा हुआ था कि सेक्टर-95 में बने दलित प्रेरणा स्थल को बनाने के लिए सिर्फ 84 करोड़ रुपए का एमओयू हुआ था। लेकिन इसके बनाने में हजार करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए गए थे।

इन स्मारकों में लगे पत्थरों की कीमत, उनकी ढुलाई समेत कई मामलों में बड़े स्तर पर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। प्रोजेक्ट के निर्माण पर एक हजार करोड़ रुपए, किसके आदेश पर खर्च किए गए प्राधिकरण में इसके कोई भी दस्तावेज या रिकॉर्ड मौजूद नहीं है। उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम ने प्राधिकरण अधिकारी एमओयू की तय सीमा से बाहर जाकर इसके निर्माण के लिए पैसे देते रहे।

### जेवर एयरपोर्ट बोर्ड बैठक

# यमुना प्राधिकरण ने शासन को सौंपा प्रोजेक्ट का पूरा खाका

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा इंटरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट जेवर के विकासकर्ता ज्यूरिख एयरपोर्ट की एसपीवी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने परियोजना का डेवलेपमेंट प्लान प्रस्तुत कर दिया है। इस प्लान का परीक्षण चल रहा है। परीक्षण के पश्चात प्लान को अनुमोदित किया जाएगा। एयरपोर्ट के निर्माण के लिए 1095 दिन तय किए गए हैं, जिसके मुताबिक यह एयरपोर्ट 29 सितंबर 2024 तक बन जाएगा।

मुख्य सचिव राजेंद्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में नायल की 12वीं बोर्ड बैठक हुई। इसमें जेवर एयरपोर्ट की स्टेट्स रिपोर्ट के साथ ही अब तक हुई प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया गया। नोएडा एयरपोर्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुणवीर सिंह ने बोर्ड के समक्ष एजेंडा रखा। इसमें उन्होंने बताया कि विकासकर्ता ज्यूरिख एयरपोर्ट की एसपीवी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने परियोजना के लिए डेवलपमेंट प्लान प्रस्तुत किया है, जिसका परीक्षण किया जा रहा है।

बैठक में यह भी बताया गया कि एयरपोर्ट के निर्माण के लिए नागर विमानन मंत्रालय द्वारा साइट क्लीयरेंस तथा गृह मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र पूर्व में ही दिया जा चुका है। पर्यावरण क्लीयरेंस भी पहले ही हो चुका है। वन क्लीयरेंस, सुरक्षा क्लीयरेंस, वित्तीय सहमति और डीजीसी, द्वारा भी एयरपोर्ट निर्माण के लिए सहमति दी जा चुकी है। बैठक में अपर मुख्य सचिव नागरिक उडड्यन एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव औद्योगिक विकास अरविन्द कुमार, सीईओ ग्रेटर नोएडा, सीईओ नोएडा ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से शिरकत की।

# एनसीआर में झपटमारी करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने दबोचा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**दिल्ली** एनसीआर क्षेत्र में हाई स्पीड मोटरसाइकिल से चोरी व लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन शातिर लुटेरों को इंदिरापुरम पुलिस ने गिरफ्तार करने का दावा किया है। इनकी निशानदेही पर एक मोटरसाइकिल, छह सोने की चेन और लगभग 6000 नकद बरामद हुआ है।

खास बात यह है कि चोरी का सामान खरीदने वाले सुनार को भी गिरफ्तार किया गया है। नगर पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल ने आज यहां बताया कि वसुंधरा स्थित गार्डेनिया चौराहे के पास इन तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके नाम संदीप ,जाकिर और दिनेश वर्मा हैं। दिनेश वर्मा सुनार है और वह अमरोहा जनपद के थाना हसनपुर क्षेत्र स्थित मोहल्ला कोर्ट पूर्वी रहरा रोड का निवासी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी संदीप शातिर किस्म का लुटेरा है और यह गैंग मुख्य रूप से चैन स्नैचिंग मोबाइल लूटपाट की वारदातों को मोटरसाइकिल बदल-बदल कर अंजाम देते हैं। आरोपियों को एनसीआर क्षेत्र की अच्छी जानकारी है।

इस कारण ये लोग गैंग बनाकर एनसीआर क्षेत्र में मोबाइल और चेन झपटमारी की घटनाओं को अंजाम देते हैं।

आरोपियों के खिलाफ तीन दर्जन अपराधिक मामले लोनी ,साहिबाबाद और दिल्ली में दर्ज है ।तीनों का चालान कर आज कोर्ट में पेश किया गया, जहां उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# 18 डेयरी मालिकों पर कराई एफआईआर

## नगर निगम ने चलाया आवासीय कॉलोनियों से डेयरी हटाओ अभियान

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग टीम ने कविनगर जोन चिरंजीव विहार में आवासीय कॉलोनी मे डेरी हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान अवैध रूप से डेरी चलाने वाले 18 लोगो के खिलाफ विभाग ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश ने बताया कि चिरंजीव विहार कविनगर जोन में आवासीय कॉलोनी में लगभग 14 डेरिया संचालित थी। जिनको पूर्व में नोटिस जारी किया गया था किंतु मौके पर आज अभियान चलाया गया जहां पर 18 डेरिया संचालित पाई गई। इसी क्रम में संवेदनशीलता गंभीरता के दृष्टिगत उक्त डेरी स्वामियों को 24 घंटे का टाइम दिया गया है तथा 24 घंटे के अंदर डेयरी हटने पर कानूनी कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया।

चिरंजीव विहार सेक्टर 2,3 तथा 10 की आवासीय कॉलोनी क्षेत्रीय निवासी इस प्रकार की कार्यवाही से काफी संतुष्ट दिखाई दिए तथा आसपास फैली गंदगी के बारे में उनके द्वारा कई बार शिकायत संविदा अधिकारी से की गई थी। मौके पर स्वास्थ्य विभाग टीम के साथ चौकी प्रभारी अवंतिका थाना कवि नगर अवर अभियंता पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड मुख्य सफाई एवं खाद निरीक्षक सिस हिंडन क्षेत्र एवं क्षेत्रीय सफाई एवं खाद निरीक्षक कवि नगर जोन उपस्थित रहे। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा इस प्रकार की कार्यवाही और अधिक प्रबलता से की जा रही है जिस के क्रम में शहर में कहीं भी आवासीय कालोनियों में डेरियों का संचालन पर रोक लगाई जाएगी तथा संबंधित अधिकारी द्वारा कार्यवाही करते हुए आवासीय कालोनियों से डेरिया को हटाया जा रहा है ताकि वहां रहने वाले आसपास के लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का अनुभव ना हो और शहर को स्वच्छता स्वच्छता मे बढ़ावा मिले।



कार्रवाई के दौरान मौजूद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी।

# चौकी इंचार्ज को गोली मारने वाला दूसरा बदमाश मुठभेड़ में घायल

**नोएडा।** बिलासपुर चौकी इंचार्ज अंकुर चौधरी को गोली मारने वाला दूसरे बदमाश सिकंदर पुलिस मुठभेड में घायल हुआ है। बदमाश सिकंदर और उसके साथी विपिन नागर ने बीते शुक्रवार को बिलासपुर चौकी इंचार्ज अंकुर चौधरी पर जानलेवा हमला करते हुए गोली मारी थी। इस मामले में मंगलवार की देर शाम को पुलिस और सिकंदर के बीच मुठभेड हुई है। जिसमें सिकंदर को गोली लगी।

बता दें कि बीते शुक्रवार को दो युवक ग्रेटर नोएडा के बिलासपुर कस्बे में केनरा बैंक के सामने रेहडी पर गोल गप्पे खा रहे थे। तभी एसआई अंकुर चौधरी वहां पहुंच गए। उन्होंने देखा कि गोल गप्पे खा रहे युवकों में से एक ने पिस्टल ले रखी है। अंकुर चौधरी को यह अजीब लगा और वह पूछताछ करने पहुंच गए। जैसे ही अंकुर दोनों युवकों के पास पहुंचे और पिस्टल के बारे में पूछा उसने पिस्टल निकालकर सीधे तान दी।

# यातायात माह में 82 हजार वाहनों के काटे चालान

## जागरूकता अभियान चलाने के बावजूद लोगों ने किया ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन, टूटा पूरे साल का रिकॉर्ड

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्धनगर में यातायात जागरूकता महीने में यातायात नियमों के उल्लंघन के मामले बाकी महीनों की तुलना में ज्यादा सामने आए हैं। वह भी तब जब यातायात पुलिस कई एनजीओ के साथ मिलकर इस महीने जागरूकता अभियान चला रही है। एक नवंबर से 30 नवंबर तक चले यातायात माह में पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 82 हजार से अधिक चालान काटे, जो बाकी महीनों में काटे जाने वाले चालानों की तुलना में अधिक है।

नवंबर का महीना यातायात माह के रूप में जाना गया है। उसके बावजूद भी नवंबर के महीने में सबसे ज्यादा वाहनों के चालान काटे गए हैं। नवंबर के महीने में 632 वाहन बिना प्रदूषण, 20,912 वाहन हेलमेट और सीट बेल्ट, 12,880 नो पार्किंग और नो एंट्री, 2698 वाहन लाल बत्ती जंप और 2721 वाहन अन्य, 2375 वाहन बिना डीएल और बिना बीमा और 7710 विपरीत दिशा में चलने पर चालान काटे गए हैं।

अभी तक के रिकॉर्ड के मुताबिक सबसे ज्यादा नवंबर के महीने में लोगों ने यातायात के नियमों का उल्लंघन किया है। इससे पहले जनवरी के महीने में 52 हजार, मार्च के महीने में 56 हजार, अप्रैल के महीने में 57 हजार और सितंबर के महीने में 52 हजार वाहनों के चालान काटे गए हैं। यातायात पुलिस ने जागरूकता अभियान के तहत 21 स्कूलों और कॉलेजों में 5,980 छात्र छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। वैसे जिले में 12,640 लोगों को जागरूक किया गया। डीसीपी ने कहा कि आने वाले महीनों में जागरूकता अभियान को बड़े स्तरों पर किया जायेगा और उल्लंघन करने वालों पर सख्ती बरती जाएगी।



फाइल फोटो

# नौकरी से निकालने पर निजी कंपनी के खिलाफ कर्मचारियों का प्रदर्शन

सेक्टर-63 स्थित शाओलिन कंपनी पर लगभग 150 से 200 कर्मचारियों को नौकरी से निकलने का मामला सामने आया है। कर्मचारियों का कहना है कि पहले 10 दिन का ब्रेक दिया गया उसके बाद अपने खास वर्कर्स को भर्ती कर करीब 150 से 200 युवाओं को नौकरी से निकाल दिया गया। जिस वजह से निकाले गए कर्मचारियों ने कंपनी के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि इन लोगों को शाओलिन कंपनी ने 19 तारीख से 10 दिन का ब्रेक दिया था। जिसके बाद आज जब यह लोग काम करने के लिए कंपनी पहुंचे तो इनको बोल दिया गया कि अब इतना कंपनी में काम नहीं है तो आप लोगों को कंपनी से निकाला जाता है। कर्मचारियों ने बताया कि एक साल पहले एक ठेकेदार ने इन सभी कर्मचारियों के पीएफ का पैसा नहीं दिया था और जब इन्होंने कंपनी से जवाब मांगा तो कंपनी ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि ठेकेदार भाग चुका है। लेकिन अब उसी ठेकेदार को कंपनी में रखा गया। अब जब वर्कर्स ने अपनी उस पीएफ के पैसे को मांगना चाहा तो सांठगांठ कर कंपनी ने पहले 10 दिन का ब्रेक दिया और फिर लगभग 150 से 200 कर्मचारियों को नौकरी से बाहर कर दिया गया।

# अपने बलबूते चुनाव लड़ेगी कांग्रेस : लल्लू

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने प्रियंका की रैली को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने आज यहां कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस किसी राजनीतिक दल से गठबंधन नहीं करेगी, बल्कि अपने बलबूते पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस का गठबंधन किसानों, नौजवानों और महिलाओं के साथ है।

लल्लू गुरुवार को मुरादाबाद में होने जा रही कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी की प्रतिज्ञा रैली की तैयारियों का जायजा लेने मुरादाबाद जा रहे थे। बुधवार को अजय कुमार लल्लू जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पहुंचे। रैली की तैयारी को लेकर जिला व महानगर के कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक भी की। इस मौके पर प्रेस से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव ने प्रदेश की जनता के समक्ष प्रतिज्ञाएं ली हैं। इनमें किसानों का कर्ज माफ, बिजली का बिल हाफ, युवतियों और छात्राओं के लिए मोबाइल फोन और स्कूटी, युवाओं के लिए बीस लाख नौकरियां, आंगनबाड़ी और आशा वर्कर्स के लिए दस हजार रुपये देना, विधानसभा चुनाव में महिलाओं को चालीस प्रतिशत टिकट देने जैसी अनेक प्रतिज्ञाएं शामिल हैं।



उन्होंने कहा कि यह साबित हो चुका है कि उत्तर प्रदेश में आज कांग्रेस ही सबसे बड़ा विपक्षी दल है। कोरोना काल में जहां अन्य दलों के लोग घरों में छिपे बैठे रहे वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस घर-घर पहुंची, लगातार लोगों की मदद की, तीन काले कृषि कानूनों के खिलाफ कांग्रेस ने सड़कों पर उतरकर संघर्ष किया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने सड़क से लेकर संसद तक तीन काले कृषि कानूनों के खिलाफ आवाज उठाई। महंगाई और प्रदेश की कानून व्यवस्था के मुद्दे को लेकर कांग्रेसी ही सड़कों पर संघर्ष करते दिखे । इस दौरान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बिजेंद्र यादव, महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी, पूर्व मंत्री सतीश शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# डॉ.सुमन अग्रवाल विश्व हिन्दी गौरव सम्मान से सम्मानित

**हापुड़।** हिंदी कल्चरल सेंटर टोक्यो जापान द्वारा हिंदी पर एक कार्यक्रम में हापुड की प्रधानाध्यापिका डॉ.सुमन अग्रवाल को हिंदी साहित्य में अमूल्य सेवाओं व विशेष योगदान देने के लिए विश्व हिन्दी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। मिली जानकारी के अनुसार गाजियाबाद स्थित गांधी नगर आर्य समाज में हिंदी सेंटर टोक्यो द्वारा हिंदी के विकास एवं समृद्धि पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुरेन्द्र शर्मा, सिमरन सिंह, कल्याण सिंह, पारुल सिंह, डॉक्टर सुमन अग्रवाल, चेतन आनंद, कामना मिश्रा, श्वेतासिंह ने कहा कि हिंदी विश्व की सर्वाधिक समृद्ध भाषा है। कार्यक्रम संयोजक विनोद पांडे ने बताया कि सभी ने किसी न किसी प्रकार से हिंदी की सेवा की है।

# संक्षिप्त समाचार



दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरित करते अधिकारी।

### 62 दिव्यांग बच्चों को बांटे उपकरण

**हापुड़।** समग्र शिक्षा अभियान(समेकित शिक्षा) के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र सिंभावली पर एलिम्को कानपुर के सहयोग से सहायक उपकरण उपस्कर वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 62 दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरित किए गए जिसमें सात ट्राई साइकिल, 18 व्हीलचेयर 10 रोलेटर 10 एम आर किट, चार ब्रेल किट, 40 कान की मशीन, 35 कैलीपर्स, 22 बैसाखी, कुल 111 उपकरण वितरित किए गए। शिविर में कानपुर एलिम्को से ऑडियोलॉजिस्ट प्राणेश मिश्रा, पीएनडी आनंद सिंह, पीएनडी टेक्नीशियन सतीश एवं विधायक कमल सिंह मलिक, खंड विकास अधिकारी अभिमन्यु सेठ, बीएसए अर्चना गुप्ता, खंड शिक्षा अधिकारी अलका अग्रवाल, प्र0 जिला समन्वयक संजय कुमार यादव आदि मौजूद रहे।



गाजियाबाद शहर में प्रकाश व्यवस्था का निरीक्षण करते नगरआयुक्त।

### प्रकाश व्यवस्था जांचने पहुंचे नगर आयुक्त

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने बुधवार को शहर की प्रकाश व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान प्रकाश विभाग द्वारा शहर में लगाई गई हाई मास्क का निरीक्षण किया तथा शहर की फ्लाईओवर के नीचे उपस्थित होकर प्रकाश की व्यवस्था को जाना। शहर के ऐसे स्थान जहां पर अंधेरे की शिकायतें प्राप्त हो रही थी वहां पर टीम सहित पहुंचकर लाइटों की स्थिति को देखा गया तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। वरिष्ठ प्रभारी प्रकाश अपर नगर आयुक्त शिवपूजन यादव को शहर के बाहरी मार्गों की भांति ही वार्ड में आंतरिक गलियों की प्रकाश व्यवस्था को भी व्यवस्थित करने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही वार्ड की आंतरिक गलियों में निरीक्षण करने के लिए भी कहा गया ताकि शहर वासियों के लिए सुविधा बनी रहे। अपर नगर आयुक्त शिवपूजन यादव ने बताया कि लाइटों की मरम्मत तथा आवश्यकतानुसार नई लाइट को वार्ड के अंदर भी लगाया जा रहा है।

### छात्रों ने एड्स के प्रति किया जागरूक

**गाजियाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय एड्स दिवस के उपलक्ष्य में दिल्ली पब्लिक स्कूल इंदिरापुरम में एड्स जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। यहां छात्रों ने एड्स से जुड़ी कई महत्पवूर्ण बातों जैसे इसके विभिन्न चरण और इसे जुड़े मिथक पर विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम की शुरुआत एक सूचनात्मक वीडियो के माध्यम से हुई और एड्स के खिलाफ सामुहिक प्रयास को प्रदर्शित करने वाले इसके प्रतीक लाल रिबन को सभी की ड्रेस के साथ पिन किया गया।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष

दिन सामान्य रहेगा। व्यापार में लाभ मिलेगा। आय में वृद्धि के योग रहेंगे। रुका हुआ धन भी मिल सकता है। नए कार्यों में शीघ्रता से बचें। अनावश्यक खर्च बढ़ने की संभावना रहेगी। कारोबार और परिवार में सामंजस्य स्थापित होगा। मनोरंजन पर जरूरत से ज्यादा खर्च करने से बचें। पारिवारिक जीवन में सुख-संतोष की भावना अनुभव करेंगे। सेहत का ध्यान रखना होगा।

(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

**भाग्यांक:** 1
**विशेष:** देव गुरु बृहस्पति की उपासना करें।

### वृष

